भाद्रपद शुक्ल पक्ष अष्टमी 11:46 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 11 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 205, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं : शाह 14

रश्मिका ने हाल ही में हुई दुर्घटना का किया खुलासा 13

## रुद्रपुर में पकड़ा संदिग्ध खालिस्तानी मिला वीडियो, खुफिया तंत्र सक्रिय

संवाददाता, रुद्रपुर

- सिनेमा हॉल में फिल्म 'इमरजेंसी' के फाड़े थे पोस्टर ठंडाई बेचता है आरोपी

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस द्वारा एक संदिग्ध खालिस्तानी को हिरासत में लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि युवक ने काशीपुर रोड पर स्थित सिनेमा हॉल में लगी इमरजेंसी फिल्म का पोस्टर फाड़कर वीडियो वायरल कर दी थी और युवाओं को भड़काने की कोशिश कर रहा था। युवक को हिरासत में लेने की सूचना मिलते ही खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गईं और उससे पूछताछ में जुट गई हैं।

दो सितंबर को काशीपुर सिनेमा हॉल में इमरजेंसी मूवी लगी थी। इसका पोस्टर फाड़कर एक युवक सोशल मीडिया में डालकर युवाओं को खालिस्तान का समर्थन करने के लिए प्रेरित कर रहा था। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की एक टीम युवक की तलाश में जुट गई। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने बहेड़ी (बरेली) निवासी एक बाइक सवार युवक को दबोच लिया। उसकी बाइक पर खालिस्तानी शब्द लिखा हुआ था। जब पुलिस ने आरोपी युवक का मोबाइल फोन देखा, तो कई वीडियो मौजूद थे। इसकी सूचना मिलते ही एलआईयू, आईबी सहित खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया।

वहीं एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर ने युवक की काउंसिलिंग कर जानकारी जुटाने की कोशिश शुरू कर दी। उधर, सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि पोस्टर फाड़ने के मामले में युवक को पुलिस तलाश कर रही थी। फिलहाल अभी युवक से पूछताछ जारी है। पूछताछ के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सितारगंज हाईवे और रिंग रोड में हुआ 21.52 करोड़ का घोटाला, जिलाधिकारी को सौंपी गई जांच रिपोर्ट

## दो पीसीएस अधिकारी, तत्कालीन एक्सईएन समेत 13 दोषी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे और रिंग रोड के लिए हुए भूमि अधिग्रहण में 21.53 करोड़ का घोटाला सामने आया है। जिलाधिकारी की ओर से बनाई गई कमेटी की प्रारंभिक जांच में दोनों परियोजनाओं में इस घोटाले के लिए कुल 13 अधिकारियों को दोषी पाया गया है। इनमें तत्कालीन और मौजूदा विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी (पीसीएस रैंक) के साथ पीडब्ल्यूडी से 31 अगस्त को ही सेवानिवृत्त हुए अधिशासी अभियंता शामिल हैं।

सीडीओ जग प्रवेश की अध्यक्षता में बनी कमेटी जांच रिपोर्ट के मुताबिक दोनों परियोजनाओं में कुल 21 करोड़ 52 लाख 91 हजार 983 रुपये का घोटाला हुआ है। इसमें 14 करोड़ 42 लाख 73 हजार 131 रुपये की राजस्व क्षति भू उपयोग बदलने से होनी बताई गई है, जबकि 7 करोड़ 10 लाख 18 हजार 852 रुपये का नुकसान जमीन और स्ट्रक्चर का ज्यादा मूल्यांकन कर मुआवजा बांटने से हुआ है। दोनों परियोजनाओं की जांच दस दिन पहले शुरू हुई थी। जांच कमेटी ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी से भूमि अधिग्रहण से संबंधित तीन हजार पन्नों का रिकॉर्ड लेकर जांच शुरू की थी।

### अलग-अलग परियोजनाओं में कितना घोटाला

सितारगंज हाईवे परियोजना में सदर और नवाबगंज तहसील क्षेत्र में जान-बूझकर भू-उपयोग बदलने जाने से 11 करोड़ 13 लाख 60 हजार 466 रुपये की राजस्व क्षति हुई। इसके अलावा जमीन और परिसंपत्ति का गलत मूल्यांकन कर 1 करोड़ 68 लाख 87 हजार 384 रुपये ज्यादा का मुआवजा बांटा गया। पश्चिमी बाईपास रिंग रोड परियोजना में 8 करोड़ 70 लाख 44 हजार 133 रुपये का कुल गोलमाल हुआ। इसमें जमीन और परिसंपत्ति का गलत मूल्यांकन कर 5 करोड़ 41 लाख 31 हजार 468 रुपये अधिक का मुआवजा तय किया गया, साथ ही जान-बूझकर भू-उपयोग बदलने से 3 करोड़ 29 लाख 12 हजार 665 रुपये की राजस्व क्षति हुई। हालांकि, रिंग रोड परियोजना में तय किया मुआवजा अभी बांटा नहीं गया है।

### एनएचएआई से लेकर राजस्व विभाग तक थी साठगांठ

जांच रिपोर्ट के अनुसार एनएचएआई की नोडल एजेंसी एसए इन्फ्रास्ट्रक्चर कंसलटेंसी लिमिटेड, सांई सिस्ट्रा ग्रुप, इंजीनियर रविंद्र गंगवार (वैल्यूअर) और एनएचएआई के साइट इंजीनियर गलत मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार करने के दोषी पाए गए। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए अधिशासी अभियंता नारायण सिंह, सहायक अभियंता स्नेहलता श्रीवास्तव, अवर अभियंता राकेश कुमार, अंकित सक्सेना और अमीन शिव शंकर को गलत सत्यापन करने के लिए दोषी माना गया। नवाबगंज तहसील के तत्कालीन लेखपाल सुरेश सक्सेना, सदर तहसील के लेखपाल उमाशंकर, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के तत्कालीन अमीन डंबर सिंह और पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के तत्कालीन जेई सुरेंद्र सिंह को भी घोटाले का जिम्मेदार बताया गया है।

### एक नजर

#### माकपा महासचिव येचुरी की हालत गंभीर



**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी की हालत गंभीर है और उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कृत्रिम श्वसन प्रणाली पर रखा गया है। उनकी पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 72 वर्षीय येचुरी का एम्स के आईसीयू में तीव्र श्वसन नली संक्रमण का उपचार किया जा रहा है। पार्टी ने कहा कि चिकित्सकों की एक टीम येचुरी के स्वास्थ्य पर बारीकी से नजर रख रही है और येचुरी की हालत इस समय गंभीर है। येचुरी को निमोनिया जैसे सीने के संक्रमण के उपचार के लिए 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था।

#### छह अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों में सरकार का पक्ष रखने के लिए छह वरिष्ठ अधिवक्ताओं को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) नियुक्त किया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता एस द्वारकानाथ, अर्चना पाठक दवे, सत्यदर्शी संजय, बृजेंद्र चाहर, राघवेंद्र पी शंकर और राजकुमार भास्कर ठाकरे को तीन साल की अवधि के लिए नये अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया है।

## गौरीकुंड में भूस्खलन से पांच श्रद्धालुओं की मौत, तीन घायल

### सोमवार देर शाम हुआ था भूस्खलन, चार शव आज निकाले गए

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** रुद्रप्रयाग जिले में केदारघाटी में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। गौरीकुंड क्षेत्र में सोमवार देर शाम भूस्खलन हुआ था, जिससे कई तीर्थयात्री इसकी चपेट में आ गए। मंगलवार को सुबह से ही रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने में जुटी रहीं।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर सोनप्रयाग से एक किमी दूर गौरीकुंड के पास सोमवार देर शाम एकाएक भूस्खलन हो गया। इसमें केदारनाथ से लौट रहे आठ पैदल यात्री भूस्खलन जोन में पहाड़ी से गिर रहे पत्थर व मलबे में फंस गए। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमों ने राहत एवं बचाव अभियान तभी शुरू कर दिया था। देर रात्रि को मौके से तीन लोगों को घायलावस्था में मलबे के बीच से निकाला गया। इसमें एक व्यक्ति अचेत था, जिसे बाद में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रात में मौसम खराब होने और लगातार मलबा-पत्थर गिरने से रेस्क्यू टीमों को खासी दिक्कतों से जूझना पड़ा।





‹‹ रुद्रप्रयाग जिले में केदारघाटी में हुए भूस्खलन के बाद रेस्क्यू में जुटी टीम।

मंगलवार सुबह मौसम अनुकूल होने और मलबा व पत्थर गिरने बंद होने पर रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने में जुट गईं। इस दौरान टीमों को दो महिला व एक पुरुष अचेत अवस्था में मिले। इन्हें डॉक्टरों को दिखाया गया लेकिन उन्होंने तीनों को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद टीमों को एक और महिला अचेत अवस्था में मिली। जांच के दौरान वह भी मृत पाई गई। मलबे की चपेट में आने से तीन लोग घायल भी हुए हैं। तीन मृतक मध्यप्रदेश में धार जिले के गोपाल पुत्र भक्तराम (50) व समनबाई पत्नी शालक राम (50), घाट जिले के दुर्गाबाई खापर पत्नी संघन लाल (50) हैं। इसके अलावा नेपाल के वैदेही (धनवा) तितली देवी पत्नी राजेंद्र मंडल (70) व गुजरात के खटोदरा सूरत निवासी भारत भाई निरालाल पुत्र निरालाल पटेल (52) शामिल हैं। जबकि जीवच तिवारी पुत्र रामचरित (60) निवासी धनवा नेपाल, मनप्रीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह (30) निवासी वेस्ट बंगाल व छगनलाल पुत्र भक्त राम (45) निवासी राजोत (धार) मध्य प्रदेश घायल हो गए।

### केदारनाथ पैदल यात्रा पर आवाजाही पर रोक

**देहरादून :** रुद्रप्रयाग प्रशासन ने केदारनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए शाम 5 बजे से सोनप्रयाग से गौरीकुंड के लिए आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने घटना के कारणों की समीक्षा की। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए 5 पांच बजे के बाद सोनप्रयाग से गौरीकुंड और गौरीकुंड से सोनप्रयाग के लिए आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है। एसपी ने गौरीकुंड में सीसीटीवी फुटेज भी देखी। यात्रियों की आवाजाही के समय को लेकर भी गहन पड़ताल की। मालूम हो कि अभी तक सोनप्रयाग से गौरीकुंड और गौरीकुंड से सोनप्रयाग के लिए शाम 6 बजे तक यात्रियों की आवाजाही हो रही थी। कई बार यात्रियों को इस पैदल मार्ग में काफी समय लग रहा है जिससे रास्ते में ही अंधेरा हो जा रहा है।

## मणिपुर: राजभवन कूच कर रहे छात्रों और सुरक्षा बलों की भिड़ंत

### झड़प में 40 घायल, सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे, इंटरनेट बंद

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी रहा। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और राज्य के सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने की मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए मंगलवार को राजभवन की ओर कूच करने के प्रयास के दौरान सुरक्षा बलों के साथ झड़प में 40 से अधिक छात्र घायल हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि हजारों छात्रों और महिला प्रदर्शनकारियों ने यहां बीटी रोड पर राजभवन की ओर मार्च करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें कांग्रेस भवन के पास रोक दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर और गुलेल से कंचे फेंके, जिसके चलते पुलिसकर्मियों को उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े।

अधिकारी ने कहा कि झड़पों में 40 से अधिक छात्र घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच मणिपुर सरकार ने छात्रों के उग्र आंदोलन के बीच मंगलवार को पूरे राज्य में इंटरनेट सेवाओं को पांच दिन के लिए निलंबित कर दिया।



राजभवन कूच कर रहे छात्रों को रोकने की कोशिश करते सुरक्षाकर्मी। ● एजेंसी

### ड्रोन हमले के बाद अत्याधुनिक रॉकेट के अवशेष मिले

इंफाल। ड्रोन और हाईटेक मिसाइल हमलों के बाद अत्याधुनिक रॉकेट के अवशेष बरामद किए गए हैं। मणिपुर पुलिस ने असम राइफल्स के सेवानिवृत्त महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर के इस दावे को खारिज कर दिया कि हमलों में किसी ड्रोन या रॉकेट का इस्तेमाल नहीं किया गया। पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) के. जयंत सिंह ने कहा कि ड्रोन और हाई-टेक मिसाइल हमलों के सबूत हैं। ड्रोन बरामद किए गए हैं। नागरिक क्षेत्रों पर दागे गए अत्याधुनिक रॉकेटों के अवशेष बरामद किए गए हैं।

### सीआरपीएफ के दो हजार और जवान मणिपुर भेजे

**नई दिल्ली।** केंद्र ने जातीय संघर्ष से प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा ड्यूटी के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो नई बटालियन की तैनाती का निर्देश दिया है, जिनमें करीब 2,000 जवान होंगे। सूत्रों ने बताया कि बटालियन संख्या-58 को वारंगल (तेलंगाना) से, जबकि बटालियन संख्या-112 को लातेहार (झारखंड) से भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक बटालियन को मणिपुर के कांगवई (चुराचांदपुर), जबकि दूसरी बटालियन को इंफाल के आसपास तैनात किया जाएगा।

## अजमेर में ट्रेन बेपटरी करने की साजिश

जयपुर, एजेंसी

- ट्रैक पर दो जगह रखे 70 किलो वजनी ब्लॉक, हादसा टला

कानपुर के बाद अब राजस्थान के अजमेर जिले में ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश सामने आई है। सराधना और बांगड़ ग्राम रेलवे स्टेशन के बीच दो जगहों पर असामाजिक तत्वों ने सीमेंट के 70 किलो वजनी ब्लॉक रख दिए। गनीमत रही कि ट्रेन इन्हें तोड़ते हुए आगे निकल गई और कोई हादसा नहीं हुआ।



उत्तर पश्चिम रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि कुछ बदमाशों ने रविवार को वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में पटरी पर सीमेंट के दो ब्लॉक रख दिए, जिन्हें एक मालगाड़ी ने टक्कर मार दी, लेकिन कुछ अप्रिय नहीं हुआ। फ्रेट कॉरिडोर के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। कॉरिडोर कंपनी डीएफसीसी के उप महाप्रबंधक (सुरक्षा) चित्रेश जोशी ने कहा कि घटना रविवार रात को हुई, जब ट्रेन सीमेंट के ब्लॉक से टकरा गई। ट्रेन के गार्ड ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी, जिसके बाद आरपीएफ के साथ अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची और उसे वहां सीमेंट के वजनी ब्लॉक मिले।

उन्होंने कहा कि इस घटना से रेलगाड़ियों की आवाजाही में कोई बाधा नहीं आई। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी कॉरिडोर में इस तरह की यह पहली घटना है। यह घटना कानपुर में भिवानी-प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश के एक दिन बाद हुई है। कुछ दिन पहले राजस्थान के पाली जिले में भी अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत एक्सप्रेस को पटरी से उतारने की कोशिश की गई थी।

## जुलाना में विनेश को टक्कर देंगे भाजपा के योगेश बैरागी

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

### हरियाणा विस चुनाव



- भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की दो मंत्रियों के टिकट काटे

भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 21 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी, जिसमें दो मंत्रियों के टिकट काट दिए गए हैं। जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट से मुकाबले के लिए पार्टी ने युवा नेता कैप्टन योगेश बैरागी पर दांव खेला है।

भाजपा ने 4 सितंबर को जारी अपनी पहली सूची में कमलजीत सिंह अजराना को पिहोवा सीट से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन दूसरी सूची में उनकी जगह जय भगवान शर्मा को टिकट दिया गया है। पार्टी ने पिहोवा के मौजूदा विधायक और पूर्व मंत्री संदीप सिंह का टिकट काट दिया था। भाजपा ने मंत्री बनवारी लाल का भी टिकट काट दिया है। उनकी जगह कृष्ण कुमार को मैदान में उतारा गया है। बढ़कल की मौजूदा विधायक और स्कूल शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है।

## देहरादून में पकड़े दो रिश्वतखोर इंजीनियर

ब्यूरो, देहरादून

- एक को सीबीआई ने पकड़ा दूसरे को विजिलेंस ने

**अमृत विचार :** सीबीआई ने देहरादून स्थित एलआईसी कार्यालय में छापा मारकर असिस्टेंट एक्जीक्यूटिव इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पेंडिंग बिलों का भुगतान करने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी। वहीं, विजिलेंस टीम ने मंगलवार शाम हरबर्टपुर बिजली घर पर छापा मारकर जूनियर इंजीनियर को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने एलआईसी देहरादून में तैनात असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) भगवती प्रसाद के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। शिकायत में कहा गया था कि असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने शिकायतकर्ता से उसके पेंडिंग बिलों के भुगतान और पहले से भुगतान किए गए बिलों के कमीशन के तौर पर 57,000 रुपए की रिश्वत मांगी। पीड़ित के बार-बार अनुरोध करने पर 40,000 रुपये देना तय हुआ। मंगलवार को निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक शिकायतकर्ता तय रकम में से पहली किश्त के रूप में 15 हजार रुपये असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) को देने कार्यालय आया था। शिकायतकर्ता ने जैसे ही उक्त धनराशि दी तभी सीबीआई की टीम ने इंजीनियर भगवती प्रसाद को दबोच लिया। टीम ने उसके घर की भी तलाशी ली। आरोपी को बुधवार को सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया जाएगा।

इधर, विजिलेंस टीम ने मंगलवार शाम को हरबर्टपुर बिजली घर में छापा मारकर जूनियर इंजीनियर परवेज आलम को 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार जेई द्वारा बिजली का कनेक्शन लगाने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत विजिलेंस में कर दी। जिसके बाद रिश्वतखोर जेई को पकड़ लिया गया।

## बैकडोर भर्ती पर सरकार तीन हफ्ते में दे जवाब

ब्यूरो, देहरादून

- वर्ष 2000 से अब तक विस सचिवालय में अवैध तरीके से की गई हैं सभी नियुक्तियां

**अमृत विचार :** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने विधानसभा सचिवालय में हुई अवैध नियक्तियों के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खण्डपीठ ने राज्य सरकार व विधानसभा सचिवालय को और तीन सप्ताह का अतरिक्त समय देते हुए जवाब पेश करने को कहा है।

आज हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि 2000 से अब तक विधानसभा सचिवालय में सभी अवैध तरीके से नियुक्तियां की गई हैं। हमारे पास जो भी साक्ष्य थे कोर्ट में प्रस्तुत कर दिए, लेकिन अभी तक राज्य सरकार सहित सचिवालय ने इसका जवाब नहीं दिया। जिसपर कोर्ट ने दोनों से तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

मामले के अनुसार देहरादून निवासी अभिनव थापर ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। उनके द्वारा जनहित याचिका में विधानसभा सचिवालय में हुई बैकडोर भर्ती, भ्रष्टाचार व अनियमितताओं को चुनौती दी गई है। उनके द्वारा जनहित याचिका में कहा है कि विधानसभा ने एक जांच समिति बनाकर 2016 के बाद की विधानसभा सचिवालय में हुई भर्तियों को निरस्त कर दिया है। जबकि उससे पहले की नियुक्तियों को नहीं। सचिवालय में यह घोटाला 2000 में राज्य बनने से अब तक होता रहा है। जिसपर सरकार ने अनदेखी कर रखी है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि विधानसभा भर्ती में भ्रष्टाचार से नौकरियों को लगाने वाले ताकतवर लोगों के खिलाफ उच्च न्यायलय के सिटिंग जज की निगरानी में जांच कराई जाए। सरकार ने 6 फरवरी 2003 का शासनादेश जिसमें तदर्थ नियुक्ति पर रोक, अनुच्छेद 14, 16 व 187 का उल्लंघन है। जिसमें हर नागरिक को सरकारी नौकरियों में समान अधिकार व नियमानुसार भर्ती होने का प्रावधान है और उत्तराखंड 2011 नियमावलियों का उल्लंघन किया है।

### दुर्लभ संयोग
पृथ्वी से देखा जा सकेगा इस घटना को, खगोलविदों को बेसब्री से इंतजार

## ब्रह्मांड में होने जा रही तारों के बीच टकराने की बड़ी घटना

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार:** दूर आसमान में एक बड़ी खगोलीय घटना होने की संभावना खगोलविदों ने जताई है। यह घटना दो तारों के आपस में टकराने से होगी। इस दुर्लभ घटना को पृथ्वी से देखा जा सकेगा। लाल दानव तारा और सफेद बौने तारे के बीच यह खगोलीय घटना होगी।

वैज्ञानिकों के अनुसार ये घटना टी कोरोना बोरेलिस तारे के साथ होने जा रही है, जिसे आमतौर पर ब्लेज स्टार के रूप में जाना जाता है। 80 वर्षों के अंतराल में पहली बार इसके विस्फोटित होने की आशंका बनी हुई है। यह घटना कोरोना बोरेलिस के तारामंडल में होगी। इस तारामंडल को उत्तरी क्राउन भी कहा जाता है। वर्जीनिया विश्वविद्यालय के खगोल विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एड मर्फी ने यह खोज की है। इस खोज में दो तारे एक-दूसरे की परिक्रमा करते हुए मिले हैं, जिसमें एक सफेद बौना तारा है और दूसरा एक लाल विशाल तारा है।



लाल तारा इतना बड़ा हो चुका है कि इसकी बाहरी परतें सफेद बौने के बेहद करीब आ पहुंची हैं और सफेद बौने की ओर खिंची जा रही हैं। इस तरह की घटना पहली बार 1866 में देखी गई थी। मगर अब होने जा रही नोवा होगी या फिर कुछ और, इसका पता घटना के होने के बाद ही लग सकेगा। यह तारामंडल हमसे 25 सौ प्रकाश वर्ष दूर है। इनके आपस में विलय की घटना दुर्लभ होगी।

इस घटना से तारों के जीवन के बारे में बहुत कुछ जानकारी हासिल की जा सकेगी। वैज्ञानिकों के अनुसार ये दोनों तारे एक साथ पैदा हुए थे और उन्होंने अपना जीवन एक साथ बिताया। अब उसका साथी तारा मर रहा है, जो फूल गया है और एक दिन सफेद बौना भी बन जाएगा। वर्जीनिया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है।

### तारों का आपस में टकराना ब्रह्मांड में आम बात

**नैनीताल :** तारों का आपस में टकराना ब्रह्मांड की आम घटना है, मगर ऐसी घटनाओं में करोड़ों वर्ष का समय लग जाता है। ब्रह्मांड अनगिनत तारों से पटा पड़ा है। अंतरिक्ष में जुड़वा तारों की संख्या भी कम नहीं है। तारों के अलावा अन्य की बात की जाए तो निहारिकाओं का टकराव होता रहता है। वहीं, ग्रहों व अन्य पिंडों के आपस में टकराने का सिलसिला चला आ रहा है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा।



चोरगलिया के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार



रामनगर में पंत जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देती स्कूली छात्राएं। ● अमृत विचार

# पंडित पंत का जीवन सामाजिक उत्थान की मिसाल

## 137वीं जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 137वीं जयंती नैनीताल में हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण बतौर मुख्य अतिथि शामिल रहीं। उनहोंने पंत पार्क स्थित पंडित पंत की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस दौरान रितु खंडूरी ने कहा कि पंडित पंत दूरदर्शी नेता थे। उनके किए गए कार्यों को आज देश याद कर रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पंडित पंत का जीवन देश की स्वतंत्रता की लड़ाई और सामाजिक उत्थान की मिसाल है। उन्होंने अपने संघर्ष और नेतृत्व के माध्यम से न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश को एक नई दिशा प्रदान की। उनके कार्यों और सिद्धांतों ने न केवल उस समय की राजनीति को आकार दिया, बल्कि आज भी वह सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को विधानसभा अध्यक्ष ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान विधायक सरिता आर्या, दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, मुख्य संयोजक पूरन सिंह मेहरा, संयोजक गोपाल रावत, कोऑर्डिनेटर ललित भट्ट, स्टेट कोऑर्डिनेटर राजेश कुमार, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत, पूर्व विधायक नारायण सिंह जंतवाल, किशन सिंह रौतेला, जोगिंदर सिंह, रमेश पांडे, शांति मेहरा, हेमा आर्या, दया बिष्ट, महेंद्र नेगी, हेमंत बिष्ट, तारा राणा, जय किशन पोखरिया, डॉ. रमेश पांडे, डॉ. महेंद्र पाल, ईशा साह, मंजू रौतेला, सरस्वती खेतवाल, कविता गंगोला, मुन्नी तिवारी, जीवंती भट्ट, प्रेमा अधिकारी आदि मौजूद रहे।



बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ विधानसभा अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### लोगों और पर्यटकों को पिलाया दूध

कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी पूरन मेहरा ने पंत पार्क क्षेत्र में नशा छोड़ो दूध पिओ अभियान चलाया। जिसके तहत उन्होंने करीब 200 लीटर दूध स्थानीय लोगों के साथ-साथ नैनीताल घूमने आये पर्यटकों को पिलाया। साथ ही सभी से नशा छोड़कर दूध पीने का आह्वान किया।

### ये हुए सम्मानित

उत्कृष्ट कार्यों के लिए पान सिंह सिजवाली, पत्रकार किशोर जोशी, समाजसेवी सरस्वती खेतवाल, आनंद बिष्ट, दीवान सिंह एवं बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रियांशु कुमार, प्रिया आर्य, नमन कोटिया, प्रियंका बिष्ट, रिया रावत, एकता, बिना मेहरा, दिव्यांशु मेहरा, संकल्प ध्यान, भूमिका बिष्ट, दीपिका को सम्मानित किया।

### पंडित पंत ने देश के लिए कई असाधारण कार्य किये

**चोरगलिया :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवपुर सनवाल चोरगलिया में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गजराज बिष्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य तनुजा जोशी व पूर्व प्रधान नेत्र सिंह बिष्ट एवं बहादुर सिंह कार्की ने पंडित पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। गजराज बिष्ट ने कहा कि गोविंद बल्लभ पंत ने देश के लिए कई असाधारण कार्य किये। उन्होंने विभिन्न पदों में रहकर देश सेवा की। तनुजा जोशी ने पंडित पंत की जीवनी पर प्रकाश डाला और शिक्षाप्रद गीत के साथ बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यालय की समस्याओं के बारे में गजराज बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। संचालन पूर्व सचिव पान सिंह मेवाड़ी ने किया। इस दौरान प्रेम सिंह बिष्ट, बहादुर सिंह कार्की, नेत्र सिंह, प्रकाश बेलवाल, आनंद शर्मा, कैलाश राज, आशु बुघानी, मंजूलता, गीता जोशी, रेखा आर्या, अमिता जोशी, ममता तिवारी, पूर्णिमा कांडपाल, ललिता गौतम मौजूद रहे।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए मनमोहक कार्यक्रम

**राममगर :** पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती समारोह का शुभारंभ ऑडिटोरियम सभागार में व्यवसायी कमल त्रिपाठी ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने कुमाऊनी, गढ़वाली लोकगीत व लोकनृत्य से दशकों की खूब वाहवाही बटोरी। वक्ताओं ने कहा कि पंडित पंत का स्वतंत्रता संग्राम में बड़ा योगदान रहा है। उन्हें पहाड़ से लगाव था। कहा कि बाजपुर और रामनगर का मालधन गोविंद बल्लभ पंत की ही देन है। जब भी उत्तराखण्ड के विकास पुरषों का नाम लिया जाएगा तब तब उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। संयोजक देवी दत्त दानी ने संचालन करते हुए कहा कि पंडित पंत के जीवन संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान से भावी पीढ़ी को अवगत कराना होगा। इस दौरान सामान्य ज्ञान व चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम आये छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। छात्राओं ने पंडित गोविंद बल्लभ पन्त के जीवन पर अपने विचार रखे। यहां भावना भट्ट, गणेश, राकेश नैनवाल, ममता गोस्वामी, मनमोहन बिष्ट, गणेश रावत आदि मौजूद रहे।

# कुशल और अनुशासित थे पं. गोविंद बल्लभ पंत

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नौकुचियाताल में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 137वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। रामपाल गंगोला की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पंडित पंत एक महान देशभक्त, समाजसेवी, कुशल व अनुशासित व्यक्ति थे। उनके विचारों का अनुश्रवण करने की जरूरत है।

राइंका के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इसके बाद पूर्व सैनिकों, मातृ शक्ति, अच्छी प्रतिभा वाले नौनिहाल बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर कार्तिक कर्नाटक, राकेश बृजवासी, अनिल चनौतिया, प्रधान हेमा आर्य, राधा कुल्याल, लता पलड़िया, पूरन भट्ट, कमल गोस्वामी, ललित मेहरा, नवीन क्वीरा, धर्मेंद्र शर्मा, लक्ष्मी दत्त, कृष्णा, नीरज, बिशन पोखरिया, राम स्वरूप कोहली, महेश्वर अधिकारी मौजूद रहे।

इधर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन में भी पंत जयंती पर रंगारंग कार्यक्रम हुए। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह बसेड़ा ने पंडित पंत के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर शिक्षिका मिथिलेश, प्रियंका, कमल कुमार, रघुबर सिंह चुलगाई मौजूद रहे। वहीं पूर्णानंद तिवारी राजकीय इंटर कॉलेज चाफी में आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी भीमताल, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज चाफी, संयोजक गौरव चौनाल आदि रहे। काठगोदाम विवेकानंद विद्या मंदिर में ग्राम प्रधान रानीबाग कलावती थापा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां मुख्य अतिथि तहसीलदार हल्द्वानी सचिन कुमार रहे।

इस दौरान हरीश चंद पांडे, गोविंद चंद तिवारी, केडी कांडपाल, मोहन चंद जोशी, महेश भंडारी, प्रधानाचार्य दमयंती कपिल आदि मौजूद रहे।



नौकुचियाताल में पंडित पंत को श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

# सफलता के लिए मेहनत और समर्पण जरूरी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने यहां डीएसबी परिसर में छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया और छात्र-छात्राओं को सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए ईमानदारी के साथ कठोर परिश्रम करें। उन्होंने छात्रों को अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रितु खंडूरी ने छात्र-छात्राओं के सवालों का जवाब उनकी जिज्ञासा को शांत किया।

इससे पूर्व कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत व कुलसचिव प्रो. अतुल जोशी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। इसके उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रितु खंडूरी व विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए ऋतु खंडूरी ने कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय से कई बड़े अधिकारी और राजनेता निकले हैं। जो विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। आपको याद रखना चाहिए कि सफल जीवन की कुंजी केवल किताबी ज्ञान में नहीं, बल्कि आपके दृष्टिकोण, आत्म-विश्वास और नैतिक मूल्यों में भी निहित है। उन्होंने कहा कि आपके सपने जितने बड़े होंगे, आपके प्रयास भी उतने ही महत्वपूर्ण होंगे। ऋतु खंडूरी ने कहा कि युवा समाज की चुनौतियों को स्वीकार करें। जीवन में सफलता के लिए अपने सपनों का पीछा करें और कभी हार न मानें। आपकी कड़ी मेहनत, समर्पण, और ईमानदारी न केवल आपको, बल्कि हमारे देश को भी एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी।

संचालन निदेशक मानद प्राध्यापक निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने किया। इस दौरान प्रो. नीति बोरा, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. संजय पन्त, प्रो. पदम सिंह बिष्ट, प्रो. चित्रा पाण्डे, प्रो. एमएस मावरी, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. आशीष तिवारी, प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. गीता तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।



डीएसबी परिसर में विधानसभा अध्यक्ष खंडूरी का स्वागत करते कुलपति व विधायक।

## पंत के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

**लालकुआं :** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 137वीं जयंती पर नगर पंचायत लालकुआं व बिन्दुखत्ता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह बिष्ट ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर पंत के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में संयोजक संजीव शर्मा, सह संयोजक बॉबी संभल, ईओ राहुल कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष व्यापार मंडल दीवान सिंह बिष्ट, निवर्तमान चेयरमैन लालचंद्र सिंह, कैलाश चंद्र पंत, पूरन सिंह रजवार, सुरेंद्र लोटनी सहित तमाम विद्यालयों के बच्चे मौजूद रहे। इधर बिंदुखत्ता के चाइल्ड सैक्रेड सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में गोविंद बल्लभ पंत पर आधारित निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रगतिशील किसान समिति के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उमेश भट्ट, तारा जोशी, उमेश भट्ट, कुंदन चुफाल, भुवन भट्ट, भरत नेगी, बसंत पांडे व विद्यालय प्रधानाचार्य, अध्यापक व अध्यापिकाएं रहे।



लालकुआं में पंडित जीबी पंत पंत को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

## कालाढूंगी-कोटाबाग में धूमधाम से मनाई जयंती

**कालाढूंगी :** भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी की 137 वीं जयंती यहां श्रद्धापूर्व मनाई गई। गोस्वामी सरस्वती शिशु मंदिर में छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि महेश तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष घनश्याम बोरा व कार्यक्रम संयोजक तारा पांडे ने गोविन्द बल्लभ पंत की जीवनी पर प्रकाश डाला। यहां दीवान बिष्ट, गोपाल बुढलाकोटी, महेन्द्र दिगारी, भैरव दत्त सत्यवली प्रधानाचार्य, अनीता, दीपा कुमारी, भावना, गीता आदि रहे। वहीं कोटाबाग में गोविन्द बल्लभ पंत आयोजन समिति कोटाबाग के संयोजक विनोद बधानी व चंदन कपकोटी द्वारा विकासखंड सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां छात्रों ने शानदार कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व कैप्टन तारा सिंह अधिकारी, सुरेश बिनवाल, मोहन चंद कबडाल, खंड विकास अधिकारी उर्मिला आदि ने पंत जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया।



पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर कालाढूंगी में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार




## महरागांव में हवन व भंडारे के साथ रामकथा का समापन

**भीमताल, अमृत विचार :** महरागांव स्थित आदि शक्ति नव दुर्गा मंदिर में नौ दिवसीय रामकथा का मंगलवार को हवन भंडारे का बाद समापन हो गया। मंगलवार को कथावाचक बाल व्यास कपिल देव ने श्रोताओं को आखिरी दिन की कथा सुनाई। प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। दोपहर बाद हवन कन्या पूजन व भंडारे के साथ राम कथा समाप्त हुई। व्यास कपिल महाराज ने श्री राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। दयालु महाराज, अटल महाराज ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देकर जीवन में सत्य के रास्ते पर चलकर आगे बढ़ने को कहा। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## ककोड़ ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय आधार कार्ड शिविर का आयोजन

**भीमताल, अमृतविचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर ओखलकांडा के ककोड़ ग्राम पंचायत में तीन दिवसीय आधार शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में नए आधार कार्ड बनाने, अपडेट करने, त्रुटि सुधार कराने का कार्य हुआ। बुजुर्गों व महिलाएं ने शिविर में पहुंचकर सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविर में यूआईडीएआई के विशेषज्ञों की उपस्थिति में आधार संबंधी बायोमेट्रिक मिस मैचिंग, मल्टीपल रिजेक्शन प्रकरणों के निराकरण के साथ ही बुजुर्गों के नये आधार कार्ड बनाए गए। शिविर स्थल में आधार कार्ड के साथ ही आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए।

## सौ मीटर लंबी सुरक्षा दीवार ध्वस्त की

**भीमताल, अमृत विचार :** झील विकास प्राधिकरण नैनीताल ने पांडेगांव क्षेत्र 100 मीटर लंबी सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर दिया। झील विकास प्राधिकरण के जूनियर इंजीनियर अंकित बोरा ने बताया कि पांडेगांव क्षेत्र में बिना अनुमति के प्लॉटिंग की जा रही है। बताया कि कई बार मौके पर जाकर दस्तावेजों की जांच करने का प्रयास किया गया लेकिन वहां मौजूद कर्मचारियों द्वारा अनुमति संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। पांडेगांव क्षेत्र में विभाग द्वारा की गई कार्यवाही चर्चा का विषय बनी रही। कार्रवाई के दौरान जेई अंकित बोरा, इरशाद शिद्दीकी, गोपाल बिष्ट, प्रेम सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीएड प्रशिक्षु इंटर्नशिप के लिए रवाना

**भीमताल, अमृत विचार:** एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान भीमताल के बीएड प्रशिक्षु एसओएस चिल्ड्रन विलेजेस ऑफ इंडिया, कोचिन केरल, राजपुरा पंजाब, बावना हरियाणा, जम्मू, वाराणसी उत्तर प्रदेश, भुज गुजरात में बीएड इंटर्नशिप के लिये रवाना हो गये हैं। जानकारी देते हुए संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने बताया कि शिक्षण संस्थान विभिन्न राज्यों में स्थापित एसओएस चिल्ड्रन विलेजेस ऑफ इंडिया में प्रति वर्ष बीएड प्रशिक्षुओं को इंटर्नशिप दे रहा है। इंटर्नशिप कार्यक्रम संस्थान की शिक्षा निर्देशिका डॉ. दबोरोती बोस के निर्देशन में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रवक्ता बीना नेगी चौधरी, राजेन्द्र सिंह खाती, गणेश चन्द्र, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. हेमा मेहरा, डॉ. विनीता राय, शालिनी भारती, रामकृष्ण आर्य, पूजा मौजूद रहे।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 8476843488



## आज का मौसम

आसमान में धूप के साथ बारिश होने की संभावना

33.8⁰ अधिकतम तापमान | 25.4⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.55 | सूर्यास्त 18.22

## एक नजर

### बेस और महिला अस्पताल में आज बंद रहेगी ओपीडी

**हल्द्वानी :** नंदा अष्टमी पर्व के चलते बुधवार (आज) को नगर के बेस अस्पताल और महिला अस्पताल में ओपीडी बंद रहेगी। हालांकि डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में दोपहर 12 बजे तक ओपीडी खुलेगी। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि बुधवार को अस्पताल में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी।

### तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने संभाला कार्यभार

**कालाढूंगी :** तहसीलदार मनीषा बिष्ट ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह लालकुआं से स्थानांतरित होकर आई हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता लंबित न्यायिक वादों का निस्तारण करना और तहसील के दूरस्थ गांवों व क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान करना है। हाल ही में शासन ने जिले में तैनात तीन नायब तहसीलदारों को प्रोन्नति देकर तहसीलदार बनाया था। इसके बाद डीएम वंदना सिंह ने उनको लालकुआं से स्थानांतरित कर कालाढूंगी का तहसीलदार बनाया है।

### संदिग्ध हालात में मौत

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में रहकर वाहन चलाने वाले पिथौरागढ़ के व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार पिथौरागढ़ के ग्राम बडालू मूनाकोट निवासी 55 वर्षीय रमेश चंद पुत्र प्रेम चंद कई सालों से रेलवे बाजार बनभूलपुरा में रहते थे और गौला नदी खुलने पर वाहन चलाते थे। सोमवार की रात को वह कमरे में बेहोशी की हालत में मिले। मकान मालिक ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा।

### एक और परिचालक बर्खास्त

**हल्द्वानी :** परिवहन निगम ने एक और परिचालक को बिना टिकट यात्री बैठाने पर बर्खास्त कर दिया है। साथ ही उसका अगस्त माह का वेतन भी रोक दिया है। बीते शनिवार की रात दिल्ली से हल्द्वानी आ रही बस में सचल टीम को जांच के दौरान 16 यात्री बिना टिकट मिले थे। मामले में कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बस के परिचालक को बर्खास्त कर दिया गया। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि परिचालक तीन माह पहले ही भर्ती हुआ था। जांच में मामला सही पाया गया। इधर, कुछ दिन पूर्व इसी मामले में एक और परिचालक को बर्खास्त किया गया था।

### 12.50 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा पुलिस ने गौला बाईपास रोड पर तड़के स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसआई अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। टीम ने गौला बाईपास रोड पर स्थित एक टीन शेड के पास सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। वह पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन पकड़ा गया। आरोपी ने अपना नाम जसमीत सिंह उर्फ वीरा (26 वर्ष) निवासी ग्राम बागजाला काठगोदाम बताया। उसके पास से 12.50 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट के निर्माण की बाधा दूर

## केंद्रीय जलवायु एवं पर्यावरण मंत्रालय ने दी अस्पताल परिसर में 44 पेड़ों को काटने की अनुमति, जल्द शुरू होगा कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के अधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान का अब जल्द ही उच्चीकरण किया जाएगा। यहां केंद्र सरकार की परियोजना के तहत स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट प्रस्तावित है। केंद्रीय जलवायु एवं पर्यावरण मंत्रालय ने उन 44 पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी है, जिस वजह से परियोजना का कार्य अटका हुआ था।

वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने हल्द्वानी में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की मंजूरी दी थी। इसका निर्माण दो चरणों में पूरा होना था। इसके लिए करीब 103 करोड़ रुपये की धनराशि भी मंजूर कर दी गई थी। निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 69 करोड़ रुपये जारी किये गये थे। पहले चरण के निर्माण में कोई दिक्कत नहीं हुई, लेकिन दूसरे चरण के निर्माण के लिए कैंसर अस्पताल परिसर में लगे 44 पेड़ों को काटना था। जिसके लिए वन विभाग ने अनुमति नहीं दी।



मेडिकल कॉलेज के अधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय, इसी परिसर में प्रस्तावित है स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट। ● अमृत विचार

**अच्छी खबर**

▸▸ **वर्ष 2019 में केंद्र सरकार ने दी थी कैंसर इंस्टीट्यूट को मंजूरी**

इस वजह से काम रुक गया और हल्द्वानी में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट बनने का सपना अटक गया।


करीब छह वर्ष तक अस्पताल प्रशासन पेड़ों को काटने की अनुमति के लिए चक्कर काटता रहा। एक बार तो जारी किए गए 69 करोड़ रुपये भी वापस होने की कगार पर आ गए। राहत की बात है कि केंद्रीय जलवायु एवं पर्यावरण मंत्रालय ने 44 पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी है। अब शीघ्र ही पेड़ों के कटान के बाद स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट का निर्माण शुरू हो जाएगा।

> अस्पताल में प्रतिदिन 40 से 50 मरीज पहुंचते हैं। मरीजों का आयुष्मान कार्ड से उपचार होता है। हल्द्वानी में स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट बनना गौरव की बात होगी। इसका लाभ केवल कुमाऊं ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्य के लोगों को भी मिलेगा।
> **- डॉ. केसी पांडे**, निदेशक स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट

### सरकारी संस्थान होते ही काम अटकने लगे

**हल्द्वानी :** कुमाऊं का सबसे बड़ा डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय और स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय वर्ष 2010 से पहले ट्रस्ट यानि वन विभाग के अधीन था। उस समय इन दोनों अस्पतालों में होने वाले विकास कार्यों के दौरान वन विभाग की ओर से किसी तरह का अड़ंगा नहीं लगाया जाता था। वर्ष 2010 में जब अस्पताल सरकार के अधीन हुआ और मेडिकल कॉलेज बनाया गया। उसके बाद से यहां वन विभाग की आपत्तियों के चलते कई काम अटके हुए हैं।

### परियोजना की लागत बढ़ने का अनुमान



स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट परियोजना के लिए पूर्व में 103 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। तब से अभी तक करीब पांच वर्ष का समय बीत गया है। अनुमान है कि अब परियोजना को शुरू करने के लिए ज्यादा रकम की जरूरत होगी। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि असली रुकावट दूर हो गई है। अब अन्य बाधाएं भी पार कर ली जाएंगी।

# हल्द्वानी में डेंगू का पहला मरीज मिला, मचा हड़कंप

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** हल्द्वानी में डेंगू का पहला मामला सामने आया है। जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा है। मंगलवार को एक मरीज की एलाइजा जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। उक्त मरीज का सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में करीब आधा दर्जन डेंगू के संदिग्ध मरीज भर्ती हैं। जिनके ब्लड सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गये हैं।

डेंगू पॉजिटिव मरीज हल्द्वानी क्षेत्र का रहने वाला है। उसे बुखार और बदन दर्द की शिकायत होने पर परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच की तो मरीज में डेंगू के लक्षण मिले। जिस पर मरीज की एलाइजा जांच करवाई गई। मंगलवार को आई रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि हुई। इधर, बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के लक्षण वाला एक और मरीज भर्ती है। उसकी एलाइजा रिपोर्ट बुधवार को आयेगी। उन्होंने बताया कि दोनों मरीजों की स्थिति में पहले से काफी सुधार है। इधर, एसटीएच में डेंगू के छह संदिग्ध मरीज भर्ती हैं। इनमें चार मेडिसन विभाग में भर्ती हैं, जबकि दो बाल रोग वार्ड में भर्ती हैं। अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. परमजीत ने बताया कि भर्ती मरीजों ने बाहर की यात्रा की है। डेंगू जांच के लिए मरीजों की एलाइजा जांच करवाई गई है।

### स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं पहुंची रिपोर्ट

हल्द्वानी निवासी मरीज की एलाइजा जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के पास मरीज की रिपोर्ट नहीं पहुंची है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उन्हें डेंगू मरीज की कोई जानकारी नहीं है। संभवत: बुधवार तक जिला स्वास्थ्य विभाग के पास रिपोर्ट पहुंच जायेगी।

# दुष्कर्म के आरोपी मुकेश बोरा की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** विधवा से दुष्कर्म और उसकी बेटी से छेड़छाड़ का आरोपी नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का अध्यक्ष मुकेश बोरा फरार है। दो टीमें उसकी तलाश में जुटी हुई हैं, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा है। अब पुलिस ने मुकेश बोरा की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी शुरू कर दी है।

एक सितंबर को मुकेश बोरा के खिलाफ लालकुआं कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली विधवा ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि उसकी कच्ची नौकरी को पक्का करने के नाम पर मुकेश ने उसे काठगोदाम स्थित एक होटल में बुलाया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। महिला के 164 के बयान हुए तो उसने आरोप लगाया कि मुकेश की उसकी बेटी पर भी बुरी नजर थी। जिसके बाद मुकदमे में पॉक्सो बढ़ाई गई। तब से मुकेश बोरा और मुकदमे में आरोपी उसके चालक का कहीं अता-पता नहीं है। अब पुलिस फरार आरोपी मुकेश बोरा की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने 82 के नोटिस की अर्जी कोर्ट में लगाने से पहले दस्तावेजी प्रक्रिया शुरू कर दी है। बुधवार को पुलिस कोर्ट में अर्जी लगा सकती है। इसके बाद पुलिस मुकेश के घर पर नोटिस चस्पा करेगी और मुनादी करायेगी।

# छात्र ने किया था पांच साल की छात्रा का यौन उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पांच साल की छात्रा से स्कूल में यौन उत्पीड़न करने वाला इसी स्कूल का छात्र है। यह छात्र कौन है, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। छात्रा के मेडिकल टेस्ट की रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। मामले में छात्रा की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली छात्रा और उसकी मां सोमवार तक इस मामले में स्कूल के शिक्षक को आरोपी बता रहे थे। जिसके लेकर कोतवाली में जमकर हंगामा भी हुआ था। आनन-फानन में छात्रा के बयान लेने के लिए सीडब्ल्यूसी की टीम को मौके पर बुलाया गया, लेकिन छात्रा कुछ नहीं बोली। सोमवार रात ही पुलिस ने छात्रा का मेडिकल टेस्ट कराया, लेकिन रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। छात्रा का आरोप था कि स्कूल में इंटरवल के दौरान आरोपी आता था। उसे सुला देता था और जब वह नींद से जागती थी तो उसके कपड़े अस्त-व्यस्त होते थे। इसकी जानकारी छात्रा ने अपने किसी परिचित को दी, जिसका ऑडियो पुलिस को मिला है। पुलिस ने इसी ऑडियो के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस स्कूल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि ऑडियो में छात्रा ने स्कूल के ही किसी छात्र का जिक्र किया है। सोमवार की देर रात छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर सौंपी। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



छात्रा से यौन शोषण के मामले को लेकर मंगलवार की शाम कोतवाली में हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

### शाम ढलते ही हंगामा पुलिस को दी आज 12 बजे तक मोहलत

**हल्द्वानी :** मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए भीड़ शाम ढलते ही कोतवाली पहुंच गई और जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप था कि मामले में आरोपी एक संघ के बड़े पदाधिकारी का बेटा है। इसी वजह से पुलिस ने सीडब्ल्यूसी के सामने छात्रा के दो-दो बार बयान कराने के बावजूद मजिस्ट्रेट के सामने 164 के बयान दर्ज नहीं कराए। पुलिस इस पदाधिकारी के दबाव में काम कर रही है और इसी वजह से उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई। पुलिस ने लोगों को आश्वासन दिया कि बुधवार की सुबह साढ़े 10 से 11 बजे तक छात्रा के बयान करा दिए जाएंगे। वहीं लोगों ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो वह 12 बजे कोतवाली का घेराव करेंगे।

# बढ़ते अपराधों पर डीजीपी सख्त एसएसपी की लगाई नाइट ड्यूटी

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अृत विचार :** बढ़ते अपराधों पर डीजीपी अभिनव कुमार ने सख्त रुख अपनाया है। अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए उन्होंने रात में पैदल गश्त के निर्देश दिए हैं। इसकी जिम्मेदारी एसएसपी को सौंपी है। एसपी व सीओ स्तर के अधिकारी यह तय करेंगे कि रात में पैदल गश्त हो रही है या नहीं।

डीजीपी ने कहा कि जनता में सुरक्षा का माहौल पैदा करने के लिये पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) जरूरी है। थानावार आपराधिक घटनाओं के हॉटस्पॉट चिह्नित कर इनकी मैपिंग करें। प्रमुख चौराहों, बाजारों, शापिंग मॉल, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन और पार्क आदि के आस-पास पैदल गश्त अनिवार्य है। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। रात्रि गश्त व चेकिंग के लिए प्रत्येक दिन रोस्टरवार एक क्षेत्राधिकारी की ड्यूटी लगाई जाए। अपर पुलिस अधीक्षक इस गश्त चेकिंग की निगरानी करेंगे। जबकि जनपद प्रभारी (एसपी या एसएसपी) रात्रि एक बजे तक स्वयं भ्रमणशील रहकर रात्रि गश्त पार्टियों की रैन्डम चेकिंग सुनिश्चित करेंगे। रात्रि गश्त में अनुपस्थित, शिथिल और लापरवाह पाए जाने वाले पुलिस कर्मियों को सचेत करेंगे।

### सीओ भी करेंगे एक घंटे की पैदल गश्त



**हल्द्वानी :** डीजीपी अभिनव कुमार ने निर्देश दिए हैं कि राजपत्रित पुलिस अधिकारी (सीओ) और थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन शाम के समय भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और कस्बों में कम से कम 1-1 घंटे फुट पेट्रोलिंग करेंगे। इस दौरान पुलिस बल के साथ अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर व अन्य कुख्यात अपराधियों की भी आकस्मिक चेकिंग करनी होगी। स्कूल, कॉलेज, विभिन्न शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक क्षेत्र के खुलने व बंद होने के समय पैदल गश्त करनी होगी और मनचले, पान की दुकानों के पास खड़े तथा संदिग्ध गाड़ियों में बैठे व्यक्तियों की आवश्यक चेकिंग करेंगे। मैदानी क्षेत्र के जनपदों में उपलब्ध घुड़सवार पुलिस का भी प्रयोग किया जाए।

# 12 और 13 को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**हल्द्वानी :** मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 12 और 13 सितंबर को कुमाऊं मंडल के बागेश्वर, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में भारी बारिश हो सकती है। इन चार जिलों में दो दिन तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले में बारिश का येलो अलर्ट रहेगा।

14 और 15 सितंबर को भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, मंगलवार को हल्द्वानी में उमस भरी गर्मी रही। अपरान्ह के समय दमुवाढूंगा, रानीबाग आदि इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# बदमाशों की बनेगी नई लिस्ट, इनाम भी बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बदमाशों की लिस्ट पहले ही बनी है, लेकिन अब नए सिरे से इन्हें सूचीबद्ध किया जा रहा है। बदमाशों को उनके अपराध के हिसाब से छांटा जा रहा है और तीन सूची बनाई जा रही हैं। साथ ही बदमाशों के सिर पर इनाम बढ़ाने की तैयारी भी शुरू हो गई है।

बदमाशों के खिलाफ नई रणनीति पर देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय में मंथन हुआ है। डीजीपी अभिनव कुमार ने इसको लेकर एक बड़ी बैठक की है। डीजीपी ने हर हाल में फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। कहा है कि बदमाशों को अब नए तरीके से सूचीबद्ध करना है। इसको लेकर तीन सूची तैयार करनी हैं। लुटेरों, डकैतों, सामूहिक दुष्कर्म और दुष्कर्म की घटनाओं में शामिल लोगों को पहली सूची में शामिल किया जाना है। इसके अलावा जिन बदमाशों पर पहले से इनाम घोषित है, उन पर और इनाम बढ़ाया जाएगा। इन्हें दूसरी लिस्ट में रखा जाएगा। जबकि तीसरी लिस्ट में गैंग चलाने वाले या गैंगस्टर, गुंडा व अन्य एक्ट के आरोपी शामिल होंगे।

### गिरफ्तारी के लिए गठित होंगी विशेष टीमें

पहली लिस्ट के फरार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष टीमों का गठन होगा। वहीं बाकियों की गिरफ्तारी के लिए स्थानीय थाना-चौकी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही इनाम की राशि बढ़ाने के लिए भी प्रस्ताव मांगा है।

# पति को दुष्कर्म में फंसाने का प्रयास

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा में एक महिला ने अपने पति को दुष्कर्म में फंसने का प्रयास किया। पुलिस ने जांच की तो मामला झूठा निकला। आंवला चौकी गेट निवासी एक महिला बनभूलपुरा थाने पहुंची। उसने पुलिस को बताया कि पति ने उनकी 12 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। युवक को उठाकर थाने ले आई। बाद में महिला खुद भी थाने पहुंच गई। उसका कहना था कि पति व उसके बीच मंगलवार को दिन में झगड़ा हो गया। आरोपी उसका दूसरा पति है। पति को सबक सिखाने के लिए उसने बेटी के साथ दुष्कर्म करने का झूठा आरोप लगा दिया था। इस मामले में पुलिस ने देर शाम व्यक्ति को छोड़ दिया। वहीं झूठी सूचना देने पर महिला का पुलिस एक्ट में चालान किया।

**बैठक** | मंडलायुक्त दीपक रावत ने विद्युत विभाग, उरेडा और पिटकुल की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, कार्ययोजना बनाने को कहा

# कॉलोनी बनाते समय बिजली सब स्टेशन के लिए भूमि छोड़ें बिल्डर्स

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में विद्युत, उरेडा और पिटकुल की समीक्षा बैठक की। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि कुमाऊं मंडल में आवासीय कॉलोनी बनाने वाले बिल्डर्स को 500 वर्ग मीटर भूमि विद्युत सब स्टेशन के लिए देनी होगी। इससे सरकारी विभागों को सब स्टेशन के लिए जमीन खोजने की माथापच्ची नहीं करनी होगी। साथ ही सरकारी भूमि का भार भी कम होगा। इसके लिए विद्युत विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने कहा कि बिजली का बिल निकालने के लिए ऐप के जरिए रीडिंग ली जाती है तब बिल सही आता है। वहीं, जब रीडर जाता है तो बिल सही नहीं आता है। इससे साफ है कि वह रीडिंग के लिए घर-घर नहीं जा रहा है। इसलिए रीडिंग लेने वालों से कहा जाए कि मीटर रीडिंग लेते समय फोन से फोटो खींच लें इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की घोषणा के अनुसार बनबसा में सब स्टेशन की भूमि के लिए डीएम बागेश्वर को 10 हेक्टेयर भूमि खोजने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं नैनीताल में आईटीआई, रेशम विभाग और पाडली की जमीन में पावर स्टेशन के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश नैनीताल डीएम को दिए गए हैं। कुमाऊं में सोलर प्लांट्स लग रहे हैं ऐसे में पिटकुल को बिजली ट्रांसमिशन के लिए सब स्टेशन बनाने होंगे। जिसके लिए कपकोट, लोहाघाट, भिकियासैंण में भूमि ढूंढने व वन भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया तेज करने को कहा गया है।

ऊधमसिंह नगर के खुर्पिया में भी इंडस्ट्रियल एरिया बनेगा, जिसके लिए सिडकुल 10 हेक्टेयर भूमि बिजली विभाग को देगा। इसके लिए भी निर्देश दिए गए हैं। रावत ने कहा कि ऊधम सिंह नगर में बिजली चोरी में सिर्फ 12 एफआईआर दर्ज हुई हैं, जबकि नैनीताल जिले में 80 से अधिक दर्ज हुई हैं। विद्युत अधिकारियों को बिजली चोरी में एफआईआर की संख्या बढ़ाने को कहा गया है। उन्होंने एटी एंड सी लॉस यानी ऊर्जा और कमर्शियल नुकसान को 12 प्रतिशत तक लाने को कहा। वहीं, जलजीवन मिशन में 630 बिजली कनेक्शन के सापेक्ष 416 कनेक्शन देने पर नाराजगी जाहिर की तो पता चला कि सिर्फ 521 कनेक्शन का ही रुपया जमा हुआ है। इस पर मंडलायुक्त ने जल संस्थान व पेयजल निगम को बिजली कनेक्शन की धनराशि त्वरित जमा करने को कहा। इस दौरान हल्द्वानी के मुख्य अभियंता अतुल गर्ब्याल एवं रुद्रपुर के नरेंद्र सिंह टोलिया, हितेंद्र सिंह हयांकी, डीसी पांडेय, एसई नवीन मिश्रा, परियोजना अधिकारी उरेडा एसआर गौतम, डीएस पटवाल, डीएस पटवाल मौजूद रहे।



### जून 2026 तक 6,55,305 स्मार्ट मीटर लगेंगे, बंद होगी बिजली चोरी

**हल्द्वानी :** कुमाऊं में 6,55,305 उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। कार्यदायी संस्था सितंबर 2024 के तीसरे हफ्ते से काम शुरू करेगी और जून 2026 तक पूरा करेगी। स्मार्ट मीटर लगाने और रखरखाव का 10 साल का अनुबंध है जो 6 मार्च 2024 को हुआ है। इसमें 27 माह में मीटर लगाने और 93 माह रखरखाव करना है। स्मार्ट मीटर घरों के अलावा ट्रांसफार्मर में भी स्मार्ट मीटर लगेंगे। इससे पता चल जाएगा कि ट्रांसफार्मर को कितनी बिजली आपूर्ति की गई और कितने का बिल मिला। इससे बिजली चोरी वाले क्षेत्र चिन्हित करने में मदद मिलेगी। बिजली चोरी थमने से राजस्व बढ़ेगा।

### कुमाऊं में 1438 लोगों ने लगाए सोलर प्लांट

**हल्द्वानी :** कुमाऊं में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 6,749 आवेदन प्राप्त हुए जिनके सापेक्ष 1,438 उपभोक्ताओं ने सोलर प्लांट लगा लिया है, जिनसे 5506 केवी विद्युत उत्पादित हो रही है। इस योजना में 3 केवी प्लांट में लगभग 1.80 लाख खर्च होता है जिसमें केंद्र व राज्य की सब्सिडी लगभग 1.36 लाख होती है। उपभोक्ता को सिर्फ 45 हजार रुपये अतिरिक्त देने होते हैं जो सस्ती बिजली से पूरे हो जाते हैं। वहीं, प्लांट से उत्पादित बिजली में खपत के बाद जितनी बिजली बचती है उसका विद्युत निगम 5.25 रुपये प्रति यूनिट की दर से रिफंड करता है। मंडलायुक्त ने जनता से इस योजना का लाभ लेने की अपील की।

# रिश्तेदार की मौत पर घर गए व्यक्ति पर तान दी रिवाल्वर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

▸▸ **आरोप लगाने वाले व्यक्ति का है रिश्तेदार आरोपी**

▸▸ **पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर, जांच शुरू**

**अमृत विचार :** रिश्तेदार की मौत पर उसके घर गए एक व्यक्ति पर उसी के अन्य रिश्तेदार ने रिवाल्वर तान दी। वहां मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इधर, पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपी है।

गौजाजाली बिचली बरेली रोड निवासी धर्म पाल पुत्र शिव चरन लाल ने पुलिस को बताया कि उसके एक रिश्तेदार की मौत हो गई थी। शोक में शामिल होने के लिए नौ सितंबर को वह उनके रामपुर रोड स्थित आवास पर गया था। आरोप है कि वहां उनका एक और रिश्तेदार आया था, जो उनसे पहले से ही रंजिश रखता है। रात करीब 10 बजे वह बेवजह लड़ने लगा। धर्म पाल के मना करने पर वह गाली-गलौज व मारपीट पर उतारू हो गया और रिवाल्वर तान दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। वहां मौजूद धर्म पाल के अन्य रिश्तेदार व भाइयों ने बीच में आकर मामला शांत कराया। बावजूद इसके आरोपी ने धर्म पाल को जान से मारने की धमकी दी।

कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

### जन कवि गिरीश तिवारी 'गिर्दा' का जन्मदिन मनाया

**भीमताल :** कुमाऊं के जन कवि गिरीश तिवारी 'गिर्दा' के जन्मदिन पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन में विभिन्न कार्यक्रम हुए। वक्ताओं ने उन्हें जन आंदोलन में अपने गीतों से नई चेतना भरने वाले गिर्दा बताया। उन्होंने एक आदर्श स्कूल की कल्पना करते हुए कहा था कि जहां न बस्ता कंधा तोड़े, ऐसा हो स्कूल हमारा। प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि गिर्दा ने अपने गीतों व कविताओं से उत्तराखंड में समय-समय पर चले जन आंदोलन को नए तेवर दिए। कार्यक्रम के दौरान गिर्दा के गीतों को गाया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर शिक्षिका मिथिलेश, प्रियंका, कमल कुमार, रघुबर सिंह मौजूद रहे।

### आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**भीमताल :** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया ने नगर में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त की है। बताया कि पशुपालन विभाग ने लगभग सभी आवारा पशुओं में उनके स्वामी की जानकारी वाले टैग लगाए हैं, इसके बावजूद आवारा पशु भीमताल में घूम रहे हैं। कहा कि कई बार पशुपालन विभाग और प्रशासन को आवारा पशुओं को गौशाला भेजने के लिए लिखा पर कार्रवाई नहीं हुई। चनौतिया ने आवारा पशुओं के स्वामियों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की मांग की है।

### ब्लॉक रोड पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

**भीमताल :** ब्लॉक रोड में तेज रफ्तार वाहनों से स्थानीय दुकानदार परेशान हैं। कारोबारी जयंती आर्या ने बताया कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से ब्लॉक रोड में स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सड़क सीधी होने के कारण कई वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं। जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। इस मार्ग से अधिकांश शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले बच्चे भी गुजरते हैं। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने शीघ्र स्पीड़ ब्रेकर लगाने की मांग की है।



भीमताल में मवेशियों का टीकाकरण करते कर्मी। ● अमृत विचार

### एफएमडी टीकाकरण हुआ शुरू

**भीमताल :** पशु पालन विभाग के तत्वावधान में एफएमडी टीकाकरण का शुभारंभ ग्राम प्रधान जया बोहरा ने किया। उन्होंने पशु पालकों से विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को टीकाकरण करने में सहयोग करने की अपील की। बताया कि पशुओं को इस संक्रामक बीमारी से बचाया जा सकता है, उसके लिए टीकाकरण आवश्यक है। इस दौरान वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरके दीक्षित, पशु पालन प्रसार अधिकारी दीप शिखा भंडारी, साक्षी गुप्ता, विकास कुमार मौजूद रहे।

### जेजेएम की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग

**गरमपानी :** रामगढ़ ब्लॉक के सिमराड़ गांव की जल जीवन मिशन समिति ने योजना से संबंधित जानकारी गांवों के लोगों से साझा करने की मांग उठाई है। आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद वर्षों पुरानी योजना व नलों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों को योजना की सही जानकारी नहीं है। समिति सदस्यों ने गांवों में शिविर लगाकर योजना से संबंधित जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराने की मांग उठाई है, ताकि ग्रामीणों को अपने अधिकार व योजना के बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके।

### पोषण माह कार्यक्रम में बताए संतुलित आहार के फायदे

**भीमताल :** बाल विकास परियोजना धारी के तत्वावधान में दूरस्थ ग्रामसभा दुदली के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का आयोजन किया गया। इस दौरान पोषण संबंधी स्टॉल लगाए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी नीता दीक्षित ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। उन्होंने संतुलित आहार के फायदे व जंक फूड के नुकसान बताए। एएनएम सरोजिनी धनी ने कीड़े की दवाई और टीकाकरण, एनएनएम स्टाफ सूरज ने पोषण की जानकारी दी। किशोरी बालिकाओं को मासिक धर्म और हाइजीन संबंधी जानकारी दी। संचालन कार्यकत्री हेमा ने किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान दुदली ललिता, क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवदत्त शर्मा, सेक्टर सुपरवाइजर कुसुम लता, शाकिर हुसैन, गिरीश चंद्र शर्मा, आशा कार्यकर्ता नंदी आर्य, जया बेलवाल, ललिता बेलवाल, निर्मला पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े गुलदार दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के बुधलाकोट गांव के ठेलका तोक में दिनदहाड़े गुलदार देखे जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों के हो-हल्ला करने पर गुलदार भाग खड़ा हुआ। रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव में दहशत का पर्याय बन चुका गुलदार पिंजरा लगाए जाने के बावजूद कैद नहीं हो सका है, जिस कारण ग्रामीण खौफजदा हैं। वहीं अब बेतालघाट ब्लॉक के बुधलाकोट गांव के ठेलका तोक में गुलदार ने घुसपैठ तेज कर दी है। गुलदार के आबादी के नजदीक पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने हो-हल्ला करना शुरू किया।

### देश-प्रदेश को कुपोषण मुक्त करने का संकल्प लिया

**गरमपानी :** बाल विकास विभाग के तत्वावधान में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। जीआइसी खैरना में हुए कार्यक्रम में छात्राओं को भी कई अहम जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही देश-प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने बताया कि साफ-सफाई से तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों ने हरी सब्जियों, दाल, मोटे अनाज व फलों को आहार में शामिल करने तथा फास्ट फूड से दूर रहने की अपील की। यहां हंसा मेहरा, प्रेमा खाती, ललिता पांडे, सावित्री रहे।

### शुभम बने वाल्मीकि शोभा समिति के अध्यक्ष

**रामनगर :** वाल्मीकि मंदिर परिसर में वाल्मीकि समाज की बैठक हुई। जिसमें 17 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से शुभम उत्तम को शोभायात्रा समिति का अध्यक्ष चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष राज रौनी व आकाश रौनी, महामंत्री गौरव कुमार निक्की, प्रभात वैद्य, कोषाध्यक्ष रवि कुमार (रामू), गौतम कुमार, राजीव चौधरी, प्रचार मंत्री आकाश उत्तम, अमित उत्तम, सचिव मनीष कुमार, प्रिंस कुमार को मनोनीत किया गया। झांकी प्रबंधक कौशल कुमार, विशाल कुमार, अरुण कुमार, मुकुल, नितेश कुमार, वाशु, बिट्टू कुमार, सनी कुमार, सुजल चुने गये। शुभम ने बताया कि शोभायात्रा से पहले वाल्मीकि तीर्थ सीतावनी से अखंड ज्योत लाकर मंदिर में स्थापित की जाएगी।

### पर्वतीय सांस्कृतिक समिति में रिसीवर नियुक्त

**रामनगर :** पैठपड़ाव में पिछले 50 वर्षों से रामलीला मंचन करा रही प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के विवाद पर प्रशासन ने रिसीवर नियुक्त कर दिया है। एसडीएम कोर्ट ने सुनवाई के बाद तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त किया है। समिति में वर्ष 2022 में हुए चुनाव के बाद से विवाद चल रहा है। 2022 में अध्यक्ष चुने गए गिरीश मठपाल के निर्वाचन को समिति के दूसरे गुट ने चिट फंड सोसायटी हल्द्वानी में चुनौती दी थी। बाद में सोसायटी ने इसे एसडीएम रामनगर की न्यायालय में दर्ज कराया। दूसरे पक्ष से सुमित लोहनी और पांच अन्य सदस्यों ने विवाद के निपटारे तक समिति के दैनिक खर्चों और गतिविधियों के लिए रिसीवर नियुक्त करने की मांग की। दोनों पक्षों की रिसीवर की मांग को देखते हुए एसडीएम ने तहसीलदार रामनगर को रिसीवर नियुक्त किया है।

# आज होंगे मां नंदा- सुनंदा के दर्शन

## प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आज ब्रह्ममुहूर्त में भक्तों के दर्शन को रखी जाएंगी मूर्तियां

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में मां नंदा देवी के मेले का आगाज हो गया है। मंगलवार को कदली वृक्ष यानी केले के पेड़ से मां नंदा-सुनंदा की मूर्ति का निर्माण किया गया। बुधवार को ब्रह्ममुहूर्त में मां नंदा-सुनंदा की इन प्रतिमाओं को प्राण प्रतिष्ठा कर भक्तों के दर्शन के लिए रखा जाएगा।

**इको फ्रेंडली होती है नैनीताल की मूर्तियां:** नैनीताल में मां नंदा-सुनंदा की मूर्तियों को पूर्ण रूप से हाथों से बनाया जाता है और ये मूर्तियां पूरी तरह से इको फ्रेंडली होती हैं। इन मूर्तियों को बनाने में हुई कपास, केले का पेड़ समेत प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जाता है।

मूर्तियों को इको फ्रेंडली बनाने का मुख्य कारण है कि डोला विसर्जन के बाद इनसे निकलने वाले पदार्थ किसी प्रकार से प्रकृति को नुकसान न पहुंचा सकें।


नैनीताल में मां नंदा-सुनंदा की प्रतिमा बनातीं कलाकार। ● अमृत विचार

### मां नंदा-सुनंदा खुद लेती हैं अपना स्वरूप

कई वर्षों से मां नंदा-सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण कर रही कलाकार आरती बताती हैं कि मां नंदा-सुनंदा अपना आकर ( स्वरूप) खुद धारण करती हैं। कभी मां का हंसता चेहरा बनता है तो कभी दुख भरा। जिससे अनुमान लगाया जाता है कि आने वाला समय कैसा होगा। बताया कि मूर्ति के निमार्ण में करीब 24 घंटे का समय लगता है। नंदा-सुनंदा की मूर्ति को सोने-चांदी के सुंदर गहनों से सजाया जाता है।

### नंदाष्टमी और राधाष्टमी पर्व आज

**हल्द्वानी :** बुधवार को नंदाष्टमी एवं राधाष्टमी पर्व मनाया जाएगा। नंदाष्टमी पर्व अल्मोड़ा, नैनीताल और गढ़वाल मंडल के जौहार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य डॉ. मंजू जोशी ने बताया कि इस वर्ष 11 सितंबर को भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को राधाष्टमी पर्व मनाया जायेगा। राधा अष्टमी का उपवास रखने से मनवांछित फलों की प्राप्ति होती है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है। इसी दिन मां नंदा की पूजा की जाती है। अष्टमी, नवमी व दशमी की पूजा के बाद एकादशी तिथि को मां नंदा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। कहा कि मां नंदा देवभूमि उत्तराखंड की अगाध आस्था का पर्याय हैं। इस बार मुहूर्त अष्टमी 10 सितंबर से रात्रि 11.13 बजे से 11 सितंबर 11 बजकर 48 मिनट तक रहेगा

### मां नंदा-सुनंदा डोला नगर भ्रमण आज

**भीमताल :** नंदा अष्टमी के शुभ अवसर पर आज बुधवार को मां नंदा-सुनंदा का डोला श्री 1008 बनखंडी महाराज आश्रम से दोपहर एक बजे से नगर भ्रमण के लिए निकाला जाएगा। आश्रम से जुड़े भक्त पूरन जोशी, पूर्व चेयरमेन देवेंद्र चनोतिया, योगेश तिवारी, धीरज तिवारी, विजय नेगी, पवन जोशी, भास्कर भगवाल, भारत लोशाली ने क्षेत्रवासियों से इस डोले में शामिल होकर मां नंदा-सुनंदा का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### मेले में विधिक प्राधिकरण ने लगाया साक्षरता शिविर

**नैनीताल :** मां नंदा देवी महोत्सव के मौके पर डीएसए मैदान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बुधवार से 15 सितंबर तक विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां लोगों को सरल कानूनी ज्ञान माला पुस्तकों का निशुल्क वितरण किया जाएगा। वहीं पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वालंटियर के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता पांचों दिन तक उपलब्ध कराई जाएगी। मंगलवार को जिला उद्यान केंद्र, निर्मल सोसाइटी के सहयोग से महिलाओं के लिए तीन दिवसीय जूट बैग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसकी शुरुआत उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मानी त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन व फीता काटकर की। इस दौरान ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अरूण वोहरा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एओएसएलएसए रमाकांत चौधरी, अधिवक्ता मंजू कोटलिया, यशवंत कुमार, उमा भंडारी, अम्बिका, पंकज प्रसाद, मनोज बालसूनी सुमित मौजूद रहे।

# युवक संग पत्नी की फोटो देख चढ़ा पति का पारा


संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** फेसबुक में पत्नी के साथ गैर मर्द की फोटो देख पति का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। परेशान पति ने पुलिस की चौखट पर पहुंच न्याय की गुहार लगाई है। आरोप लगाया कि युवक गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। बच्चों व खुद की जिंदगी पर खतरे का अंदेशा जताते हुए युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

खैरना क्षेत्र में एक दंपति किराए के मकान में रहता है। दंपति की जिंदगी में क्षेत्र के ही एक युवक ने भूचाल ला दिया है। बीते दिनों दूसरे व्यक्ति की पत्नी के साथ युवक ने अपनी फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर क्षेत्रवासियों को हैरत में डाल दिया। फेसबुक में फोटो वायरल होते ही बाजार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। साथ ही चर्चाओं का बाजार भी गरमा गया। पत्नी की फोटो फेसबुक में देख पति का पारा चढ़ गया। पति ने पत्नी के मायके संपर्क साध परिजनों को खैरना बुला लिया। हंगामा बढ़ने पर मामला खैरना चौकी पहुंच गया। पति ने आरोप लगाया कि फेसबुक पर पत्नी के साथ अपनी फोटो पोस्ट करने वाला युवक लगातार उसे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। छोटे-छोटे बच्चों की जिंदगी भी खतरे में है। पति ने पत्नी को भी साथ रखने से मना कर दिया। घंटों तक चौकी परिसर में जद्दोजहद जारी रही। युवक से भी संपर्क साधा गया, लेकिन वह चौकी नहीं पहुंचा। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार महिला के पति ने मौखिक रूप से मामले की जानकारी दी है। तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# न्यूरो से संबंधित समस्याओं से बचने के लिए अपनाएं स्वस्थ जीवन शैली

## हल्के में न लें सिरदर्द, यह हो सकते हैं माइग्रेन के लक्षण



बदलती जीवन शैली के कारण न्यूरो से संबंधित बीमारियों में लगातार वृद्धि हो रही है आमतौर पर लकवा स्ट्रोक पैरालिसिस हाथ पैरों में झनझनाहट याददाश्त की कमी आदि कई ऐसी बीमारियां हैं जिनका सही समय पर उपचार करना आवश्यक है। इस संबंध में कैलाश न्यूरो सेंटर निकट पीलीकोठी कालाढूंगी रोड हल्द्वानी के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी न्यूरो से संबंधित बीमारियों की जांच एवं उपचार के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

**समय से कराएं न्यूरो से संबंधित बीमारियों की जांच एवं उपचार:-**
डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी कहते हैं न्यूरो से संबंधित बीमारियों का उपचार जितनी जल्दी शुरू हो जाएगा परिणाम उतने ही बेहतर होंगे। इसमें आमतौर पर बोलने में अंतर आना, शारीरिक असंतुलन, शरीर में अकड़न, कमजोरी, याददाश्त में कमी, उठने, बैठने चलने में परेशानी, शरीर में कंपन, मांसपेशियों का कठोर होना निगलने में कठिनाई आदि लक्षण पाए जाते हैं। न्यूरोलॉजी की कई समस्याओं मैं जागरूक रहना अति आवश्यक है। न्यूरो संबंधी अधिकांश बीमारियों का निदान प्रारंभिक अवस्था में संभव है। जिसके लिए कुशल न्यूरो फिजिशियन से मिलकर ही उपचार कराना उचित होगा।

**चिकित्सक की सलाह से कराएं जांच एवं उपचार:-**
न्यूरो संबंधी समस्याओं में मस्तिष्क से संबंधी बीमारियां, नर्व मांसपेशियों से जुड़े रोग, मायस्थेनिया ऐविस, रीढ़ की हड्डी संबंधी रोग आदि प्रमुख है। न्यूरोलोजी से संबंधित बीमारियों की जांच के लिए एमआरआई, सीटी स्कैन, ईईजी, ईएनजी, एनसीवी तथा पैथोलोजी में रक्त की जांच की जाती है।

**स्ट्रोक (लकवा):-**
उच्च रक्तचाप होना, दिमाग में खून ले जानी वाली नस का फटना व शारीरिक कमजोरी इसके मुख्य कारण हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में एफासिया (बोलने में परेशानी), डिस्फेजिया (निगलने में परेशानी), याददाश्त खोना। कम होना या समझने में तकलीफ होना, दर्द, मल मूत्र पर नियंत्रण न होना) जैसी समस्याएं पेश आ सकती है।

**पार्किन्सन डिजीज:-**
इस बीमारी में मरीज के हाथ-पैर में कंपन होता है। हाथ-पैर में अकड़न भी हो सकती है। समय के साथ मरीज के हाथ-पैर आगे की ओर झुक जाते हैं और मरीज झुक कर चलने लगता है। हाथ में कंपन के कारण लिखावट में भी बदलाव देखा जा सकता है।

**जटिल सिर दर्द (माइग्रेन):-**
इसके कारण सिर में असहनीय पीड़ा होती है। इसके अंतर्गत माइग्रेन (आधासीसी या अर्धकपाली), ट्राइजेमिनल न्यूरेल्जिया, टेंशन हेडेक जैसी सिरदर्द की बीमारियां आती है। मिर्गी (दौरा आना या एपिलेप्सी) की समस्या में शरीर में ऐठन, जकड़न या चेहरे की मांसपेशियों के खिंच जाने जैसी कंट्रोल न हो सकने वाली क्रियाएं, जीभ कटना, पेशाब निकल जाना, चेतना खो जाना, याददाश्त चले जाना, एक ही जगह टकटकी लगाए देखते रहना, लार टपकना, सांस लेने में तकलीफ पूरे शरीर झटके लगना, बेहोशी जैसी समस्याएं पेश आती है। चक्कर आना (वर्टिगो) दिमाग का गोल-गोल घूमना या पूरी दुनिया घूमती हुई दिखाई देना इस बीमारी के मुख्य लक्षण है।

**सेरीब्रल पाल्सी:-**
यह बीमारी बच्चों में होती है। इस बीमारी के होने से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास रुक सकता है।

**रीढ़ की हड्डी से संबन्धित समस्याएं:-**
सर्वाइकल स्पौंडिलाइटिस : गर्दन दर्द, अकड़न, चक्कर आना, कंधे का दर्द, जकड़न, हाथ में दर्द, हथेलियों व अंगुलियों का सुन्नपन, पेशाब पर कंट्रोल न होना इसके मुख्य लक्षण है।
स्पोंडिलोलिस्थेसिस रीढ़ की हडियों का एक-दूसरे पर आगे की तरफ स्लिप होना, स्लिप डिस्क जैसे लक्षण, नसों में दबाव बढ़ने पर दर्द, कमर दर्द।

**न्यूरो संबंधित गंभीर बीमारियों से बचाव संभव:-**
डॉ. लक्ष्मीकांत जोशी के अनुसार न्यूरो समस्याओं से बचने के लिए खान-पान एवं जीवन शैली में बदलाव लाना बेहद आवश्यक है। डॉक्टर जोशी सलाह देते हैं यदि कोई व्यक्ति न्यूरो से संबंधित किसी भी बीमारी से पीढ़ित हो जाता है तो उसे कुशल न्यूरो फिजिशियन से मिलकर ही अपना उपचार कराना चाहिए, ताकि भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचा जा सके।






# पेयजल लाइन नहीं जोड़ने पर चढ़ा विधायक का पारा

## बंशीधर भगत ने नलकूप विभाग के अधिकारियों को लगाई फटकार

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने मंगलवार को बैलपड़ाव में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधर में लटकी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी।

सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में हुई बैठक में जल संस्थान, जल निगम, लोनिवि, विद्युत, नलकूप, सिंचाई विभाग के अधिकारियों के सम्मुख विधायक ने जन समस्याएं सुनी और उनका तत्काल निराकरण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के एक्शन के बैठक में नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय लड़ाई में जनता के विकास कार्य नहीं रूकने चाहिए। मंडल अध्यक्ष जोगा मेहरा ने बताया कि पतलिया गांव में पेयजल समस्या से निजात पाने के लिए सिंचाई नलकूप से पेयजल लाइन जोड़ने के आदेश हुए थे, लेकिन लाइन आज तक नहीं जुड़ी। जबकि नलकूप विभाग ने इसके लिए 15 दिन का समय मांगा था। इस पर विधायक भगत आग बबूला हो उठे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तत्काल लाइन जोड़ने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने लो-वोल्टेज, झूलते तार, विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर की समस्या भी रखी। इस पर विधायक ने विद्युत विभाग के जीएम को तत्काल समस्याओं पर एक्शन लेने को कहा। ग्रामीणों ने जर्जर हो चुकी सड़कों को ठीक करने और नई सड़क की मांग की। इस पर विधायक ने लोनिवि विभाग को स्टीमेट तैयार करने को कहा। ग्रामीणों ने कोटाबाग मुख्य मार्ग में आंवलकोट में नहर कवरिंग कर सड़क चौड़ीकरण की मांग की। बैठक में विनोद बधानी, सांसद प्रतिनिधि भगवान तिवारी, ग्राम प्रधान सीपी बुढ़लाकोटी, सुरेन्द्र बोरा, मदन बधानी, विपिन कांडपाल, एसडीओ दीपक पाठक, जेई दीपक बिष्ट, सिंचाई विभाग के एसडीओ गणेश पांडे मौजूद रहे।



बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

## मुखानी क्षेत्र में सात घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे पेड़ों के कटान के चलते मंगलवार को मुखानी और पीलीकोठी क्षेत्र में सात घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

कठघरिया और कमलुवागांजा बिजलीघर से जुड़े पीलीकोठी और मुखानी फीडर में 1500 उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। मधुबन कॉलोनी समेत कई कालोनियों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आपूर्ति प्रभावित रही। विद्युत वितरण खंड ग्रामीण ईई डीडी पांगती ने बताया कि पेड़ों के पातन कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रखी गई थी।

## राम सुग्रीव मित्रता का हुआ मंचन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** श्री सिद्धेश्वर महादेव रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला में आठवें दिन राम-सुग्रीव संवाद और बालि वध की लीला का मंचन हुआ।

आयोजक मंडली के अनिल पंत ने बताया कि आठवें दिन राम-सुग्रीव की मित्रता का मंचन देख दर्शक भावविभोर हो उठे। इस दौरान राजेन्द्र सिंह बिष्ट, विनोद जोशी, घनश्याम शर्मा, नित्यानंद जोशी, मनोज पाण्डेय, एनके कुलश्रेष्ठ मौजूद रहे।

# रेंज अधिकारियों का दीक्षांत समारोह संपन्न

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रेंज अधिकारियों का दीक्षांत समारोह संपन्न हो गया। 53 प्रशिक्षणार्थियों में 12 को विशिष्ट व 41 को पास प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सर्वोच्च नंबर लाने वाले तीन अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया।

मंगलवार को वानिकी प्रशिक्षण अकादमी सभागार में दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक डॉ. समीर सिन्हा ने किया। उन्होंने नए रेंजर्स से वन व वन्यजीवों को बचाने और ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए कहा। उन्होंने डॉ. प्रभाकरन पी को 79.06 प्रतिशत अंक पाने पर स्वर्ण पदक, स्नेहलता सिंह को 78.90 प्रतिशत अंक हासिल करने पर रजत व अभिषेक सिगतिया को 78.70 प्रतिशत अंक लाने पर कांस्य पदक प्रदान किया।

इसके अलावा रेंज एडमिनिस्ट्रेशन में सर्वोच्च स्थान पर अंकित अरोरा एवं बृजपाल सिंह, ईकोलॉजी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अभिषेक सिगतिया, सर्वे व इंजीनियरिंग में अभिषेक सिगतिया, वानिकी विषय में संयुक्त रूप से अभिषेक सिगतिया व प्रत्यूष श्रीवास्त को रजत पदक देकर सम्मानित किया। अकादमी निदेशक डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने बताया कि 53 रेंज अधिकारियों के बैच में 12 को विशिष्ट योग्यता व 41 को पास प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में दीक्षांत समारोह में मार्च पार्स्ट करते रेंज अधिकारी।

## सार-संक्षेप



शिक्षिका ललिता को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

### ललिता कापड़ी को मिला शिक्षा रत्न सम्मान

**हल्द्वानी :** संपर्क संस्थान की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने वाले 31 लोगों को सम्मानित किया गया। रविवार को जयपुर स्थित एक होटल में हुए समारोह में दूरदर्शन की पूर्व निदेशक सुधा गुप्ता, उप महापौर पुनीत कर्णावट, शिक्षाविद डॉ. ऋत्विज गौड़, संपर्क संस्था अध्यक्ष अनिल लढ़ा, महासचिव रेनू, कार्यक्रम संयोजक किशन राठी ने हल्द्वानी निवासी ललिता कापड़ी को शिक्षा रत्न सम्मान दिया। यह पुरस्कार साहित्य गतिविधियों में सक्रियता व संस्थान की ओर से आयोजित प्रतियोगिता वर्तमान परिपेक्ष्य में शिक्षा और संस्कार में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हुई गोष्ठी

**हल्द्वानी :** दोषापानी महाविद्यालय में मंगलवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. भुवन तिवारी ने कहा कि संविधान ने हमें जीवन जीने का मौलिक अधिकार दिया है। विशिष्ट अतिथि इतिहास विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनीता ने प्रतिभागियों को जीवन का महत्व समझाया। संगोष्ठी में मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू जलाल ने आत्महत्या के कारणों और निवारणों पर चर्चा की।

### लेफ्टिनेंट बनने पर किया मीनाक्षी को सम्मानित

**हल्द्वानी :** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू और योगिता बनोला के नेतृत्व में सदस्यों ने आवास विकास निवासी मीनाक्षी पाण्डेय को सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया। उन्हें गणपति की प्रतिमा देकर शुभकामनाएं दीं। यहां कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, पूर्णिमा रजवार, रॉबिन भारती, विमला पांडेय, सीमा सिंह, बच्ची सिंह, उज्जवल पांडेय, रोहतास प्रजापति, अमन कुमार, सूरज मिस्त्री, सुशील राय, मुकेश कुमार मौजूद रहे।



नैब में बच्चों को कृमि नाशक दवा देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### नैब के दृष्टि बाधित बच्चों को खिलाई कृमि नाशक दवा

**हल्द्वानी :** गौलापार स्थित नैब संस्थान में स्वास्थ्य विभाग ने कृमि मुक्त दिवस मनाया। इस दौरान दृष्टि बाधित बच्चों को कृमि नाशक दवा खिलाई गई। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम नैब पहुंची। उन्होंने बच्चों को पेट में कीड़े होने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। साथ ही उन्हें भोजन संबंधी सलाह दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी के नेतृत्व में टीम ने 93 बच्चों को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाई। डॉ. श्वेता ने बताया कि बच्चों को समय-समय पर एल्बेंडाजोल दवा देते रहनी चाहिए, क्योंकि पेट में होने वाले कीड़ों से बच्चों के स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ता है। इस दौरान डॉ. चंद्रा पंत, एसीएमओ डॉ. एनसी तिवारी, डॉ. हिमांशु कांडपाल, हेम सिंह जलाल, मनोज बाबू मौजूद रहे।

### हिमालयन क्रिकेट देहरादून ने 8 विकेट से जीता मैच

**हल्द्वानी :** जीएनजी एरीना क्रिकेट ग्राउंड में कुमाऊं कप अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ। जिसमें हिमालयन क्रिकेट एकेडमी देहरादून और नरसिंह यूनाइटेड हल्द्वानी की टीमों में मुकाबला हुआ। नरसिंह यूनाइटेड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 43 ओवर में 149 रन बनाये। जवाब में उतरी हिमालयन एकेडमी की टीम के बल्लेबाजों ने 23 ओवर में 2 विकेट खोकर 154 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के लिए प्रांजल पवार ने 9 चौकों की मदद से 56 और नमन शर्मा ने 7 चौकों और 1 छक्के की मदद से 45 रन बनाए। नरसिंह यूनाइटेड के लिए अराध्य देव जोशी और गौरव जोशी को 1-1 विकेट मिला।

### यात्रियों को आवाज लगाकर नहीं बुलाएंगे चालक-परिचालक

**हल्द्वानी :** दिल्ली के बस स्टेशनों में बस चालकों व परिचालकों के लिए कुछ विशेष नियम बनाए गए हैं। उत्तराखंड परिवहन निगम ने यहां सभी चालकों और परिचालकों पर इन नियमों को लागू कर दिया है। निगम के महाप्रबंधक (संचालन) सीपी कपूर ने सभी डिपो के सहायक महाप्रबंधकों को पत्र जारी करते हुए कहा है कि दिल्ली में आईएसबीटी, कश्मीरी गेट आदि बस स्टेशनों में बस संचालक आवाज लगाकर यात्रियों को नहीं बुलाएंगे। अगर कोई यात्री पूछे तभी उसे इसकी जानकारी दें। कहा कि बसों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग नहीं किया जाएगा। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि दिल्ली रूट के सभी चालकों और परिचालकों को नियमों से अवगत करा दिया गया है।

### सदस्य जोड़ने को महासंपर्क करेंगे विधायक-सांसद

**हल्द्वानी :** भाजपा का संगठन महापर्व शुरू हो गया है। इसमें नए सदस्य बनाने के लिए पदाधिकारियों से जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद, विधायक भी अपने-अपने बूथों में महासंपर्क कर नए सदस्य बनाएंगे। भाजपा का सदस्यता अभियान दो सितंबर से शुरू हुआ है। इस बार भाजपा ने देश भर में 18 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में राज्य में भी सदस्यता की जा रही है। भाजपा में सदस्यों को जोड़ने के लिए मंडल अध्यक्ष से प्रदेश अध्यक्ष को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। वही, अब सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने बूथों में महासंपर्क करना होगा और नए सदस्य बनाने होंगे। इसकी निगरानी भी आला स्तर पर की जाएगी।

# मैनेजर को फंसा कर विदेश भागा सॉस फैक्ट्री का स्वामी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार की मशहूर सॉस फैक्ट्री के स्वामी सुब्रत दरम्वाल को अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार की कोर्ट ने स्थायी भगोड़ा घोषित कर दिया है। वह अपने ही मैनेजर को फंसा कर और व्यापारियों का लाखों रुपये लेकर फरार है।

मगध कॉलोनी विहार निवासी रूपेश सिंह की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि नवाड़खेड़ा में दरम्वाल बिल्डिंग गोल्फ कोर्स एक्सटेंसन रोड गुड़गांव हरियाणा निवासी सुब्रत दरम्वाल और उसकी पत्नी चित्रा दरम्वाल की बायोटेक एंड फूड्स प्रा.लि. व बायोलाइफ फूड्स लिमिटेड के नाम से सॉस फैक्ट्री थी। दोनों इस फैक्ट्री के डायरेक्ट थे। इन्होंने वर्ष 2016 में रूपेश को बतौर मैनेजर डेढ़ लाख रुपये महीने पर नौकरी दी। जिसके बाद दोनों गुड़गांव चले गए। आरोपियों ने रूपेश से बाजार से बिक्री का पैसा उठा कर भेजने को कहा। जिस पर रूपेश ने बाजार से लाखों रुपये उठा कर सुब्रत को आरटीजीएस कर दिया। जिसके बाद वह फरार हो गया। रूपेश ने मामले की शिकायत काठगोदाम पुलिस से की। जिसके बाद सुब्रत शहर आया और 75 लाख रुपये का चेक देकर फिर गायब हो गया। मामले में सुनवाई कर अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार ने सुब्रत को स्थायी तौर पर भगोड़ा घोषित कर दिया है।

# चोरी करने वाला नेता दबोचा

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** बैलपड़ाव में ज्वैलर्स और शराब की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। दोनों ही वारदातों को एक ही गैंग ने अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि उसका साथी फरार है। पारस रस्तोगी निवासी बैलपड़ाव ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसकी शुभ ज्वैलर्स के नाम से बैलपड़ाव बाजार में दुकान है।

अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार तोड़कर चांदी के आभूषण चुरा लिये थे। वहीं बैलपड़ाव बाजार में अंग्रेजी व देसी शराब की दुकान के स्वामी विपिन कांडपाल ने भी पुलिस को तहरीर देकर विदेशी मदिरा की बोतलों सहित गल्ले में रखी हजारों की नगदी साफ होने की तहरीर दी थी। एसओ भगवान महर ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अभियुक्त नेता सिंह (32) निवासी ग्राम रम्पुरा थाना पसगवां जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश को ग्राम गैबूआ खास के पास बंद पड़े पुराने धर्मकांटे के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया है।



पुलिस गिरफ्तार में आरोपी नेता सिंह।

▸▸ बैलपड़ाव बाजार में ज्वैलर्स और शराब की दुकान में की थी चोरी, साथी फरार

### पुलिस ने बैलपड़ाव में टायर चोर पकड़े

**कालाढूंगी :** बैलपड़ाव में ट्रक से चोरी टायर का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष भगवान महर ने बताया कि सोमवार को रवि माथुर निवासी बैलपड़ाव ने थाने में तहरीर देकर कहा था कि उसका ट्रक संख्या एचआर55 एफ 7383 जंगल में खड़ा था। जिसमें से चोर चार टायर खोलकर ले गए। मामले में अज्ञात चोरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में बच्चीपुर धमोला निवासी इमरान, सूरज, अनुराग के नाम सामने आये। जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

## छात्राओं ने 14 स्थानों को बताया असुरक्षित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित संवेदीकरण कार्यशाला में गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने शहर के 14 स्थानों को असुरक्षित बताया।

अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह और बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी को छात्राओं ने कमलुआगांजा, गोविंदपुर गरवाल, भगवानपुर रोड, बोहरा कॉलोनी, बच्चीनगर, लामाचौड़, भरतपुर, कमलुवागांजा चौराहे के आस-पास गलियों में कई स्थानों को असुरक्षित बताया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से एस आई. ज्योति कोरंगा ने महिला हेल्पलाइन एप और जिला प्रोबेशन कार्यालय से तबस्सुम ने हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन यशोदा शाह ने किया।

# बच्चों की काउंसलिंग करें सभी विद्यालय

▸▸ जिलाधिकारी ने स्कूल प्रबंधन और अभिभावक संघ के साथ की नैनीताल में बैठक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मंगलवार को नैनीताल क्लब में नैनीताल नगर के निजी विद्यालयों के प्रबंधन और अभिभावकों के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विषयों पर बैठक की। बैठक में मानसून अवधि में विद्यालयों के संचालन, नशा मुक्ति, पर्यटन सीजन में स्कूलों में ट्रैफिक व्यवस्था आदि के संबंध में नगर के सभी विद्यालयों के प्रतिनिधियों-अभिभावकों से सुझाव मांगे।

बैठक में अभिभावकों ने बताया कि विद्यालयों के आसपास, सार्वजनिक स्थल और पार्कों आदि इलाकों में नशा और अराजकता देखने को मिल रही है। जिस कारण स्कूली बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधकों से कहा कि समय -समय पर बच्चों की काउंसलिंग के साथ ही बच्चों के व्यवहार में बदलाव पर नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने स्कूलों में करियर काउंसलिंग करने के भी निर्देश दिए। कहा कि जिले में संचालित सभी कोचिंग सेंटरों में मानकों की जांच करायी जाएगी। साथ ही अवैध रूप से संचालित कोचिंग सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक पर तय हुआ कि नैनीताल में 15 अप्रैल से 15 जून तक पर्यटन सीजन को देखते हुए विद्यालयों के वार्षिकोत्सव की तिथि को अभिभावकों की सहमति से शिफ्ट किया जाए। जून में विद्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों की सूचना एक माह पहले पुलिस को दी जाए ताकि पुलिस नगर में यातायात व्यवस्था बेहतर कर सके अभिभावकों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने वन-वे मार्गों पर पुलिस की अतिरिक्त टीम लगाने की बात कही। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा समेत नगर के सभी सरकारी विद्यालयों-निजी विद्यालयों के प्रार्चाय और प्रतिनिधि मौजूद रहे।



नैनीताल में विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी।

# पुरानी प्रस्तावित जगह पर बनाएं रिंग रोड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में रिंग रोड परियोजना को आबादी वाले इलाके में बनाने को लेकर ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि रिंग रोड के लिए आबादी वालों को इलाके को छोड़ा जाए। मंगलवार को ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन भी किया।

एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग कुछ दिनों से रिंग रोड को लेकर सर्वे कर रहा और कमलुवागांजा क्षेत्र में रोड के दोनों तरफ 22.50-22.50 मीटर चौड़ाई में निशान लगा रहा है। इस निशान की जद में लोगों के भवन, दुकान और खेत आ रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य गौरव व भाजपा नेता विपिन पांडे ने कहा कि ग्रामीण रिंग रोड परियोजना के विरोधी नहीं हैं। रिंग रोड को पुरानी प्रस्तावित जगह पर बनाया जाए, ताकि लोग बेघर न हों। इधर, किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय ने बताया कि बुधवार से रामलीला ग्राउंड गन्ना सेंटर में रिंग रोड परियोजना को आबादी क्षेत्र से ले जाने के प्रस्ताव के विरोध में धरना शुरू किया जाएगा।

**गणेश महोत्सव** शहर में जगह-जगह सजे भव्य पंडालों में बाहर से आये कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, देर रात तक चला भजनों का सिलसिला

# कलाकारों ने भजनों से बांधा समा, झूम उठे भक्त

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नवयुवक संघ की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में मंगलवार को मेरठ से आये कलाकार लविन गुप्ता और दिल्ली से पहुंचे म्यूज़िक ग्रुप ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकार लविन ने कजरारे तेरे मोटे मोटे नैंना भजन के साथ भजन संध्या में भक्तों को झूमने में मजबूर कर दिया। हिमालय फार्म में आयोजित महोत्सव में सुबह विधि-विधान से गणपति महाराज की पूजा-अर्चना हुई। इसके बाद दिनभर भजन कीर्तन हुए। इस मौके पर विधायक सुमित हृदयेश, सन्नी सेठी, मिंटू पुरी, राजेश पुरी, संजय राजपूत, मोना शर्मा और सोनी शर्मा मौजूद रहे।

वहीं रामलीला मैदान में चल रहे गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिवस प्रातःकालीन पूजा में विधिवत रूप से गजानन को भोग लगाया गया। सायंकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रथम चरण में डॉ. गोपालदत्त त्रिपाठी ने गणेश महिमा पर प्रवचन दिया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ कलान्जला म्यूजिकल डांस एकेडमी की ओर से गणेश वंदना से हुआ। वहीं कलान्जला म्यूजिकल डांस एकेडमी, रिदम् डांस क्लासेज, तराना संगीत संस्थान, एलजे संगीत स्कूल, शिवेन्द्रालय, कत्थक सागर, नुपूर कला केन्द्र, अभाव्य डांस एकेडमी, मां सरस्वती नृत्य कला केन्द्र ने भी रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। संयोजक अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि बुधवार सुबह 11 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम के दौरान सुशील कुमार अग्रवाल पप्पी, बद्रीप्रसाद गुप्ता, रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, रामकिशोर अग्रवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, प्रेमकुमार गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, भवानी शंकर नीरज, देवेन्द्र केसरवानी, गिरीश केसरवानी, नीरज शारदा मौजूद रहे। संचालक आवेश गर्ग, सुरेश केसरवानी, भुवनेश गुप्ता ने किया।

इधर, पटेल चौक में लालबाग के राजा का पूजन सुबह हवन और यज्ञ के साथ हुआ। कार्यक्रम में कमल बोरा, भोजराज वर्मा, सचिन सावंत, तुषार जाघव, रमेश माने मौजूद रहे। देर सांय रुद्रपुर से आये कलाकार मुकेश दीक्षित ने मेरे घर पधारो नन्हे गणपति...भजन की मनमोहक प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट व निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला रहे। वहीं शिव मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में मंगलवार को स्व. सुरेन्द्र नागर की स्मृति सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 242 बच्चों ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक संध्या में धार्मिक और संस्कृति कार्यक्रमों की जमकर धूम रही। मुख्य अतिथि झारखंड से पधारे हरेराम पांडे और विधायक सुमित हृदयेश रहे। मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू और रूपेंद्र नागर ने बताया 11 सितम्बर को डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रदीप कक्कड़, पदम् पाल, हर्षवर्धन पाण्डे, शिव कपूर, राम रूप गुप्ता, आनंद गुप्ता, हैप्पी अटवाल, सुरेंद्र बिष्ट, मनोज मठपाल, भुवन जोशी, खुशी नागर आदि मौजूद रहे।



रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार


### जयकारों के साथ श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन

**कालाढूंगी :** श्री गणेश महोत्सव कमेटी छोटी हल्द्वानी के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय महोत्सव का भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के विसर्जन के साथ समापन हो गया। महोत्सव के समापन पर से पूर्व श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल-अबीर उड़ाते हुए व भगवान के जयकारे लगाते हुए विसर्जन यात्रा निकाली। इस दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु थिरकते नजर आए। कलाकारों ने शिव-पार्वती, काली मां की अदभुत प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। देवी मंदिर से शुरू विसर्जन यात्रा वार्ड नंबर एक होते हुए बौर नदी में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुई। समिति अध्यक्ष कुबेर सिंह बोरा ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गणेश मेहरा, योगेन्द्र सामंत, जीवन सिंह बिष्ट, जगदीश गर्जोला, गितेश, प्राण दत्त, रमेश बेलवाल, विनोद कत्यूरा, दीपक शर्मा, मोहन पांडे मौजूद रहे।

### झांकियों को देख झूमते नजर आये भक्त

**रामनगर :** पायते वाली रामलीला में चल रहे गणेश महोत्सव में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई झांकियों को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालात यह थे कि कहीं भी बैठने के लिए लोगों को जगह नहीं मिली। देर रात तक गणपति महोत्सव पंडाल में भजन कीर्तन का भक्तजन आनंद लेते रहे। आयोजक मंडल के देवकी नंदन अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को गणपति बप्पा की विसर्जन यात्रा मां गिरिजा मंदिर की तलहटी पर कोसी नदी में पहुंचेगी। जहां मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।

## नरेंद्र सिंह बने प्रधान आयकर आयुक्त



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आयकर विभाग में नरेंद्र सिंह जंगपांगी प्रधान आयकर आयुक्त बने हैं। उन्होंने मंगलवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह मुरादाबाद से स्थानांतरित होकर आए हैं। मूल रूप से पिथौरागढ़ जनपद के मुनस्यारी के ग्राम इमला (मदकोट) निवासी जंगपांगी भारतीय राजस्व सेवा 1994 बैच के अधिकारी हैं।

उन्होंने अपनी सरकारी सेवा की शुरुआत हल्द्वानी से की थी। वह उत्तराखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। कार्यभार ग्रहण करने पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने राजस्थान के भीलवाड़ा, उदयपुर, जयपुर में सर्विस के दौरान पुष्कर में उत्तराखंड आश्रम के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह दिगडि ग्रुप के संस्थापक सदस्य होने के नाते विभिन्न सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते हैं।

## सार-संक्षेप


क्रय-विक्रय समिति में बैठक करते अंश धारक सदस्य। ● अमृत विचार

### संशोधित नियमावली को लेकर अंश धारकों ने किया मंथन

**किच्छा :** उत्तराखंड राज्य सहकारी संस्थाओं के लिए संशोधित नई नियमावली के अनुपालन के क्रम में किच्छा क्रय विक्रय समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में सहकारी समितियां उत्तराखंड मुख्यालय देहरादून के निबंधन द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में प्रस्ताव पारित किया गया कि समिति के सदस्यों का सदस्यता शुल्क पूर्ववत रहेगा। जबकि अंश में 900 रुपये की वृद्धि कर 1000 की धनराशि जमा कर सभी सदस्यों को अंश वृद्धि की धनराशि जमा कर स्थाई सदस्यता बनाए रखनी होगी। समिति परिसर में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया कि नए व्यक्ति को सदस्य बनने के लिए नए आदेशों के अनुसार ही सदस्यता प्रदान की जाएगी। समिति सदस्य प्रताप सिंह धानक एवं विशाल सिंह मेहरा ने सदस्यों से अपना अंश जमा कर समिति की स्थायी सदस्यता बरकरार रखने की अपील की। बैठक का संचालन समिति सचिव नवल शर्मा तथा अध्यक्षता प्रशासक राजेंद्र कुमार ने की। समिति सचिव नवल शर्मा, देव सिंह कोरंगा, पूरन लाल, शेर सिंह, संजय सिंह, लईक अहमद मौजूद रहे।


रुद्रपुर में बैठक करते राम नाटक क्लब के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### एक अक्टूबर से प्रारंभ होगी मुख्य रामलीला

**रुद्रपुर :** शहर की मुख्य रामलीला की तैयारियों को लेकर श्री राम नाटक क्लब के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। इसमें काफी चर्चा के बाद एक अक्टूबर से रामलीला का मंचन किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कमेटी के लोगों को दायित्व भी बांटे गए। मंगलवार को प्रमुख प्राचीन रामलीला कमेटी की एक पदाधिकारियों की एक बैठक रामलीला सभागार में हुई। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि रुद्रपुर की गौरवशाली धार्मिक परंपराओं में विशेष स्थान रखने वाले रामलीला मंचन का शुभारंभ एक अक्टूबर से होगा। सभी दीवारों पर टाइल्स, फ्रंट गैलरी में मार्बल एवं सभी खंभों पर मार्बल लगाया गया है। इसके अलावा अतिरिक्त शेड का निर्माण भी हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए लोहे का द्वार बनाने की प्रक्रिया संचालित है। पुरानी सिलिंग को बदलकर नई सिलिंग लगाई गई है। इस मौके पर महामंत्री विजय अरोड़ा,कोऑर्डिनेटर नरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, अमित अरोड़ा बॉबी, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोड़ा, विजय विरमानी, अमित चावला, आशीष मिड्डा, सुशील गाबा आदि मौजूद रहे।


बाजपुर दोराहा चौक पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

### अचानक दोराहा पहुंचे एसएसपी, सुरक्षा व्यवस्था देखी

**बाजपुर :** शरणस्थली बनते जा रहे जनपद ऊधम सिंह नगर में अपराधियों व अपराधिक वारदतों पर अंकुश लगाने के लिए नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने सख्त रुख अपना लिया है, जोकि स्वयं ही रात्रि में जनपदभर में क्षेत्र भ्रमण पर निकल जा रहे हैं। सोमवार की मध्य रात्रि अचानक एसएसपी दोराहा बाजपुर पहुंच गए और सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उत्तर-प्रदेश का बार्डर क्षेत्र होने के नाते उन्होंने विशेष चौकसी बरतने के निर्देश मातहतों को दिए। उनके इस तरह अचानक पहुंचने से स्थानीय पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। इस मौके पर एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।


बाजपुर में खिलाड़ी सोनू यादव को सम्मानित करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### गोल्ड मेडल जीतने पर सोनू का किया स्वागत

**बाजपुर :** स्वामी विवेकानंद सामाजिक उत्थान संघ ने पिछले माह 25 अगस्त को हुई जिला स्तर की कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर खिलाड़ी सोनू यादव का श्रीरामलीला मैदान में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौ रान फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उत्थान संघ के अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने उन्हें महाराणा प्रतापजी का चित्र भेंट किया। इस मौके पर जगदीशकांत श्रीवास्तव, मोहम्मद तकमील, जितेंद्र पासी, राजेंद्र कुमार, कुलदीप सिंह, सुरजीत कश्यप, जितेंद्र सागर, रवि कश्यप आदि मौजूद रहे।

### शांतिपुरी क्षेत्र में पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ किया गया आयोजन, देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया

# डोला आमंत्रण के साथ नंदाष्टमी मेला प्रारंभ

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** शांतिपुरी में मंगलवार को डोला आमंत्रण के साथ पारंपरिक नंदाष्टमी मेले का विधिवत शुभारंभ हुआ।

शांतिपुरी नंबर 2 ढाकानी स्थित मां नंदा देवी मंदिर के पुजारी पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, प्रधानपति विशन सिंह कोरंगा, हरपाल सिंह कोरंगा, हुकम सिंह कोरंगा, शेर सिंह कोरंगा, शान्तिपुरी नंबर 4 चन्द्रपुरी स्थित मां नंदा देवी मन्दिर के पुजारी गोविंद सिंह रौतेला, डिगर सिंह मेहर, कुन्दन सिंह पांडा, शान्तिपुरी के सत्संग आश्रम स्थित मां नंदा देवी मंदिर के पुजारी उदय सिंह कोरंगा, प्रेम सिंह कोरंगा, शीशम भुजिया स्थित मां नंदा देवी मंदिर के पुजारी भवान सिंह मेहर, पुष्कर सिंह मेहर, लक्ष्मण सिंह कोरंगा, दान सिंह कोरंगा, भगत सिंह कोरंगा, मान सिंह कोरंगा व शांतिपुरी नंबर 5 सूर्यनगर स्थित मां नंदा देवी मंदिर के पुजारी कुंवर सिंह मेहर, भीम सिंह दानू, पान सिंह रौतेला, बलवंत सिंह दानू के नेतृत्व में मां नंदा देवी के डोले का विधिवत पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ आमंत्रण किया गया। शान्तिपुरी क्षेत्र के सभी स्थित मां नंदा देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और देर रात्रि तक झोड़ा चाचरी एवं कीर्तन भजन आदि के साथ मां की आराधना की गई। इस दौरान रात्रि के तीन पहरों पर हुई सामूहिक आरती के साथ लोगों ने देव दर्शन किए। इस दौरान पंडित ललित मोहन जोशी, पंडित बसंत तिवारी, पंडित नन्दाबल्लभ जोशी, पंडित लक्ष्मी दत्त तिवारी, पंडित प्रकाश चंद तिवारी, प्रधान चंद्रकला कोरंगा, प्रधान रोहित तिवारी, हयाद सिंह कोरंगा, विनोद कोरंगा, बी एस कोरंगा, खीम सिंह मेहता, कल्याण सिंह मटियानी, लाल सिंह टाकुली, देवेन्द्र सिंह कोरंगा, बिक्की कोरंगा, ललित सिंह कोरंगा, पंकज कोरंगा, पुष्कर कोरंगा, धर्मेन्द्र कोरंगा, लक्ष्मण कोरंगा, चन्दन कोरंगा, दुर्गा सिंह कोरंगा, गोबिंद सिंह कोरंगा, नेत्र सिंह टाकुली आदि मौजूद थे।


शांतिपुरी में मां नंदा अष्टमी मेले के शुभारंभ पर डोले को आमंत्रित कर मंदिर जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### वारंटी को किया गिरफ्तार

**काशीपुर :** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने फासियापुरा निवासी मुकुल अस्थाना को गिरफ्तार किया है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)-263139
फोन एंव फैक्स: 05946-220172
E-mail: eddhld@yahoo.com

सं० 3334/ वि०न०वि०ख०(ह०) /दिनांक- 11-09-24

**निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा अनुभवी, प्रतिष्ठित, ख्याति प्राप्त, आयकर, जी०एस०टी०, ई०पी०एफ० में पंजीकृत एवं शासन व विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों/एजेन्सियों से निम्न कार्य / सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबन्द निविदायें पृथक-पृथक दो भागों में दिनांक 04.10.2024 के अपराहन 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 03.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं या उनके मनोनीत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। निविदा के प्रपत्र भाग-1 में अधोहस्ताक्षरी के नाम प्रतिभूति धरोहर राशि जो एन०एस०सी०/ एफ०डी०आर० के रूप में बंधक और सम्बन्धित कार्य का अनुभव अभिलेख एवं ई०पी०एफ० व जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाण आदि संलग्न होना अनिवार्य होगा तथा दूसरे मुहरबन्द भाग में निविदा प्रपत्र दरें एवं अन्य शर्तें होनी चाहिए। धरोहर राशि तथा अन्य अभिलेखों के अभाव में निविदा का दूसरा भाग किसी भी दशा में नहीं खोला जाएगा। कटी फटी एवं शर्तें रहित निविदा किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी। निविदा के साथ दरों की वैद्यता रू0 10.00 के स्टाम्प पर देना आवश्यक होगा।

क्र० सं०, कार्य / सामग्री का विवरण, धरोहर धनराशि, कार्य/ आपूर्ति का समय, निविदा सं०, निविदा की धनराशि

1- विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम, सुभाषनगर, हल्द्वानी के अन्तर्गत 33/11 के०वी० उप-संस्थान हाईडिल गेट, काठगोदाम में पॉवर परिवर्तक 10 एम०वी०ए० की क्षमतवृद्धि कर 12.5 एम०वी०ए० में परिवर्तित किये जाने का कार्य। मद-प्रणाली सुधार, 41000.00, 03 माह, EDD(T)H- 18/2024-25, 1000.00 + 180.00 (18% GST)

2- विद्युत वितरण उपखण्ड-प्रथम, सुभाषनगर, हल्द्वानी के अन्तर्गत अनुभाग रानीबाग में स्थापित लाईनों एवं परिवर्तकों के उचित रख-रखाव हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्री आपूर्ति। मद-ओ०एण्डएम०, 10000.00, 01 माह, EDD(T)H-19/2024-25, 250.00+45.00 (18% GST)

निविदा प्रपत्र जी०एस०टी० रजि० प्रमाण पत्र उपलब्ध करते हुए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03.10.2024 तक निविदा की राशि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट से भुगतान किये जाने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह निविदा को निरस्त कर सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस पर बेची व खोली जायेंगी।

Customer Care Toll Free No. 1912
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड (नगर), हल्द्वानी

# 20 से होने वाले राज्यस्तरीय खेलों की बनाई गई रूपरेखा

### डीएम ने बैठक में किया समितिऔर नौ उप समितियों का गठन


राज्य स्तरीय खेलों को लेकर अधीनस्थों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाली पांचवी राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा को लेकर डीएम उदयराज सिंह ने अधीनस्थों के साथ एक बैठक की। साथ ही समिति एवं नौ समितियों का गठन कर तैयारियां पूर्ण करने का आदेश दिया।

बैठक के दौरान डीएम ने प्रतिस्पर्धा को सफल बनाने के लिए सभी एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी और पूर्ण मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान एसडीएम मनीष बिष्ट ने कार्यों की रूपरेखा तैयार कर समितियों को उनके कार्यों के बारे में अवगत कराया। बताया कि राज्यस्तरीय खेल को सफल बनाने के लिए मुख्य समिति एवं नौ उप समितियों का गठन किया गया है। डीएम ने स्वच्छता समिति व प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया समिति भी बनाये जाने का आदेश दिया। साथ ही खेल स्थल पर मेडिकल सुविधा, एक एंबुलेंस की तैनाती होगी। बताया कि आगामी वर्ष में 38वां राष्ट्रीय खेल भी राज्य में होगा।

इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, प्राधिकरण के जय किशन, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एडीएम अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी पंकज शुक्ल, एसएनए शिप्रा जोशी, एसडीएम गौरव पांडे, सीईओ के एस रावत, डीएसओ जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, राज्य ओलंपिक के महासचिव डीके सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को पांच साल की सजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**फैसला**
▸▸ वर्ष 2022 में काशीपुर थाने का था मामला, विशेष पॉक्सो अदालत ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को विशेष पॉक्सो न्यायाधीश ने पांच साल की सजा और 15 हजार का जुर्माना देने की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि काशीपुर की एक महिला ने 25 नवंबर 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को स्कूल आते-जाते एक युवक पीछा कर छेड़खानी करता है। कई बार उसे मना किया पर वह नहीं माना। शाम करीब साढ़े चार बजे जब बेटी स्कूल से घर लौट रही थी, तो आरोपी ने उसे पकड़ कर छेड़खानी करनी शुरू कर दी। नाबालिग ने शोर मचाया तो लोगों को आते देख युवक वहां से भाग गया। पीड़िता ने घर पर आकर घटना बताई। बताया कि पुलिस ने आरोपी बादल सिंह निवासी धमोरा अहलमाली मुकुंदपुर थाना आईटीआई को धर दबोचा। मामले की सुनवाई विशेष पॉक्सो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की अदालत में शुरू हुई। जहां विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने पांच गवाह पेश किए। अदालत ने दोषी बादल सिंह को पांच वर्ष के कठोर कारावास और 15 हज़ार रुपये जुर्माने की सज़ा सुनाई। उन्होंने कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 10 हज़ार रुपये पीड़िता को प्रतिकर के रूप में मिलेंगे। साथ ही राज्य सरकार को पीड़िता को क्षतिपूर्ति मुआवज़े के रूप में 20 हज़ार रुपये देने को कहा है।


बाजपुर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### सपा ने 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया

**बाजपुर :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र नौजवान जागरूकता अभियान कार्यक्रम के प्रभारी मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव ने मंगलवार को एक निजी कोचिंग सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 16 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में एक के बाद एक पेपर लीक होने से होनहार विद्यार्थियों का भविष्य बर्बाद हुआ है। हमारी पार्टी मांग करती है कि पेपर लीक बंद हो। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही अखिलेश यादव उत्तराखंड के मेधावी विद्याथियों को लखनऊ बुलाकर सम्मानित करेंगे। इस मौके पर मुलायम यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अतुल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष अमित कुमार मौजूद रहे।

# पहली प्लास्टिक ऑपरेटर ट्रेड आईटीआई में खुलेगी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर ट्रेड शुरू करने वाली पहली आईटीआई काशीपुर होगी। प्लास्टिक क्षेत्र में भविष्य तराशने वाले छात्र-छात्राओं को नए ट्रेड शुरु होने से सुनहरा अवसर मिल सकेगा।

जिले के उद्योगों में पानी की टंकी, टोंटी, बोतल, डिस्पोजल प्लेट-ग्लास और डिब्बे आदि प्लास्टिक सामग्री का उत्पादन होता है। इसके लिए तकनीकी रूप से सशक्त युवाओं की आवश्यकता होती है। उद्योगों की मांग पर आईटीआई में प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर और रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग नई ट्रेड शुरू होने जा रही है। तीन माह पूर्व संस्थान से प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय भेजा गया था। यहां से प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजा गया। आईटीआई में प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर ट्रेड में दो यूनिट प्रदेश स्तर पर पहली बार खुलेगी। बता दें कि आईटीआई में मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, टर्नर, फिटर, मशीनिस्ट, विद्युत कार, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, आईटीएसएम आदि कोर्स संचालित हैं। आईटीआई प्रधानाचार्य जेपी टम्टा ने बताया कि प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर और रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग नई ट्रेड शुरू करने समेत 11 यूनिट बढ़ाने का प्रस्ताव निदेशालय भेजा गया है।

### छात्राओं की रील बनाकर फेसबुक पेज पर डाली

**काशीपुर :** एक युवक ने फेसबुक पेज पर स्कूल की छात्राओं की रील बनाकर गलत टिप्पणी कर दी। पुलिस ने सूचना के बाद आरोपी को हिरासत में लिया। बीते दिन फेसबुक पेज पर एक युवक ने एक स्कूल की छात्राओं की रील बनाकर डाल दी। साथ ही उसके ऊपर अभद्र टिप्पणी भी कर दी। पोस्ट आने पर लोगों में रोष फैल गया। लोगों ने इसकी शिकायत एएसपी अभय सिंह से की। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र में कच्ची शराब की भट्टी तोड़ी, लाहन भी नष्ट किया

**बाजपुर :** पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र के ग्राम महुवाडाली के जंगल में सुलग रही अवैध कच्ची शराब की भट्टी तोड़ी। करीब एक हजार लीटर लाहन मौके पर नष्ट किया। मंगलवार की प्रातः पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी की पुलिस टीम ने चौकी प्रभारी एसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी की अगुवाई में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी की। इस दौरान ग्राम महुवाडाली के जंगलों में बनाई गई एक अवैध कच्ची शराब की भट्टी तोड़ी गई। करीब एक लीटर लाहन नष्ट किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी, कांस्टेबल ललित कन्याल, नीरज कुमार, सचिन कुमार आदि शामिल रहे।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड नैनीताल**

पत्रांक : 1226/ग्रा०नि०वि०/निविदा सूचना/2024-25 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक : 10-09-2024

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न निर्माण कार्य की मुहरबन्द निविदा दिनांक 24-09-2024 के अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा नामित प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों का विक्रय, दिनोंक 23-09-2024 को सांय 04:00 बजे तक ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि जिनके हस्ताक्षर ठेकेदार द्वारा प्रमाणित किये गये हों, को निर्धारित निविदा मूल्य (राजस्व) का चालान एवं जी०एस०टी० चालान की पृथक-पृथक प्रति जमा करने एवं वांछित जमानत राशि प्रस्तुत किये जाने पर प्रखण्ड कार्यालय ग्रामीण निर्माण विभाग, नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल में किया जायेगा।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू० | धरोहर धनराशि लाख रू० | निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी०एस०टी० | कार्य पूर्ण की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | प्रखण्ड स्तर पर आमंत्रित | | | | | | |
| 1 | ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन गोरखपुर, भीमताल का निर्माण | 17.00 | 51000.00 | नि.मू. रू. 1500.00 +GST रू. 270.00 | 08 माह | 120 दिन | श्रेणी "ई" एवं उच्चतर (भवन निर्माण) |

नोटः- निविदादाताओं को निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा से सम्बन्धित शर्तों की जानकारी ग्रामीण निर्माण विभाग प्रखण्ड कार्यालय नैनीताल स्थित विकास भवन भीमताल से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड नैनीताल

**प्रेस वार्ता** पूर्व विधायक हरभजन सिंह ने कहा– सही ढंग से नहीं हो रहा कानून का उपयोग

# लिव इन रिलेशनशिप कानून विदेश की नकल

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि लिव इन रिलेशनशिप को हमारी राज्य सरकार ने पहले लागू किया। इसका विरोध नहीं है, लेकिन यह कानून विदेश की नकल है। इसका उपयोग सही ढंग से नहीं हो रहा है।

मंगलवार को पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बढ़ते महिला अपराधों को लेकर कहा कि वर्तमान में आपसी रिश्तों में गिरावट आई है। इससे रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में इससे जुड़े विषय रखना जरूरी है। लोग पैसों पर ही नहीं बल्कि बच्चों की सही परवरिश पर भी ध्यान दें। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि लिव इन रिलेशनशिप का कानून सही है। लेकिन बच्चों की परवरिश में भी कहीं न कहीं कमी आई है। कहा कि घर का माहौल ऐसा होना चाहिए जहां सारा परिवार एक साथ मिलकर बातें कर सके। किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा ने कहा कि महिला अपराधों को सरकार गंभीरता से ले रही है, लेकिन विपक्षी भाजपा के खिलाफ षड़यंत्र रच रहे हैं। महिला अपराधों को लेकर भाजपा सरकार ने कठोर कानून भी बनाए हैं। भाजपा नेता दीपक बाली ने कहा कि पाश्चत्य संस्कृति हावी होती जा रही है। विपक्ष अपनी जिम्मेदारी को राजनीतिक रूप दे रहा है। वहां पर भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, आशीष गुप्ता मौजूद रहे।


काशीपुर में प्रेस वार्ता करते पूर्व विधायक व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### दो साल से फरार नशा तस्कर को दबोचा

**किच्छा, अमृत विचार :** पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने 2 साल से फरार चल रहे नशा तस्कर को दबोच लिया। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि वार्ड नंबर 4, आजाद नगर, थाना ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर तथा मूल निवासी कतरैया बुजुर्ग, तहसील आंवला, पोस्ट बड़ा गांव, थाना सिरौली, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी प्रताप सिंह यादव को पुलिस ने नैनीताल रोड से गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपी प्रताप सिंह यादव शातिर किस्म का अपराधी है तथा उसके खिलाफ ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर तथा पुलभट्टा थाने में अभियोग पंजीकृत हैं।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eeujshld@gmail.com

पत्रांक : 2738/निविदा/167 **निविदा सूचना** दिनांक : 09.09.2024

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से निम्न कार्य हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान में "डी" एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दरें **दिनांक 25 सितम्बर, 2024 की सायं 03.00 बजे तक** टैण्डर बाक्स/पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन **सायं 3.30 बजे** अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

निविदा फार्म **दिनांक 10 सितम्बर, 2024 की पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 24 सितम्बर, 2024 की सायं 5.00 बजे तक** किसी भी कार्यालय दिवस में शाखा कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर ₹ 100.00 अतिरिक्त देय होगा किन्तु डाक द्वारा निविदा मंगाये जाने पर विलम्ब से पहुँचने वाली निविदा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11/ 2024-25 | ढमुवाढूंगा पेयजल योजनान्तर्गत भोटिया फार्म ढमुवाढूंगा (निकट गंगनाथ मन्दिर) में पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%)= 590.00 | ₹ 14500.00 | 02 माह |

नोटः– शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी, जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती हैं तथा उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी तथा संशोधित सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जायेगा।

"जल संचय–जीवन संचय"
अधिशासी अभियन्ता

## एक नजर

### तमंचे के साथ युवक धरा

**काशीपुर :** आईटीआई पुलिस ने 19 वर्षीय युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया है। सोमवार देर रात गश्त के दौरान आईटीआई पुलिस ने साईं धाम कॉलोनी में गणेश महोत्सव के दौरान बांसियोवाला कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय हिमांशु जाटल को गिरफ्तार किया। इस दौरान युवक के कब्जे से 315 बोर का तमंचा बरामद कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की है।

### दस वारंटी किए गिरफ्तार

**नानकमत्ता :** पुलिस ने दस वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव ने बताया कि वारंटी महेन्द्र सिंह उर्फ बन्टी निवासी बेलखेड़ा, बलदेव सिंह उर्फ बिल्ला व लखविंदर सिंह निवासी पक्की खमरिया, राजिन्द्र सिंह उर्फ नेत्र पाल निवासी मंडी बंगाली कॉलोनी, रंजीत सिंह निवासी मंडी बंगाली कॉलोनी, बलविन्दर सिंह निवासी सिद्ध, सिमरन जीत सिंह निवासी सिसईखेड़ा, राजू सिंह निवासी सिसईखेड़ा, रविन्द्र सिंह निवासी कल्याणपुर, मंगत सिंह उर्फ बिट्टा निवासी बरकीडाडी थाना नानकमत्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक दीपक जोशी, उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट, अशोक कांडपाल, हरीश प्रसाद, जगदीश पुजारी आदि शामिल थे।

### शॉर्ट सर्किट से 14 टायरा ट्रक में आग, लाखों का नुकसान

**किच्छा :** पुलभट्टा थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े 14 टायरा ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक स्वामी आमिर खान ने बताया कि संभवत: शार्ट सर्किट के चलते ट्रक में आग लगी है और घटना में करीब 7 लाख रुपये का माल जलकर राख हो गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और बमुश्किल आग पर काबू पाया।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी दबोचा

**किच्छा :** पुलभट्टा पुलिस ने स्कूल से घर लौट रही नाबालिग से सड़क पर सरेराह छेड़छाड़ करने तथा पॉक्सो एक्ट के आरोपी युवक को सूचना के आधार पर दबोच लिया। विगत 7 सितंबर को स्कूल से घर लौट रही नाबालिग के साथ आरोपी द्वारा छेड़छाड़ की गई थी। पुलभट्टा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि नाबालिग के पिता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी। पुलिस टीम ने गांव से भागने की फिराक कर रहे ग्राम अजीतपुर, थाना पुलभट्टा निवासी आरोपी शिवकुमार को दबोच लिया।

### एसएसपी ने दिए अधीनस्थों को आदेश, हथियार हैंडलिंग व पेट्रोलिंग पर रहेगा फोकस

# तस्करों से निपटने के लिए वन कर्मी लेंगे हथियारों की ट्रेनिंग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पीपल पड़ाव रेंज में सागौन लकड़ी के तस्करों द्वारा वन विभाग की टीम पर गोलीबारी कर चार वन कर्मचारियों को घायल करने की घटना के बाद एसएसपी ने वन कर्मचारियों को हथियार प्रशिक्षण एवं पेट्रोलिंग देने का निर्णय लिया है। उन्होंने पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों के साथ गोष्ठी कर आदेशित किया।

सोमवार की देर शाम एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ एक गोष्ठी की। एसएसपी ने विगत दिनों वन विभाग की टीम पर गोलीबारी की घटना को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लेकिन इस प्रकार की घटना दोबारा नहीं हो, इसके लिए वन विभाग के अधिकारी एवं कार्मिकों को बेहतर प्रशिक्षण देना बहुत जरूरी है। जिसमें शस्त्र हैंडलिंग एवं पेट्रोलिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि अब पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम घने जंगलों में एक साथ पेट्रोलिंग करेगी और तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करेगी। साथ ही वन विभाग कुख्यात तस्करों की एक सूची संबंधित थाना और पुलिस कार्यालय में भी मुहैया कराएगी। साथ ही वन विभाग की चौकी, संवेदनशील इलाकों में आईपी एड्रेस युक्त सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। जिनका लिंक पुलिस कंट्रोल रूम में रहेगा। आदेशित किया कि घने जंगलों के नजदीक बसे गांवों के लोग यदि तस्करी में लिप्त हैं, तो वन विभाग की एक अस्थायी चौकी बनाई जाए और तस्करों को चिह्नित किया जाए। इसमें पुलिस का पूर्ण सहयोग रहेगा।

इस मौके पर एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, सीओ केएस चौहान, सुंदरम शर्मा आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में अधीनस्थों के साथ बैठक करते एसएसपी। ● अमृत विचार

# पत्नी से मारपीट करने पर सिपाही निलंबित

संवाददाता, रुद्रपुर

**कार्रवाई**
- पत्नी के गुहार लगाने पर एसएसपी ने लिया एक्शन
- दिनेशपुर थाने में तैनात है मारपीट का आरोपी सिपाही

**अमृत विचार :** ओवरलोड वाहनों का मामला हो या फिर विभागीय मामले, एसएसपी मणिकांत मिश्रा एक्शन मूड में दिख रहे हैं। जैसे ही उनके सामने अपने ही विभाग के एक सिपाही का मामला सामने आया, उन्होंने तत्काल आरोपी सिपाही को निलंबित कर जांच के आदेश दे दिए।

दिनेशपुर थाने में तैनात सिपाही गोविंद आर्या की पत्नी ने पुलिस कार्यालय पहुंच कर एसएसपी मणिकांत मिश्रा को एक शिकायती पत्र दिया। पीड़िता का आरोप था कि उस का पति रोज आकर मारपीट करता है और अक्सर पुलिसिया रौब दिखाता है। इससे वह मानसिक व शारीरिक यातनाएं झेल रही है। शिकायती पत्र को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने तत्काल आरोपी सिपाही गोविंद आर्या को निलंबित कर दिया और मामले की जांच के आदेश दे दिए। एसएसपी ने हिदायत दी कि यदि किसी भी विभागीय अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ पारिवारिक कलह के तहत मारपीट, फरियादी, वादी और महिला प्रताड़ना की शिकायत मिलेगी तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# लोहिया मार्केट में पार्किंग को लेकर भड़क उठे व्यापारी

### पुलिस की कार्रवाई का किया विरोध, एसपी सिटी-एमएनए से हुई नोकझोंक, अधिकारियों ने वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया


व्यापारियों को समझाते एमएनए। ● अमृत विचार


एसएसआई का घेराव करते व्यापारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** रोडवेज के समीप पुलिस द्वारा पार्किंग स्थल बनाए जाने की सूचना मिलते ही व्यापारी आक्रोशित हो उठे और उन्होंने पुलिस की कार्रवाई का विरोध करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। कहना था कि लोहिया मार्केट में व्यापारियों का रोजगार होता था, वहां पार्किंग स्थल बनाया जाना गलत है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सूचना मिलने पर एसपी सिटी और एमएनए के बीच व्यापारियों की नोकझोंक भी हुई।

यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से मंगलवार की सुबह पुलिस रोडवेज के सामने स्थित उजाड़ी गई लोहिया मार्केट स्थल पर पार्किंग बनाने के लिए जेसीबी से जमीन को समतल कर रही थी। इसकी भनक लगते ही प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा व कोषाध्यक्ष संदीप राय के साथ उजाड़े गए व्यापारी पहुंच गए और पुलिस के समतल कार्य को रुकवा दिया। इसकी सूचना मिलते ही एसपी सिटी मनोज कत्याल और एमएनए नरेश दुर्गापाल भी मौके पर पहुंचे। जहां व्यापारियों के साथ उनकी नोकझोंक भी हुई। आरोप था कि 18 माह पहले जी-20 के नाम पर व्यापारियों को उजाड़ दिया गया था। अभी तक रोजगार के लिए भूमि नहीं मिली। ऐसे में पार्किंग स्थल बनाकर पुलिस व्यापारियों को आहत कर रही है। काफी देर बाद अधिकारियों ने आपसी वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया।

इस मौके पर इंद्रजीत सिंह, बलविंदर सिंह, नरेंद्र चावला, राजा मदान, हर्ष रावल, बलजीत सिंह, आशु ग्रोवर, बल्देव छाबड़ा, इदरीस अहमद, कृष्ण खुराना, श्याम ढींगरा, परवेज खान, सर्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### बाहर टहल रही महिला से लूटी दो तोले सोने की चेन

**रुद्रपुर :** शहर में एक बार फिर झपट्टा मार गैंग सक्रिय हो गया है। घटना को अंजाम देते हुए बाइक सवार बदमाशों ने खाना खाकर घर के बाहर टहल रही एक महिला से सोने की चेन लूट ली है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और सीसीटीवी में कैद बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। आदर्श कॉलोनी निवासी नफीसा सोमवार की रात्रि खाना खाकर घर के बाहर टहल रही थी कि अचानक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने महिला के गले में पड़ी दो तोले सोने की चेन लूट ली। जब तक महिला कुछ समझ पाती, बाइक सवार फरार हो गए। पीड़िता ने घटना की सूचना अपनी पति मकबूल अहमद को दी। पुलिस ने घटना की जानकारी लेने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। उधर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और सीसीटीवी की तलाश शुरू कर दी है।

# खरीदारी के बाद कर दिया फर्जी पेटीएम

संवाददाता, रुद्रपुर

**आक्रोश**
- व्यापारी नेताओं ने एसएसआई का किया घेराव

**अमृत विचार :** ठगों ने ठगी करने का अब नया तरीका खोज लिया है। एक ही व्यक्ति पहले दुकानों पर जाकर हजारों की खरीदारी करता फिर भुगतान के नाम पर फर्जी पेटीएम कर देता है। फर्जी पेटीएम के शिकार व्यापारियों ने एसएसआई का घेराव कर शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आगाह किया कि यदि संदिग्ध की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राय सहित पीड़ित दुकानदार कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने एसएसआई अशोक कुमार का घेराव कर तहरीर सौंपी। उनका कहना था कि पिछले कुछ दिनों पहले एक व्यक्ति ने कन्फैक्शरी, किराना स्टोर व बेकरी की दुकानों पर हजारों रुपये की खरीदारी करने के बाद पेटीएम किया। आरोपी ने दुकानदार को भुगतान का मैसेज भी दिखाया। जब व्यापारियों ने जाने के बाद बैलेंस की जांच की, तो पाया कि दुकानदार को कोई भी भुगतान नहीं हुआ। बताया कि अब तक आरोपी चार दुकानदारों से 25830 रुपये की ठगी कर चुका है। उन्होंने जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर अनिल अरोड़ा, मंदीप सिंह नागपाल, प्रवीण कुमार, प्रवीण अनेजा, श्याम सुंदर खुराना आदि मौजूद रहे।

### युवक पर हमला कर छीनी एक लाख की नगदी

**काशीपुर :** काम से कुंडेश्वरी रोड स्थित एक रिसार्ट आये युवक पर कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने गले से सोने की चेन और एक लाख रुपये की नकदी भी छीन ली। मोहल्ला काजीबाग निवासी मो. इदरीस ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह सोमवार की देर रात अपने काम से कुंडेश्वरी रोड स्थित एक रिसार्ट गया था। इसी बीच अचानक एक व्यक्ति व उसके परिवार ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। मौके पर बोलेरो को भी क्षतिगस्त कर दिया। आरोपियों ने गले से 25 ग्राम की सोने की चेन और एक लाख रुपये भी छीन लिये।

# कलंदर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** इंदिरा चौक पर महिला को सम्मोहित कर जेवरात लूटने वाले आरोपी को रंपुरा पुलिस चौकी ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी दिल्ली के कलंदर गैंग का सक्रिय सदस्य है और महिलाओं को सम्मोहित कर लूटपाट करता है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि सोढ़ी कॉलोनी डिबडिबा यूपी निवासी रामेश्वरी देवी ने मुकदमा दर्ज करवाते हुए बताया था कि वह खरीदारी के लिए रुद्रपुर आई थी और जैसे ही इंदिरा चौक पहुंची। अचानक तीन से चार युवक आए और बातों में उलझाकर सम्मोहित कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने जेवरात उतरवा लिए। जब होश आया तो आरोपी फरार हो चुके थे। बताया कि मुकदमा दर्ज कर जब सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, तो सीसीटीवी कैमरों में घटना के बाद सभी आरोपी एक संदिग्ध कार में बैठकर दिल्ली हाईवे पर जाते हुए दिखाई दे रहे थे।

पुलिस ने फुटेज के आधार पर दिल्ली जाकर दबिश दी और मौके से कलंदर कॉलोनी भलस्वा डेयरी दिल्ली निवासी शेरून को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके कई साथी दिल्ली के ही कलंदर गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं जो सम्मोहित कर महिलाओं से लूटपाट की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 8800 की नकदी व आधार कार्ड भी बरामद किए हैं।


आरोपी के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### दस हजार का था स्पीकर कंपनी ने ले लिए 66 हजार

**काशीपुर:** एक महिला से कंपनी ने 10 हजार के स्पीकर के 66 हजार रुपये काट लिये। महिला की तहरीर पर पुलिस ने कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम बांसखेड़ी निवासी ममता पत्नी विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पति वर्तमान में बटालियन नंबर 14, पिथौरागढ़ में तैनात हैं। पति ने चार फरवरी 2021 को अपने मोबाइल से एक स्पीकर डाउन पेमेंट के साथ 9171 रुपये में खरीदा था। जिसके लिये नौ किस्तों में 10051 रुपये भुगतान करने थे। जिसका पूरा भुगतान वर्ष 2021 में हो गया। आरोप लगाया कि स्नेपमिंट कंपनी द्वारा 66 हजार रुपये काट लिये गये। इस पर कंपनी को मेल के साथ ही नोटिस भिजवाया गया।

# अनियंत्रित कार ने दो पैदल युवकों को रौंदा, घायल

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** अनियंत्रित हुई तेज गति से चल रही कार ने दो पैदल युवकों यात्रियों को रौंद दिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।


घायल युवक ।

जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग स्थित स्वागत मंडप के पास तेज गति से आ रही एक कार किसी कारण अनियंत्रित हो गई। जिसने सड़क के किनारे चल रहे दो युवकों को रौंद दिया। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल युवकों को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल जसपुर भिजवाया। घायलों में शोभित पुत्र अमर सिंह निवासी कोटरा, नगीना लि बिजनौर उत्तर प्रदेश और सतीश पुत्र हरपाल सिंह निवासी खानपुर, नगीना जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। घटना की सूचना दिए जाने पर घायल युवकों के परिजन पहुंच गए हैं। उन्होंने अभी तक घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर नहीं दी। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है ।

### कार की टक्कर से एक की मौत, दो बाइक सवार घायल

**खटीमा :** बीती रात्रि सितारगंज रोड पर कार ने बाइक सवारों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। इसमें एक की मौत हो गई है। उधर टक्कर लगते ही कार में आग लग गई और चालक ने कूदकर जान बचाई। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार देर रात्रि सैजना निवासी श्रीकृष्ण (30) पुत्र हरपाल सिंह अपनी बाइक से सितारगंज रोड स्थित लोहिया पुल पर पहुंचा था। उसी समय सामने से आ रहे कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। कार चालक ने एक अन्य बाइक सवार रुद्रपुर निवासी गोपीशंकर को भी टक्कर मार दी। इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर टक्कर लगते ही कार में आग लग गई और चालक ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। घायलों में श्रीकृष्ण की हालत की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। जिसने रास्ते में दम तोड़ दिया। खबर लगते ही मृतक के घर पर कोहराम मच गया। उधर परिजन शव को नागरिक अस्पताल ले आए। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।


श्रीकृष्ण ।

**आस्था** | विधायक तिलक राज बेहड़ एवं भाजपा नेता विवेक दीप सिंह ने निभाई मुख्य यजमान की भूमिका

# किच्छा में सजा श्री खाटू श्याम का विशाल दरबार, उमड़े भक्त

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** श्री श्याम सत्संग मंडल एवं श्री श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वाधान में विशाल श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया गया। पुरानी गल्ला मंडी स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम में बाहर से आए गायक कलाकारों ने श्री खाटू श्याम की लीलाओं का सुंदर गुणगान किया। नगर स्थित नवीन मंडी स्थल में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का शुभारंभ मुख्य यजमान विधायक तिलक राज बेहड़ एवं भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह ने विधि विधान से किया। श्री राधा कृष्ण मंदिर के मुख्य पुजारी सुनीत शर्मा द्वारा मंत्रों के साथ पूजा अर्चना कर संकीर्तन महोत्सव शुरू कराया गया। इससे पूर्व श्री श्याम सत्संग मंडल के सदस्यों ने विधायक बेहड़ एवं भाजपा नेता विवेक दीप सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। देर रात शुरू हुए संकीर्तन महोत्सव में कोलकाता से आए भजन गायक सौरव शर्मा, जयपुर से अभिषेक नामा और मंदसौर से अधिष्टा - अनुष्का की टीम ने श्याम बाबा का गुणगान कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। संकीर्तन महोत्सव में छप्पन भोग की व्यवस्था हनुमान प्रसाद सिंघल, मनोज सिंघल, विशाल सिंघल, पंचमेवा प्रसाद मुकेश कुमार गोयल, श्रंगार सेवा श्री श्याम जी मेडिकल एवं साईं मेडिकल कॉलेज, प्रसाद सेवा पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह यादव एवं विजयपाल यादव, पान सेवा सत्यनारायण गोयल एवं मोहित गोयल, लाइट सेवा हनुमान प्रसाद गोयल द्वारा की गई। अलग-अलग व्यवस्थाओं में मित्र मंडल के तमाम पदाधिकारी सेवा करते नजर आए। मौके पर ग्यारसी लाल बंसल, महेश चंद्र अग्रवाल मौजूद रहे।


किच्छा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते विधायक बेहड़ एवं अन्य अतिथि।


किच्छा में सजे दरबार में उमड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# दो मकान स्वामियों का चालान

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत फड़, खोमचे, किराएदार व बाहरी राज्यों से आकर रह रहे व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस की दो टीमों ने जयनगर नंबर- 4, कालीनगर एवं जाफरपुर क्षेत्र में किराएदारों का सत्यापन न कराए जाने पर दो मकान स्वामी से 83 पुलिस एक्ट में 10,000 का नगद चालान वसूला। एक मकान स्वामी का 83 पुलिस एक्ट में कोर्ट का चालान किया। चार फड़ व फेरी वालों का 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत 1000 नगद वसूले। अभियान के दौरान 48 किरायेदारों का सत्यापन किया गया। मकान स्वामियों से किराएदारों का सत्यापन करवाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना क्षेत्रांतर्गत फड़, फेरी, खोमचे , किराएदार व बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन हेतु थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में दो पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रथम टीम में एसआई लोकेश रावत व एएसआई संतोष उप्रेती की टीम ने जयनगर नंबर-4 व कालीनगर एवं दूसरी टीम में एसआई नवीन सुयाल व एएसआई अनवर अहमद की टीम ने जाफरपुर क्षेत्र में सत्यापन की कार्यवाही की। अभियान के दौरान 48 किरायेदारों का सत्यापन किया। पुलिस टीम में एचसी रंजीत लाल, एलसी रेखा गंघरिया, आरसी रविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर में किराएदारों का सत्यापन करते थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत व पुलिस टीम।

न सुहृद्यो विपन्नार्थां दिनमभ्युपपद्यते।
स बन्धुर्योऽपनीतेषु सहाय्यायोपकल्पते॥

सुहृदय वही है,जो विपत्तिग्रस्त दीन मित्र का साथ दे और सच्चा बंधु वही है,जो अपने कुमार्गगामी बंधु (बुरे रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति) की भी सहायता करे।

## संपादकीय

# साइबर सुरक्षा की चुनौती

हर देश अब डिजिटल क्षेत्र पर निर्भर है। डिजिटलीकरण की बढ़ती प्रवृत्ति और डिजिटल दुनिया पर अत्यधिक निर्भरता के परिणामस्वरूप साइबर खतरे बढ़ गए हैं। ऐसे में साइबर सुरक्षा की चुनौतियों का सामना करने में भारत अकेला नहीं है, साइबर खतरे एक विश्वव्यापी और राष्ट्रीय चिंता का विषय है जो सीमाओं से परे है। साथ ही साइबर सुरक्षा केवल डिजिटल दुनिया तक ही सीमित नहीं है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अहम पहलू है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता देश है। देश में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 95 करोड़ से अधिक है। आज देश की 2,13,000 पंचायत इंटरनेट से जुड़ी हैं। साइबर स्पेस का दुरुपयोग कोई नई बात नहीं है और विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध अक्सर देखे जाते हैं जिनमें मैलवेयर हमले, फिशिंग, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले, डेटा चोरी, ऑनलाइन आर्थिक धोखाधड़ी, बाल पोर्नोग्राफी आदि शामिल हैं। बढ़ते साइबर खतरों का जवाब देने के लिए संगठनों के पास प्रभावी साइबर सुरक्षा नीतियां होनी चाहिए। साइबर हमले काफी नुकसान पहुंचाते हैं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को जोखिम में डालते हैं। भारत की अपर्याप्त साइबर सुरक्षा अवसंरचना, नीतियां और जागरूकता के कारण हैकर्स के लिए, सिस्टम की खामियों और कमजोरियों का फायदा उठाना आसान हो जाता है। तंत्र को सभी प्रकार के साइबर खतरों के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने में सक्षम बनाने के लिए एक व्यापक साइबर सुरक्षा नीति की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न अंग है और नरेंद्र मोदी सरकार इसे मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के पहले स्थापना दिवस समारोह में कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। 2015 में केंद्र की स्थापना कानून प्रवर्तन एजेंसियों को साइबर अपराधों से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के लिए एक ढांचा और पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने के लिए की गई थी। ऐसे समय में जब देश में प्रौद्योगिकी को जमीनी स्तर तक ले जाया जा रहा है और अगर साइबर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई तो यह देश के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें सटीक तरीके से रणनीति बनाकर और उस पर एक साथ, एक ही दिशा में आगे बढ़ना होगा। साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 और आई4सी के अन्य प्लेटफॉर्म्स के बारे में जागरूकता फैलाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी और अपराधों को रोकने में मदद मिलेगी। साइबर सुरक्षित भारत बनाने के लिए सभी राज्य सरकारों को अभियान से जुड़कर गांवों और शहरों तक जागरूकता फैलाने का काम करना होगा।

# निर्यात में कृषि उपजों की बढ़ती भूमिका


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

कृषि उत्पादों के निर्यात में उत्तर प्रदेश द्वारा एक रोड मैप निर्धारित कर मॉडल बनाने का काम किया गया है। एक सुदृढ़ और विकासपरक नीति के चलते उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पादों का निर्यात काफी तेजी से बढ़ा है।

स्वतंत्रता प्राप्ति काल से लेकर 1980 के दशक तक भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर नहीं था और यह एक प्रमुख खाद्यान्न आयातक देश के रूप में जाना जाता था,परंतु हरित क्रांति के बाद स्थिति पलट सी गई है। भारत अब आयातक से अन्नदाता और निर्यातक बन गया है। भारत के निर्यात में कृषि उपजों का हिस्सा निरंतर बढ़ रहा है। भारत का कृषि क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि और संबद्ध उत्पाद, समुद्री उत्पाद, डेयरी उत्पाद और कपड़ा और संबद्ध उत्पादों का निर्यात करता है। चावल भारत से सबसे अधिक निर्यात किया जाने वाला कृषि उत्पाद है। वर्ष 2024 में चावल और समुद्री उत्पादों का कृषि निर्यात में 35 प्रतिशत हिस्सा था। जनवरी 2024 तक भारत के कृषि उत्पादों के सबसे बड़े आयातक देश अमेरिका, चीन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका 4.20 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ भारतीय कृषि उत्पादों का सबसे बड़ा आयातक देश है, जिसकी कुल निर्यात में 10.89 प्रतिशत भागीदारी थी। भारत ने वर्ष 2023 में कृषि उत्पादों में दुनिया के आठवें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है। हालांकि इस वर्ष भारत के निर्यात में गिरावट का कारण भू-राजनीतिक समस्या उदाहरण स्वरूप लाल सागर संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध को माना जा सकता है,जिसने वैश्विक व्यापार को प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त, भारत ने गेहूं, गैर-बासमती चावल और चीनी पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिया,जिससे समग्र रूप से कृषि निर्यात में कमी आई है।

यह सब भारत सरकार के द्वारा अपनाई गई एक सशक्त कृषि निर्यात नीति की बदौलत हो पाया है। भारत सरकार ने कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि लाने के उद्देश्य से मजबूत निर्यात क्षमता वाले 50 कृषि उत्पादों के लिए एक सशक्त नीति बनाई है। निर्यातकों को तकनीकी और व्यावसायिक रूप से सक्षम और सशक्त बनाने के लिए,कृषि उत्पादों के परीक्षण की सेवाएं प्रदान करने के लिए लगभग 220 प्रयोगशालाओं को मान्यता प्रदान की है। इतना ही नहीं वियतनाम, अमेरिका, बांग्लादेश, नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, सऊदी अरब, मलेशिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर, चीन, जापान और अर्जेंटीना आदि देशों के भारतीय दूतावासों में कृषि-प्रकोष्ठों की स्थापना भी की है। सरकार द्वारा कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई कृषि निर्यात नीति का मुख्य उद्देश्य कृषि निर्यात बास्केट और निर्यात क्षेत्रों में विविधता लाना, उच्च मूल्यवर्धित कृषि निर्यात को बढ़ावा देना, स्वदेशी, जैविक, पारंपरिक और गैर-पारंपरिक कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना, बाजार तक पहुंच बनाने के लिए एक संस्थागत तंत्र प्रदान करना और किसानों को विदेशी बाजार में निर्यात अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाना है। इन सबके चलते अप्रैल-नवंबर 2023 की अवधि में कई प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में पर्याप्त वृद्धि देखी गई। भारत द्वारा पिछले वर्ष के 102 देशों की तुलना में आज 111 देशों को कृषि उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न देशों को अपने अधिकारी भेजकर न सिर्फ वहां से इंवेस्टमेंट प्राप्त करने का प्रयास किया है,बल्कि उत्पादों के लिए मार्केट भी तलाश किया है। विदेशी मांगों के अनुरूप प्रदेश में बेहतर क्वालिटी के उत्पाद तैयार करने पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान केन्द्रित किए जाने के कारण भी यह सफलता हासिल हुई।

जिन कृषि उत्पादों के क्षेत्र में अभी निर्यात वृद्धि की संभावनाएं हैं,उनमें पशुपालन, डेयरी, फिशरीज और बागवानी का क्षेत्र पूरी तरह से खुला पड़ा हुआ है। हरित क्रांति की सफलता के बाद ग्रीन रिवोल्यूशन प्लस की बात चल रही है, जो बागवानी से संबंधित है। भारत के पास अंगूर और केलों के निर्यात में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर हैं। 2023-24 में देश ने 41.71 करोड़ डॉलर के चार लाख टन अंगूर का निर्यात किया। ऐसा सब कुछ विश्वसनीय कोल्ड चेन के साथ ट्रेसेबिलिटी के सिस्टम से यह संभव हो सका। इसके अतिरिक्त जिन उत्पादों में हम वैश्विक रूप से अन्य देशों के प्रतिस्पर्धी हैं,उनको मजबूत बनाने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा बनाना आवश्यक है। हालांकि भले ही फसलों में विविधता लाने के प्रयास सफल हो जाएं,फिर भी चावल उत्पादन और निर्यात घटने की संभावना नहीं है,क्योंकि यह किसानों के लिए लाभकारी है और पश्चिम एशिया, यूके तथा अमेरिका में इसकी काफी ज्यादा मांग भी है। इसके लिए यूरोप और अमेरिका में जिन कीटनाशकों की मंजूरी नहीं है,उनके प्रयोग पर रोक लगानी होगी। यूरोपीय यूनियन ने अभी तक बासमती चावल को जीआई उत्पाद के रूप मान्यता नहीं दी है। इससे इसकी अनूठी पहचान, प्रीमियम स्टेटस और बाजार मूल्य पर विपरीत असर पड़ता है। गत वर्ष कम निर्यात का कारण गैर बासमती सफेद चावल और टूटे चावलों पर प्रतिबंध लगाना भी था,जो मुख्य रूप से अफ्रीका को निर्यात किया जाता है। मसालों के निर्यात से देश को 2023-24 में 4.5 अरब डॉलर की कमाई हुई,लेकिन कीटनाशक अवशेषों, माइक्रोबॉयल प्रदूषण और शुद्धता के सख्त वैश्विक मानकों के कारण यह और ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। मई 2024 में हांगकांग, सिंगापुर और नेपाल ने प्रतिष्ठित भारतीय कंपनियों से मसाले आयात करने पर रोक लगा दी थी,क्योंकि उनमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा सीमा से अधिक थी। विश्व में प्रसंस्कृत खाद्य के निर्यात में भारत का हिस्सा इस समय मात्र 1-2 प्रतिशत है। सरकार को इसके लिए निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करते हुए विकसित बाजारों में मजबूत ब्रांडिंग अभियान चलाने की दिशा में काम कर रही है। इसके अंतर्गत भारतीय उत्पादों की विविधता और उनकी गैर जीएमओ (जेनेटिक रूप से संशोधित ऑर्गेनिज्म) क्वालिटी पर जोर दिया जा रहा है।

कृषि उत्पादों के निर्यात में उत्तर प्रदेश द्वारा एक रोड मैप निर्धारित कर मॉडल बनाने का काम किया गया है। एक सुदृढ़ और विकासपरक नीति के चलते उत्तर प्रदेश से कृषि उत्पादों का निर्यात काफी तेजी से बढ़ा है। पिछले वर्ष यूपी देश में पांचवें स्थान पर था,लेकिन अपने संसाधनों को बेहतर बनाकर व सही दिशा में प्रयासों के बल पर पहली बार इस वर्ष तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। अब कृषि निर्यात के क्षेत्र में सिर्फ उत्तर प्रदेश से आगे महाराष्ट्र और गुजरात हैं। पिछले एक वर्ष में कृषि निर्यात के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को रिकॉर्ड साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त वृद्धि मिली है। इस प्रकार प्रदेश के निर्यात मूल्य में 18.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष प्रदेश से 18,991.45 करोड़ रुपये के कृषि उत्पादों का निर्यात किया गया था, जो 2023-24 में बढ़कर 22,528.56 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें सबसे अधिक फल एवं सब्जियों के निर्यात में 475 प्रतिशत एवं गेहूं के निर्यात में 144.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि कुछ अन्य कृषि उत्पाद जैसे प्रसंस्कृत फलों के निर्यात में 44.45 प्रतिशत तथा फ्लोरीकल्चर के निर्यात में 37.58 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्रीअन्न (मोटा अनाज) के निर्यात में 36.05 प्रतिशत, बासमती चावल में 33.63 प्रतिशत,आम के निर्यात में 28.34 की वृद्धि हुई है। इधर मोटा अनाज अर्थात श्री अन्न की पश्चिमी देशों में जबरदस्त मांग बढ़ी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न देशों को अपने अधिकारी भेजकर न सिर्फ वहां से इंवेस्टमेंट प्राप्त करने का प्रयास किया है,बल्कि उत्पादों के लिए मार्केट भी तलाश किया है। विदेशी मांगों के अनुरूप प्रदेश में बेहतर क्वालिटी के उत्पाद तैयार करने पर राज्य सरकार द्वारा विशेष ध्यान केन्द्रित किए जाने के कारण भी यह सफलता हासिल हुई। पूर्वी उत्तर प्रदेश से ताजी और उच्च गुणवत्ता की सब्जियां एवं आम वाराणसी पैक हाउस के माध्यम से लंदन समेत यूरोप के अन्य देशों को निर्यात शुरू किया गया है। वाराणसी हवाई अड्डे से सीधे दुबई व खाड़ी के अन्य देशों को भी सब्जियां व अन्य फल भेजे जाने लगे हैं। चंदौली से काला चावल ऑस्ट्रेलिया को निर्यात किया गया है,जबकि वाराणसी से कतर को तथा मिर्जापुर से सेनेगल को चावल का निर्यात किया जा रहा है। बलिया, भदोही, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ से हरी मिर्च एवं अन्य ताजी सब्जियां, मेरठ, रामपुर, सहारनपुर और लखनऊ से आम, फर्रुखाबाद व आगरा से आलू, बागपत से शहद, कानपुर से मूंगफली, बिजनौर से खाड़ी देशों को गुड़ तथा हाथरस से न्यूजीलैंड को मक्खन का बड़े पैमाने पर निर्यात किया जा रहा है। इन निर्यातों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि उत्पादों के वैज्ञानिक भंडारण के लिए ग्रामीण गोदामों की स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं, साइलो स्थापित किए जा रहे हैं। अगले वर्ष से जेवर में एयरपोर्ट शुरू हो जाने के बाद कृषि निर्यात में और अधिक वृद्धि होगी। असल में उत्तर प्रदेश ने जिस तरह कृषि उत्पादों के निर्यात में प्रगति लाई है उस मॉडल को अपनाकर देश के अन्य राज्यों में भी प्रगति लाई जा सकती है।

## प्रसंगवश

# ठसक ठाकुरों की

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के खंडकाव्य "सिद्धराज" में एक पंक्ति आई है,'ठेका ले लिया है ठाकुरों ने ही ठसक' का। यही नहीं लाला भगवानदीन 'दीन' ने ठाकुर नामधारी कवियों की रचनाओं का एक संकलन संपादित किया है,जिसका उन्होंने नाम ही रखा है 'ठाकुर ठसक'।

शास्त्रोक्त वर्ण व्यवस्था में ठाकुर यानी क्षत्रिय वर्ग के कर्तव्यों में ही योद्धा वन रक्षा करना, शौर्य प्रदर्शन आदि आते हैं और उनका जन्म भगवान की भुजाओं से माना गया है। परशुराम ने जब विशेष कारणों से दुष्ट राजाओं का संहार किया, जिनमें क्षत्रिय ज्यादा थे, और भूमि ब्राह्मणों को दे दी तो शासन-प्रशासन की दिक्कत हुई थी, क्योंकि ब्राह्मण वैरागी स्वभाव के होते हैं। सामंत काल में तो क्षत्रियों की युद्धप्रियता इतनी बढ़ी कि आल्हा में एक पंक्ति आई है,"जो मरि जैहैं माहिल मामा तौ खुटिया मा टंगी रही तलवार"। ऐसा तब कहा गया,जब झूठ चुगली करके उरई के राजा माहिल (परिहार) ने महोबे वाले आल्हा ऊदल का दिल्ली से अनावश्यक युद्ध करा दिया था और सच्चाई मालूम होने पर ऊदल उन्हें मारने पर उद्यत हो गए। राजसत्ता पर काबिज होने के कारण 'ठाकुर' राजा का पर्यायवाची बन गया। जगन्नाथदास 'रत्नाकर' के 'उद्धव शतक' में पंक्तियां आई हैं,'प्यारो नाम गोविंद गोपाल को विहाय हाय,ठाकुर त्रिलोक के कहाइ करिहैं कहा'। यह भगवान श्रीकृष्ण कह रहे हैं और ठाकुर का मतलब तीनों लोकों के स्वामी से हैं। कवि सेनापति ने भगवान की चरण पादुकावों (खड़ाऊं) का वर्णन करते हुए उन्हें 'तीन लोक ठकुरानी' कहा है। (वेद में बखानी तीन लोक ठकुरानी सब जग जानी 'सेनापति' के सहाय की)।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

'ठाकुर जी' भगवान का पर्याय भी हैं और राजा,जमींदार आदि के लिए भी प्रयुक्त होने लगा। मुहावरे बन गए,'ठकुरन टोली याकै बोली','ठाकुर सोहाती','जौनै ठाकुर मरै,ओही कै जोहार टूटै'। ठाकुर को गंभीर होना जरूरी माना गया है। कहा गया है 'हंसुवा ठाकुर खंसुवा चोर" असफल रहता है। मुंशी प्रेमचंद की एक कहानी है,'ठाकुर का कुआं'। कहानी में जमींदारी युग के एक बड़कौले ठाकुर के कुएं से छोटी बिरादरी के लोगों को पानी भरने का अधिकार न होना दिखाया गया है।

# अति पर्यटन की संस्कृति यानी विनाश को न्यौता


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

पर्यटन किसी न किसी रूप में पहाड़ को नुकसान ही पहुंचा रहा है। दरअसल विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर ही पर्यटन को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

हिमालय क्षेत्र में यात्रा के संदर्भ में तीर्थाटन और पर्यटन दोनों एक दूसरे के पर्यायवाची लगते हैं, लेकिन ऐसा है नहीं। तीर्थाटन में जहां आस्था और आध्यात्मिकता का समावेश है वहीं पर्यटन मौज मस्ती और घुमक्कड़ी का प्रतीक है। दोनों अलग हैं,इसलिए इन्हें एक साथ जोड़कर नहीं देखा जा सकता है। पर्यटन में एक तरह का उन्माद है तो तीर्थाटन आत्मकेंद्रित है,लेकिन उत्तराखंड के संदर्भ में पर्यटन और तीर्थाटन को एक ही चश्मे की नजरों से देखा जा रहा है।

उत्तराखंड देवभूमि है, जहां चार धामों का समावेश है। आदिगुरु शंकराचार्य ने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए इस अंचल में चार धामों की महत्ता को स्वीकार किया था। बद्रीनाथ मंदिर में दक्षिण भारत के पुजारी हैं और यह व्यवस्था आदिगुरु शंकराचार्य ही कर गए थे। निश्चय ही इसके पीछे मानव धर्म-सेवा का भाव रहा होगा,लेकिन आज जिस तरह से बड़ी संख्या में पर्यटकों और तीर्थ यात्रियों ने उत्तराखंड के माहौल और यहां के पर्यावरण को बिगाड़ रखा है वैसा आदि गुरु शंकराचार्य ने कभी सोचा भी नहीं होगा।

चार धाम ही नहीं, बल्कि हिल स्टेशन नैनीताल, मसूरी सहित देहरादून-हरिद्वार आदि क्षेत्रों में अति पर्यटन की संस्कृति ने कई तरह के विनाश को न्यौता दिया है। अकेले अगर बात नैनीताल की करें तो यह अति संवेदनशील क्षेत्र है। यहां निरंतर हो रहे भूस्खलन इस संवेदनशीलता को दर्शाते हैं,पर इसकी चिंता किसी को नहीं है। यहां पर्यटन की चिंता में होटलों के जंगल उग आए हैं। बाहरी लोग यहां जमीनों की खरीद फरोख्त में लगे हैं। जाहिर है मानव अपने स्वार्थ और अज्ञानवश अपनी स्वयं की कब्र खोदे जा रहा है। उत्तराखंड के चार धाम यात्रा मार्ग पर जैसी गंदगी और गड़बड़ी पर्यटकों ने फैलाई है वैसी दुनिया में कहीं देखने को नहीं मिलेगी। जितनी तेजी से यहां मानव का आगमन बढ़ा है उसी तेजी से यहां आपदाएं भी बढ़ रही हैं।

पिछले कुछ सालों से चार धाम की यात्रा पर पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक इजाफा हुआ है। रात-दिन गाड़ियों का शोर,होटलों में आपाधापी, सड़क बनाने के लिए विस्फोटकों का इस्तेमाल और पर्यटकों के लिए अनुकूल चीजे परोसने की रुचि ने पहाड़ की प्राकृतिक संरचना और जैव विविधता को नुकसान पहुंचाया है। जैव विविधता के नष्ट होने से यहां मौसम परिवर्तन देखा गया है। कहीं बर्फ कम गिरती है तो कहीं अतिवृष्टि होती है। इसका उदाहरण हाल ही में देखने को मिला जब ओम पर्वत से बर्फ पूरी तरह से गायब हो गई थी।

इधर भूस्खलन की घटनाएं भी बढ़ी हैं और पहाड़ पहले से ज्यादा दरकने लगे हैं। शिवालिक पर्वतमालाओं में सदियों से भूस्खलन का विनाशकारी सिलसिला चला आ रहा है। यह भूस्खलन प्राकृतिक आपदा तो है ही,लेकिन भूमि कटाव और निजी स्वार्थ में लिप्त इस क्षेत्र में किया गया वन दोहन भी इसके लिए जिम्मेदार है। बेतरीब सड़कें काट देने का प्रभाव पर्वतमालाओं को झेलना ही पड़ता है। नतीजा प्रकृति का मृत्यु तांडव,लेकिन सरकार तो यात्रियों की संख्या बढ़ने से खुश है और उसने कभी भी पर्यटन और तीर्थाटन में भेद करने की कोशिश नहीं की। आने वाले विनाशकारी कल के बारे में सोचने का समय किसी के पास नहीं है। आज केवल पैसा कमाना है,यात्रियों की बढ़ती संख्या देखकर खुश होना है। क्या खोकर क्या पाया को सोचने वाले सोचेंगे।

सतर-अस्सी के दशक तक यात्री ज्यादातर पैदल ही चारधामों की यात्रा करते थे। तब अधिकांश सड़कें नहीं बनी थीं और कई दिनों में यात्रा पूरी होती थी। तीर्थ यात्री अपने साथ चना, चबाना, सत्तू आदि रखते थे तथा जहां भी वे रुकते थे,हंडिया में खिचड़ी उबालकर खा लेते थे। तब तीर्थ यात्रा का मतलब ही पैदल यात्रा था,पर आज तो अपनी गाड़ी में आइए,हेलीकॉप्टर में बैठिए और पहुंच जाइए केदारनाथ या हेमकुंड। यात्रा सुगम हो गई है तो तीर्थाटन के मतलब भी बदल गए हैं।

पर्यटन की यह संस्कृति भले ही विकास की झलक दिखलाए,लेकिन न्यौता यह विनाश को ही है। विकास जरूरी है,पर यह सोचना भी जरूरी है कि किस कीमत पर। मौजूदा दौर में पहाड़ में विकास के कार्यक्रम का जो दौर चल रहा है,उसके पीछे पहाड़ के लोगों का हित चिंतन नहीं,बल्कि पर्यटकों को सुविधा मुहैया कराने का भाव ज्यादा है। यह सही है कि पर्यटन पहाड़ की आर्थिक स्थिति के लिए जरूरी है,लेकिन अनियोजित और अवैज्ञानिक ढंग से विकसित किया गया पर्यटन स्वीकार नहीं है। यह किसी न किसी रूप में पहाड़ को नुकसान ही पहुंचा रहा है। दरअसल विकास और पर्यावरण में संतुलन बनाकर ही पर्यटन को आगे बढ़ाने की जरूरत है।

## सोशल फोरम

# आस्था का मामला

हमारे पहाड़ों में आम है कि कोई बच्चा बीमार पड़े तो उसे सबसे पहले नजर उतारने के लिए किसी नजदीकी विशेषज्ञ के पास ले जाया जाता है। घर आई नवेली बहू को दौरे पड़ने लगते हैं तो गोल्ल-गंगनाथ जैसे स्थानीय देवताओं की जागर लगाई जाती है। पता लगता है पांच पीढ़ी पहले मरी किसी बाल विधवा अम्मा का सलीके का संस्कार नहीं हुआ था। बहू को वही लगी है।

घर से कुछ गायब हो जाए तो पुछ्यार के पास जाकर पूछ अथवा गंत कराई जाती है। दोबाटे से पश्चिम दिशा में सातवें घर के आसपास माल पाए जाने की संभावना बताई जाती है। काम हो जाने की सूरत में उसी देवता के नाम की एक और जागर लगानी होती है कि हे देवता, हमेशा दाहिने हो रहना। हल्द्वानी में एक दोस्त की अम्मा थीं, जो नमक की डली से माइग्रेन का इलाज करती थीं। पच्चीस-तीस बरस पहले मुझे हुआ था तो उनके पास ले जाया गया। उन्होंने पहले मेरे गांव के इष्ट देवता का नाम पूछा फिर नमक की एक बड़ी सी डली को मेरे माथे पर फिराते हुए देर तक उस देवता का नाम जपती रहीं। यह थेरेपी कुछ दिन चली। फिर किसी ने मुझे रामनगर भेजा जहां कानिया-गौजानी के पास रहने वाले एक वैद्य ने मुझे किलमौड़े की जड़ से बना एक ताबीज पहनने को दिया। तीन हफ्ते बाद उस ताबीज को अपने पैतृक गांव में बहने वाली जलधारा में बहाया जाना था। उसके पश्चात मंदिर जाकर अपने कुल देवता का आह्वान करना था।


अशोक पांडे
हल्द्वानी

सुदूर घाटियों में मान्यता है कि ग्राम देवता के थान में अगर कोई आदमी काले बकरे को छूकर कोई बात स्वीकार करता है तो उसकी मान्यता सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए एफीडेविट से ज्यादा होती है। फर्ज कीजिए कोई आपकी खड़ी गाड़ी से म्यूजिक सिस्टम चुरा ले जाए। आप धर्मात्मा हैं तो आपके इष्ट की ऐसी महिमा रहेगी कि चोर बीमार पड़ जाएगा, दर्द से बिलबिलाने लगेगा। बचने की उम्मीद न बचेगी। देवभूमि का वासी पहाड़ी आदमी भला आदमी होता है। दर्द से बिलबिला रहा मरणासन्न डैक-चोर ठीक कैसे होगा,इसकी सूचना बाकायदा पेंटर बुलवाकर सार्वजनिक जगहों पर छपवा देता है। **-फेसबुक वॉल से**

# सठिया जाना उतना बुरा भी नहीं

सठिया जाना उतना भी बुरा नहीं जितना आप समझ बैठे हैं। साठ का बंदा यदि गांठ का पूरा हो तो वो आपके चरण स्पर्श का अधिकारी भी है और आपको सरेबाजार गरिया देने का हक भी रखता है। इस उम्र में वो कुछ कहता नहीं,आकाशवाणी करता है। उसके बाल धूप में सफेद नहीं होते उसकी अकलमंदी की डाई से जगमगाते हैं। पुराने जमाने में इस उम्र तक आते-आते बंदा या तो दीवार पर टंगी फोटो का हिस्सा होता था या खांसते खखराते किसी खटिया पर झूला झूलता था,पर आजकल ऐसा है नहीं।

आजकल इस उम्र वाले पार्कों में दौड़ते हैं ,दौड़कर सीढ़ियां चढ़ते हैं और वो सब करते हैं,जिसकी हसरत उनकी अपनी नौजवानी के दिनों में बाकी रह गई थी। हिंदी फिल्मों के टॉप स्टार वही हैं और मोटे मेहनताने के साथ अपने से आधी उम्र की लड़कियों से इश्क फरमाने के मजे भी वही लूट रहे हैं। आजकल किसी भी टूरिस्ट प्लेस पर चले जाइए। पहाड़ हो,समंदर हो या रेगिस्तान हो। आप वहां रंगीन फूलदार टी शर्ट पहने बुजुर्गवारों का जमावड़ा ही पाएंगे। वो दुनिया देख रहे हैं और दुनिया उन्हें देख रही है। बीयर बार रेस्टोरेंट होटले इन्हीं की दम पर गुलजार है आजकल। उनकी जेबें भरी हुई हैं। उन्होंने खर्च करना सीख लिया है और बाजारों में जितनी भी दम बची है,उनकी वजह भी यही हैं। मंदिर-मस्जिद नई उम्र के लड़कों के लिए छोड़ देता है वो। खुद किसी ऊंची इमारत के टॉप फ्लोर पर रहता हुआ कभी कभार भगवान को धन्यवाद कहता है। किताबें पढ़ता है। लता- रफी के साथ सुनिधि चौहान को सुनता है। थियेटरों में जाने के बजाय नेटफ्लिक्स पर हॉलीवुड की मूवीज देखता है। दवाएं लेने के बावजूद मनचाहा खाता-पीता है। घूमता है,मौज करता है और खर्च करता है। किसी से नहीं डरता। अपने नाती-पोतों के साथ खेलता है और उससे भी ज्यादा सुखी होता है,जितने की आप उम्मीद नहीं कर रहे होते हैं।


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

वो बस इतना चाहता है कि लोग उसे पचास का समझे। पैंतालीस टाईप की निगाह से देखें। साठ का समझे भी तो मुंह बंद रखें। उससे उसके रिटायरमेंट बीमा और बीमारियों की चर्चा न करें। वसीयत की बात करना तो जहर होगा आपके लिए। उसकी तारीफ करें पर मन में उसके प्रति दया-करुणा जैसे विचार न रखें। यकीन करें वो भी कभी जवान था और आपसे ज्यादा ही था और इस बात की भी पूरी गुंजाइश है कि वो आज भी आपसे ज्यादा ही हो। साठ साल का बंदा यदि खुशमिजाज है और फिर यदि ताने देने में माहिर और जेब से भरा पूरा भी है तो उसे बुजुर्ग मानना आपको दिक्कत में डाल सकता है। खुद को बुजुर्ग मानने में उसकी हेठी होती है। वो होता है,पर मानता नहीं। यदि वो नहीं मानता तो उससे इन सभी नाजुक मुद्दों पर चर्चा करना नुकसान का सौदा हो सकता है। ऐसे में आपकी जान-पहचान के,आसपास के खानदान का कोई बंदा साठ का हो जाए तो ऊपर लिखी मेरी ये हिदायतें जरूर पढ़ लें। यह यकीनन आपके हक में अच्छा होगा।

# भूत के पांव उल्टे


डॉ सुधांशु के . मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गरज यह कि सोचो मत-दिमाग पर जोर मत डालो, उसे बचाए रखो, बड़ी नियामत है खुदा की। कभी संकट की घड़ी में काम आएगा, उसे हर जगह घिसो मत। श्रीलाल शुक्ल ने भी लिखा है-सोचना चिड़ीमारों का काम है।

कहते हैं भूत के पांव उल्टे होते हैं। बात सोलहों आने दुरुस्त है। अगर हम भूत की तरफ बढ़ें तो पैर के पंजे भी उसी ओर होंगे। हां, भविष्य की ओर बढ़ने के वक्त एड़ियां वर्तमान की तरफ और पंजे भविष्य की ओर होंगे। जाहिर है,वर्तमान में हम पंजों पर खड़े होते हैं। एड़ियां घिस-घिस कर लहू-लुहान होती हैं और उन्हें जमीन पर रखकर खड़ा रहना दर्ददेह होता है। बड़े-बड़े विद्वान कह गए हैं कि हमेशा वर्तमान में जियो-भूत की तरफ न देखो,वह बीता हुआ कल है,एक परछाई है,जो हो चुका वो हो चुका। बीती ताहि बिसारिये। गते शोचं न कर्तव्यं। गतं न मन्ये। जो बीत गई वो बात गई। भविष्य की भी चिंता न करो। होनी होय सो होय। बस,वर्तमान में जियो।

गरज यह कि सोचो मत-दिमाग पर जोर मत डालो,उसे बचाए रखो,बड़ी नियामत है खुदा की। कभी संकट की घड़ी में काम आएगा,उसे हर जगह घिसो मत। श्रीलाल शुक्ल ने भी लिखा है- सोचना चिड़ीमारों का काम है। बात तथ्यात्मक भी है। जीवन केवल वर्तमान में ही है। भूत में जीना यादों में जीना है। कोई समय के बहाव के उलटे तो चल नहीं सकता। अतः भूत में जीना अपने-आप में बेतुकी बात है। ठीक उसी तरह कोई भविष्य में नहीं जी सकता-समय से तेज चले तो भविष्य में जिए, जो संभव ही नहीं। अतः भविष्य में जीना ख्याली पुलाव पकाना है,लेकिन वर्तमान केवल एक क्षण होता है। वह एक तंग-सा झरोखा है, जिससे भविष्य गुजरता है और भूत बन जाता है। पलक गिरते ही भविष्य भूत बन जाता है। वर्तमान का टिकाव इतना क्षणिक है कि उसमें जीना-जीने को महसूसना संभव ही नहीं। हम वर्तमान में जी नहीं सकते और हमें भूत या भविष्य में जीना नहीं चाहिए तो हम जियें तो जियें कहां? कहने वाले बिना सोचे ही लेक्चर झाड़ देते हैं। बुजुर्ग प्रायः भूत में जीते हैं,क्योंकि या तो उनका कोई भविष्य नहीं है या भविष्य बड़ा भयावना है। बच्चे प्रायः भविष्य में जीते हैं,क्योंकि उनका कोई भूत नहीं है (अगर है भी तो जीने के लिए काफी संकरा है)। यह भी एक कारण है कि बच्चे भूतों से डरते हैं। बीच में तो कुछ होता ही नहीं। इस मामले में अंग्रेज लोग बड़े तथ्य प्रेमी होते हैं,सबको एक ही लाठी से हांकते हैं- हाउ ओल्ड आर यु? अंग्रेज कभी जवान नहीं होते,जन्म के साथ अधिकाधिक बूढ़े होते जाते हैं।

मेरे एक शिक्षक कहा करते थे- जो देश (यानि जिस देश के नागरिक) भूत में जीने लगते हैं, हर बात पर अपनी पुरानी सभ्यता की बात करते रहते हैं। सारा ज्ञान वेदों और पुराणों से खींचना चाहते हैं,वे कभी उन्नति नहीं कर सकते। वहीं जो देश अपने भविष्य को देखने, बनाने, संवारने में ज्यादा वक्त देता है,उसका विकास होता है। हम समझ नहीं सकते कि क्या सही है-वर्तमान में जीना या भविष्य में जीना। शायद हमारी तकदीर में उलझनों में जीना ही लिखा है।

# डेबिट कार्ड पर दुर्घटना बीमा

कुछ बुनियादी शर्त पूरा करने पर कुछ बैंकों के डेबिट कार्ड होल्डर्स को दुर्घटना हित लाभ का प्रावधान किया गया है। यह बात कम उपभोक्ता ही जानते हैं। इसमें एक शर्त यह भी है कि खाता एक्टिव होने के साथ-साथ एक निश्चित अवधि के अंदर एटीएम से केश निकासी की गई हो। हम जब भी बैंक में खाता खुलवाते हैं तो उस खाते पर हमें एक डेबिट कार्ड भी मिलता है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह ऑनलाइन पेमेंट से लेकर कैश निकालने में लोगों की मदद करता है, लेकिन कैश विड्रॉल के अलावा एटीएम कार्ड के कुछ ऐसे लाभ हैं, जिसके बारे में हमें आमतौर पर पता नहीं होता है। यह लाभ एटीएम कार्ड पर मिलने वाले इंश्योरेंस के बारे में है।

बैंक क्लासिक, सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम जैसे कार्ड जारी करते हैं। इसी हिसाब से इंश्योरेंस की रकम होती है। क्लासिक कार्ड पर एक लाख, प्लेटिनम कार्ड पर 2 लाख, सामान्य मास्टर कार्ड पर 50 हजार, प्लेटिनम मास्टर कार्ड पर 5 लाख, वीजा कार्ड पर डेढ़ लाख से 2 लाख तक का इंश्योरेंस कवरेज मिलता है। किसी अनहोनी होने पर या दुर्घटना होने पर खाते के कानूनी वारिस/नामिनी बैंक से निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर इस क्लेम की मांगकर सकते हैं।

# देश सेवा के लिए समर्पित रहा जीबी पंत का पूरा जीवन

## हर्षोल्लास से मनाई भारत रत्न पंत की जयंती, कलेक्ट्रेट में डीएम ने चित्र पर अर्पित किए पुष्प, कर्मियों को सेवा के प्रति समर्पण का दिया संदेश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की 137वीं जयंती मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डीएम उदयराज सिंह ने पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और अधीनस्थों को सेवा के प्रति समर्पण भाव रखने का आह्वान किया। डीएम उदयराज सिंह ने कहा कि पंत का पूरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित रहा।

अपने दृढ़ प्रयासों से आधुनिक भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे आदि मौजूद रहे।

**बाजपुर :** अनाज मंडी स्थित पंत पार्क में मंगलवार को पंत जी की प्रतिमा पर एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट व पंत जयंती समारोह आयोजन समिति के लोगों ने माल्यार्पण किया। इसके पश्चात मंडी परिसर में ही किसान भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने देशभक्ति आदि से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी डा.नरेंद्र खत्री, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सजवाण, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, युवा भाजपा नेता गौरव शर्मा, आयोजन समिति के कमल उपाध्याय, बहादुर भंडारी आदि मौजूद रहे। वहीं एसडीएम कोर्ट में उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी, तहसील में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, जीजीआईसी में प्रधानाचार्या मीता बोस, इंटरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य कैप्टन एसपी सिंह, आदर्श कन्या इंटर कालेज में विद्यालय के अध्यक्ष डा.नरेंद्र खत्री आदि ने पंत जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक सुनील खन्ना, उपप्रबंधक गौरव हांडा, प्रधानाचार्या डा.प्रीति रस्तोगी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महेशपुरा प्रधानाचार्य एसएन सिंह, राजकीय इंटर कालेज बरहैनी प्रधानाचार्य महेश कुमार, अभय गुप्ता, नरेश कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

**शक्तिफार्म :** ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नवीन चंद्र जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रमाणिक, निवर्तमान चेयरमैन सुनील विश्वास, कार्तिक राय, जगदीश डालमिया ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संयोजन मयंक अग्रवाल व संचालन मनोज सरकार ने किया। इस अवसर पर देबू मंडल, रवि मजूमदार, राघव सिंह, सुबीर सरकार, विजय बागला, विक्की राय, गोविंद पोखरिया, विक्रम सिंह भंडारी आदि उपस्थित थे।

**सितारगंजः** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट सितारगंज में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक राकेश त्यागी, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंगलवार को महाराजा अग्रसेन धर्मार्थ ट्रस्ट में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती समारोह के अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने पंडित गोविंद बल्लभ पंत के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, एसएस ग्लोबल स्कूल, एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम संयोजक राकेश त्यागी ने आभार जताया। संचालन भाजपा मंडल महामंत्री अमित रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर विजय सलूजा, सुखदेव सिंह, रवि रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



पंडित पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डीएम।



बाजपुर में भारत रत्न पं.गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि।

### जसपुर में भी मनाई पंत जयंती

**जसपुर :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जसपुर–काशीपुर मार्ग स्थित पंडित दीनदयाल पार्क में एकत्रित हुए। जहां पर उन्होंने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाई। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक बिजेंद्र गहलोत, नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज पाल, डॉ. सुदेश चौहान, विशाल कश्यप, गौरव प्रजापति, अशोक खन्ना, सुधीर बिश्नोई, मास्टर भूदेव सिंह चौहान, कृष्ण कुमार, मास्टर हरकेश सिंह, बलराम सिंह, कमल चौहान, दीपक कुमार, महेंद्र कश्यप, हरकेश कश्यप, विनोद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### जीबी पंत ने काशीपुर को बनाया था अपनी कर्मभूमि

**काशीपुर :** भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती काशीपुर के विभिन्न स्थानों पर मनाई गई। मंगलवार को पंत पार्क में गोविंद बल्लभ पंत की मूर्ति पर लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने श्रद्धासुमन अर्पित की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज के संस्थापक के साथ–साथ पहले प्रबंधक रहे थे। उधर जनजीवन उत्थान समिति ने पं. गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर एक समारोह का आयोजन किया। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत का जन्म अल्मोड़ा में हुआ था। उन्होंने काशीपुर को अपनी कर्म भूमि बनाया। इधर चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। उधर काशीपुर बार एसोसिएशन सभागार भवन में बार एसोसिएशन के प्रथम अध्यक्ष एवं भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत का जन्मदिन मनाया गया। वहां पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।



जसपुर में पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता।



काशीपुर में पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते विधायक व अन्य।



शक्तिफार्म में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते ग्रीन वर्ल्ड स्कूल की छात्राएं।



सितारगंज में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### पंतनगर में भी हर्षोल्लास से मनाई गई पंत जयंती

**पंतनगर :** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर यूनिवर्सिटी सेंटर में उनकी प्रतिमा पर कार्यवाहक कुलपति डॉ. दीपा विनय और विवि के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों व अन्य लोगों ने माल्यार्पण किया। डॉ. रतन सिंह सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में डॉ. दीपा ने कहा कि पंडित पंत दूर दृष्टा थे। उन्होंने भारत की कृषि पर बढ़ती जनसंख्या को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी भांपते हुए पंतनगर में देश के पहले कृषि विवि की स्थापना की। डीन वेटरिनरी, डीन एजी व डीएसडब्ल्यू ने पंडित पंत के शिक्षा को उन्नति का मार्ग समझने, समय के प्रबंधन, सकारात्मक रूख, सत्यनिष्ठ, दृढ़ निश्चयी एवं साहसी गुणों के बारे में बताते हुए युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने को कहा। इधर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित पंत कर प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। यहां वरिष्ठ उपाध्यक्ष लवकुश शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधर फत्र्याल मौजूद रहे।



पंडित पंत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करतीं कार्यवाहक कुलपति डॉ. दीपा विनय व अन्य।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में सोबन सिंह जीना सभागार, राणा प्रताप इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह का शुभारंभ उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, आयोजक हरीश चंद्र जोशी, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, निवर्तमान मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, गीताराम बंसल और अंजू भट्ट ने संयुक्त रूप से पंत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया।

मुख्य वक्ता हेमवती नंदन बहुगुणा महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. प्रशांत जोशी ने पंत के जीवन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। समारोह में बाल चौपाल में प्रथम रही उत्कर्षा मठपाल, हाईस्कूल और इंटर मेरिट में शामिल कशिश और प्रियंका को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह में राणा प्रताप इंटर कालेज, डायनेस्टी मॉर्डन गुरुकुल एकेडमी छिनकी, सिटी कान्वेंट स्कूल, हिंद पब्लिक स्कूल, नोजगे पब्लिक स्कूल, राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, शिक्षा भारती इंटर कालेज, आचार्य नरेन्द्र देव विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत और कार्यक्रम प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता सैजना की सुरेंद्री राणा, अंजू भट्ट, निर्मल न्योलिया, दयानंद जोशी आदि को भी सम्मानित किया गया।

नीरज वर्मा ने सभी आगंतुकों का आभार जताया। संचालन हरीश शर्मा ने किया।



खटीमा में पंडित गोविंद बल्लभ जयंती समारोह में सम्मानित बच्चे और शिक्षकों के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

### किच्छा में स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

**किच्छा :** भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती पर तमाम स्कूलों के बच्चों ने नगर क्षेत्र में विशाल प्रभात फेरी निकाली। मंगलवार की सुबह नगर के मुख्य बाजार स्थित पंत मार्केट से बच्चों की विशाल प्रभात फेरी प्रारंभ हुई। प्रभात फेरी नगर के मुख्य बाजार तथा अन्य मार्ग से होती हुई राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल पहुंची। आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के चित्र पर फूल मालाएं पहनाकर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एडवोकेट हरीश पंत ने की। जबकि संचालन लीलाधर जोशी और अंकित पांडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर गगन पंत, प्रमोद पंत, कैलाश पाठक, फरियाद शाह, भुवन चंद जोशी, एम सी मठपाल, केवलानंद सुनारी, बसंत बल्लभ जोशी, मिही लाल, तुलसीदास राठौर, आनंद सिंह नेगी, प्रतीक पंत, सुरेश चावला, गुलशन चावला, गोपेश पंत, महेश शर्मा, ललित जोशी, तुलसी राठौर आदि मौजूद रहे।



किच्छा में पंडित पंत के चित्र पर माल्यार्पण करते गणमान्य लोग। ● अमृत विचार

# साई के बॉक्सरों ने नॉर्थ जोन में दिखाई प्रतिभा




प्रतियोगिता के दौरान मेडल के साथ बॉक्सर। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** बीते दिनों हुई नॉर्थ जोन आरईसी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में काशीपुर साई केंद्र के बॉक्सरों ने नौ पदक जीतकर केंद्र का नाम रोशन किया। साई केंद्र प्रभारी ने बताया कि बीते दिनों एक बॉक्सिंग प्रतियोगिता कराई गई थी।

इस दौरान प्रतियोगिता में साई केंद्र ने नौ पदक हासिल किये। इसमे चन्द और कार्तिक सिरोही ने गोल्ड, डैनी चौहान व साहिल खान ने सिल्वर जबकि हिमांशु दानू, मिथिलेश, निखिल भंडारी, क्रिश ने ब्रॉन्ज पदक प्राप्त किये।

# एडमिशन को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** राजकीय आदर्श महाविद्यालय में एडमिशन न मिलने से गुस्साए एबीवीपी से जुड़े छात्रों ने ज्ञापन सौंपकर रजिस्टर्ड छात्र-छात्राओं का जल्द एडमिशन करने की मांग की। छात्रों ने आरोप लगाया कि कक्षाओं में सीट खाली होने के बावजूद छात्र-छात्राओं का एडमिशन न किया जा रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री ज्ञानेश मिश्रा के नेतृत्व में तमाम छात्र राजकीय आदर्श महाविद्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए छात्रों का एडमिशन जल्द करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि विगत दिनों कुमाऊं यूनिवर्सिटी द्वारा समर्थ पोर्टल खोला गया था इसमें रजिस्ट्रेशन कर छात्र-छात्राएं अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई के लिए एडमिशन ले सकते हैं। समर्थ पोर्टल के विपरीत किच्छा के राजकीय आदर्श महाविद्यालय प्रशासन द्वारा जिन बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है तथा कॉलेज में सीट खाली होने के बाद भी रजिस्टर्ड छात्रों को प्रवेश नहीं दिया गया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही एडमिशन नहीं किए गए तो छात्र-छात्राओं को अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ेगा। मौके पर एबीवीपी के नगर मंत्री ज्ञानेश मिश्रा के साथ नामित सक्सेना, महेंद्र प्रताप, रोशनी कश्यप, प्रेम कुमार, अंकित कुमार, विवेक सागर, देव कुमार आदि मौजूद रहे।



किच्छा स्थित महाविद्यालय में प्राचार्य से वार्ता करते छात्र। ● अमृत विचार

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद का समापन

**काशीपुर :** बांसखेड़ा क्षेत्र में हो रही दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग प्रतियोगिता का प्रारंभ प्रधानाध्यापक एएस गौतम द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। बालिका वर्ग 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में अलशिफा प्रथम व सुमाइला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी बालक वर्ग में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रथम रहा। 100 व 200 मीटर बालक वर्ग में कामेश प्रथम रहे। बालिका वर्ग लंबी कूद में अलशिफा प्रथम जबकि बालक वर्ग लंबी कूद में आरिश प्रथम स्थान पर रहे।

## सार-संक्षेप

### सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग में खेलेगा दिनेश

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल के छात्र दिनेश कुमार देहरादून में होने वाली सीबीएसई नॉर्थ जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिता के 75–80 किग्रा भार वर्ग बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इससे पूर्व बॉक्सर दिनेश ने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन खिलाड़ी योजना के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। प्रबंधिका ट्विंकल दत्ता, डॉ. विनय जैन, उप प्रधानाचार्या शैफाली अग्रवाल, रमेश रौतेला, प्रभदीप कौर, डिंपल चौहान, सुनीता वर्मा आदि ने दिनेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



दिनेश कुमार।



खटीमा में भाजपा की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

### सीएम धामी के जन्मदिन की तैयारी पर किया मंथन

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन को महिला और बालिका सशक्तीकरण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया एवं जिला महामंत्री सतीश गोयल ने बताया कि 16 को सुबह आठ बजे पीलीभीत रोड स्थित हनुमान मंदिर में कीर्तन, हवन यज्ञ एवं मिष्ठान वितरण किया जाएगा। कैंप कार्यालय में संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़े बालिका सशक्तीकरण, जनसंख्या नियंत्रण, नशा उन्मूलन आदि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और केक काटकर सीएम धामी का जन्मदिवस मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जीवन धामी और संचालन मनोज वाधवा, भुवन भट्ट ने किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष धाना भंडारी, शक्ति केंद्र संयोजक नीलू गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी, नवल वाल्मीकी, सनी रस्तोगी, किशोर जोशी, कामिल खान, तारिक मलिक, महेंद्र अधिकारी, संदीप वाल्मीकि, शुभम वाल्मीकि आदि मौजूद थे।



किच्छा में राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित करते समाजसेवी संजीव सिंह।

### कई राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित

**किच्छा :** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी सेवा में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण का लाभ दिए जाने तथा किच्छा को स्मार्ट सिटी की सौगात देने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने उत्तराखंड राज्य गठन में अहम भूमिका निभाने वाले राज्य आंदोलनकारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में राज्य आंदोलनकारी तरुण पंत, कमलेंद्र सेमवाल, मदन सिंह नेगी, हरीश जोशी, सुरेश गौरी, कैलाश बिष्टानिया एवं श्याम बिष्ट शामिल रहे। इस मौके पर मोहन सिंह ऐरी, रितेश सिंह, ब्रह्मानंद पुरोहित, मनोज गुप्ता, पदम सिंह, राजपाल सिंह, राकेश कुमार चौबे, गोपाल रावत, राजकुमार कोहली, कमलेश दुबे, धनंजय सिंह, विशाल चौहान, संजय यादव, मोहन कोहली, योगेंद्र कश्यप, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार सिंह, राजेंद्र सिंह, मिथुन, मनोज बिष्ट, मोहित कुमार, बंटी सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के दौरान मैच जीतने के बाद पदक के साथ खिलाड़ी।

### ऑल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता में काशीपुर का दबदबा

**काशीपुर :** बीती चार से छह सितंबर तक लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता में काशीपुर साई के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। बीते दिनों हुई ऑल इंडिया इंटर साई प्रतियोगिता में एसटीसी केंद्रों व आर्मी स्पोर्ट्स बॉयज कंपनी के 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान एसटीसी काशीपुर ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने सात स्वर्ण, दो रजत व दो कांस्य पदक जीतकर काशीपुर का नाम रोशन किया। इसमें सीनियर वर्ग में प्रियांशु चौधरी, हर्ष सिंह ने स्वर्ण, जबकि जूनियर वर्ग में आदित्य नैन, आदित्य राज कौशल, गोविंदा यादव, विजय यादव, पियूष मिश्रा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं खिलाड़ियों के काशीपुर पहुंचने पर कोच व अभिभावकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। साथ ही उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



रुदपुर में आयोजित प्रतियोगिता मे विजेता को ट्रॉफी प्रदान करते आयोजक।

### गणेश महोत्सव में विजेताओं को किया सम्मानित

**शक्तिफार्म :** विभिन्न स्थानों पर आयोजित गणेश महोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नगर के सुभाष चौक में आयोजित प्रतियोगिता में लिपिका वैदिका प्रथम, जीरो प्वाइंट ग्रुप द्वितीय तथा मनका राम पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर अरविंद सिंह, आनन्द सरकार, सुजीत विश्वास,दीपक शील, ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे। रुदपुर के ठाकुर नगर में आयोजित प्रतियोगिता में किच्छा के नारीशक्ति ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने विजेता को ट्रॉफी एवं तीन हजार रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया। शिव कांवर सेवा संघ समिति द्वारा शक्तिफार्म बाजार के काली मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता में दिल्ली के गौतम ने प्रथम, रुद्रपुर के यश ने द्वितीय तथा किच्छा शान्तनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह भंडारी, विक्की मंडल आदि मौजूद थे।

### दस गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 6 बच्चों का अन्नप्राशन

**सितारगंज :** पोषण माह के अंतर्गत परियोजना के क्षेत्र में पोषण मेले का अयोजन किया गया। इसमें 10 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, 6 बच्चों का अन्नप्राशन किया। मेले में मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड मेम्बर ऊषा देवी व रहमत हुसैन उपस्थित रहे। इसके साथ ही समस्त बाल विकास परियोजना का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


काशीपुर में जागरूकता रैली निकालते राधेहरि महाविद्यालय के एनएसएस छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार


पीएचसी सुल्तानपुर पट्टी में बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाते चिकित्सक। ● अमृत विचार

# पूर्व सैनिकों व आश्रितों की समस्याओं का निस्तारण


दिनेशपुर में सैनिक कल्याण बोर्ड रुद्रपुर की ओर से आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारी।

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** सैनिक कल्याण बोर्ड रुद्रपुर के तत्वावधान में लगे शिविर में पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं व आश्रितों को सैनिक बोर्ड की नई जानकारी देते हुए समस्याएं सुनीं। मौके पर लगभग दो दर्जन शिकायतों का निस्तारण किया गया।

मंगलवार को गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर द्वारा सैनिक भवन चक्कीमोड़ में लगे शिविर में सैनिक कल्याण बोर्ड रुद्रपुर के सहायक अधिकारी सूबेदार आनंद गिरि ने पूर्व सैनिकों व आश्रितों की पेंशन, पता परिवर्तन, पेंशन दस्तावेजों में आ रही परेशानी व बच्चों के शिक्षण भत्ते की विस्तृत जानकारी दी। प्रशासनिक अधिकारी महेश भट्ट व हवलदार लक्ष्मण सिंह चुफाल ने केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा पूर्व सैनिक व आश्रितों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी दी। उन्होंने शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव भगत सिंह धर्मशक्तू ने किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष के.धन सिंह कोरंगा, सूबेदार मेजर महिपाल सिंह कोश्यारी, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान, गोसाई सिंह ठठोला, कैलाश चंद्र पाठक, गोविंद सिंह कोश्यारी, हीरा सिंह पानू, दिनेश सिंह नयाल, सूबेदार भगवत सिंह पांगती आदि मौजूद रहे।

# 68306 बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की टेबलेट

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जिले भर के स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में हुए कार्यक्रम, बाजपुर में 63 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

स्वास्थ्य

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ नागरिक चिकित्सालय डॉ. पीके ठाकुर और डॉ. वीपी सिंह ने नौनिहालों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाकर किया। डॉ. सिंह ने बताया कि मंगलवार को सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक से 19 साल के 68306 बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई। इस अवसर पर ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक अजय सिंह, आरकेएसके काउंसलर विजेता पांडे, फईम, केशवी, आशा आदि मौजूद रहे।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र चकरपुर में सामूहिक रूप से प्रधानाचार्य कमला जोशी और आंगनबाड़ी कार्यकत्री जमुना द्वारा नागरिक अस्पताल की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम की मौजूदगी में किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. संदीप ने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी और दो वर्ष से अधिक के बच्चों को एक टेबलेट दी जाएगी। इस दौरान डॉ. शैलजा, निर्मला धामी आदि मौजूद थे।

**बाजपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सरकारी अस्पताल की टीम-बी ने प्रभारी डॉ. विनीत कोठारी एवं डॉ. नेहा भट्ट की अगुवाई में सरकारी, सहायता प्राप्त स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों व मदरसों, चिकित्सालय वार्ड आदि में 63 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें एल्बेंजाडोल की गोली खिलाई गई। इस मौके पर फार्मेसिस्ट प्रेमकांत, रविंद्र कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गुलशन जहां आदि मौजूद थे।

पीएससी सुल्तानपुर पट्टी में अभियान के तहत एक वर्ष से 5 साल तक के बच्चों को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.खालिद यूनुस, डा.हादिया, ब्लाक कोआर्डिनेटर बृजवाला शर्मा, फार्मेसिस्ट आरती पाल, डा.सतपाल, डा.राधेश्याम, स्टाफ नर्स आशा, आख्तरी बेगम आदि मौजूद रहे।


खटीमा के नागरिक अस्पताल में बच्ची को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाते डॉ. वीपी सिंह।


सितारगंज में मौजूद विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे व स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

### काशीपुर में लोगों को दी संक्रमण की जानकारी, रैली निकालकर किया जागरूक

**काशीपुर :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर काशीपुर के विभिन्न संस्थानों में कृमि संक्रमण की जानकारी दी गई। साथ ही जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। मंगलवार को राधेहरि महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कृमि मुक्ति दिवस पर महाविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कचनाल गोसाई में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान डॉ. संतोष, डॉ. ममतेश कुमारी, डॉ. कुंवरपाल सिंह मौजूद रहे। वहीं चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय के निर्देशन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस दौरान 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवाई वितरित की गयी। इस बीच डॉ. वन्दना सिंह ने कृमि संक्रमण से शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को बताते हुए संक्रमण से बचाव के तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. रंजना, डॉ. ज्योति गोयल, प्राची धौलाखण्डी आदि मौजूद रहे।

### उपजिला अस्पताल में मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**सितारगंज :** उपजिला अस्पताल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इसका शुभारम्भ विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे व केंद्र चिकित्सा प्रभारी डॉ. संदीप कौर द्वारा संयुक्त रूप से करते हुए बच्चों को दवा खिलाई गयी। डॉ संदीप कौर ने बताया इस कार्यक्रम के माध्यम से 1 से 19 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों व सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में एल्बेंडाजोल की दवा खिलायी जाती है। इस अवसर पर डॉ. एलएस बृजवाल, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. अतुल कुमार, केएन गोस्वामी, भूप किशोर, अनिता राना, भागपत सिंह, मयंक नैलवाल आदि उपस्थित रहे।

### अत्यधिक कर्ज के चलते युवक ने की आत्महत्या


शंभू सरकार।

**शक्तिफार्म :** अत्यधिक कर्ज व गृह क्लेश के चलते तीन दिन पहले घर से गए युवक का शव मंगलवार को घर के निकट जंगल में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बैकुंठपुर नंबर एक निवासी शंभू सरकार (35 वर्ष) पुत्र तेजेन सरकार घर में हुए क्लेश के बाद रविवार दोपहर को घर से चला गया था। घर वापस नहीं आने पर घरवाले उसे ढूंढ़ते रहे। मंगलवार को जंगल में लकड़ी बीनने गई महिलाओं को शंभू का शव पेड़ पर फंदे से लटका दिखाई दिया। सूचना पर चौकी प्रभारी जगदीश तिवारी ने पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि शंभू पर काफी कर्ज था। इसको लेकर घर में क्लेश होता था। मृतक की चार पुत्रियां हैं।

## सार-संक्षेप


नहर का लोकार्पण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### विधायक राम सिंह कैड़ा ने किया नहर का लोकार्पण

**हल्द्वानी :** भाजपा विधायक राम सिंह कैड़ा ने मंगलवार को अमृतपुर, सुडी, बेलगढ़ नहर का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष आपदा में भीमताल ब्लॉक की अमृतपुर, सूडी व बेलगढ़ गांव की सिंचाई नहर टूट गई थी, जिससे खेतों में पानी नहीं पहुंच पा रहा था। ग्रामीण लंबे समय से नहर निर्माण की मांग कर रहे थे। नहर निर्माण के लिए 94.41 लाख का बजट स्वीकृत कराया था। इसके बाद सिंचाई विभाग ने नहर का निर्माण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान प्रधान डीके शर्मा, चंद्रशेखर पलड़िया, दीपा देवी, भास्कर पलड़िया, सतीश शर्मा, कविता पांडे, प्रेमा शर्मा, मुन्नी पांडे, केशव पांडे, नित्यानंद भट्ट, पंकज महरा, उमेश पलड़िया, हेम मौजूद रहे।

### टैगोर नगर ने स्वर्ग फॉर्म रामपुर को 5-3 से हराया

**शक्तिफार्म :** टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मैच में टैगोर नगर ने स्वर्ग फॉर्म रामपुर को 5-3 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। टैगोर नगर के खेल मैदान में आयोजित टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच टैगोर नगर व स्वर्ग फॉर्म रामपुर के बीच खेला गया। मैच के शुरू से लेकर खेल समाप्त होने तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकी। इसके बाद दोनों टीमों को 5-5 पेनाल्टी शूट दिया गया। जिसमें टैगोर नगर ने स्वर्ग फॉर्म को 5-3 से पराजित कर फाइनल में जगह बना ली। टैगोर नगर के गोलकीपर पियूष को मैन ऑफ़ द मैच घोषित किया गया। मैच मे अखिलेश मंडल रेफरी, पंकज राय, सब्यसाची हालदार, जयंत मंडल, सुनील कुमार कॉमेंटेटर, सुजीत विश्वास, दीपेन सेन स्कोरर तथा इस अवसर पर अमित विश्वास, अशोक मंडल, रवि मजूमदार, सुबल विश्वास आदि मौजूद थे।

# हरकी पैड़ी पार्किंग प्रकरण में यथा स्थिति बनाए रखने के दिए आदेश

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने हरकी पैड़ी व बेलबाबा के समीप पार्किंग बनाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुनवाई में उत्तर प्रदेश सरकार ने जवाब पेश कर कहा कि जहां पार्किंग बनाई जा रही है, उक्त जगह उत्तराखंड की नहीं बल्कि उप्र सरकार की है। पार्किंग बनाने के लिए राज्य सरकार से अनुमति तक नहीं ली गई। इस पर कोर्ट ने हरिद्वार जिला विकास प्राधिकरण व नगर निगम से 12 सितंबर तक जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर की तिथि नियत की है।

हरिद्वार निवासी जय प्रकाश बड़ोनी ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि हरिद्वार में हरकी पैड़ी, गंगा तट सहित कई जगहों पर हरि गंगा किनारे एकमात्र मैदान में नगर निगम पार्किंग बना रहा है। जाम की वजह से हिन्दू पर्वों पर आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतें होती हैं। क्योंकि हरिद्वार एक धार्मिक स्थल है न कि कोई पिकनिक स्पॉट, इसकी गरिमा बनाई रखी जाए। यहां पार्किंग बनाने से गंगा, मानव, पर्यावरण सहित कई जलीय जीव प्रभावित हो रहे है। यदि सरकार को हरिद्वार शहर को जाम मुक्त कराना है तो चौपहियों वाहनों के लिए जहां अतिरिक्त जगह हैं, वहां व्यवस्था की जाए। हरकी पैड़ी हरिद्वार की आत्मा है, यहां पार्किंग नहीं बनाई जाए।

### इंटर कॉलेज के समीप पार्किंग बनाने पर यथा स्थिति के आदेश



**नैनीताल, अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा के राजा आनंद सिंह बालिका इंटर कॉलेज भवन के समीप जिला प्रशासन की ओर से पार्किंग निर्माण किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता से राज्य सरकार के दिए शपथ पत्र पर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्माण पर लगी रोक को बढ़ाते हुए यथास्थिति बनाने के आदेश दिए हैं। पूर्व में कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब पेश करने के साथ-साथ वर्तमान फोटोग्राफ प्रस्तुत करने को कहा था, जो आज पेश किया गया। इस जवाब का विरोध करते हुए याचिकाकर्ता ने कहा कि यह जगह स्कूल के लिए दान में दी गई थी, लेकिन शिक्षा सचिव ने इसे पार्किंग के लिए दे दिया। शिक्षा सचिव को यह अधिकार नहीं है। अल्मोड़ा निवासी चंद्रकला उप्रेती सहित अन्य ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि जिला प्रशासन की ओर से राजा आनंद सिंह बालिका इंटर कॉलेज के समीप पार्किंग बनाई जा रही है। जब इसकी जानकारी मांगी गई तो जिला प्रशासन ने इसके निर्माण का जिम्मा नगर पालिका पर सौंप दिया। बाद में नगर पालिका ने इसका निर्माण जिला प्रशासन से कराने की बात कही।

## वर्ग पहेली-188

**बाएं से दाएं**

1. 1. समझ, बुद्धि, अकल 2. ज्ञान, विद्या 3. तमीज़।
4. 1. ईंट का भट्ठा 2. भाड़।
6. न्यायालय या किसी कार्यालय में अभिलेखों की देखभाल करने वाला कर्मचारी या अधिकारी; (रिकॉर्ड कीपर)।
7. हठ करने वाला, ज़िद्दी, दुराग्रही; टेकी।
8. 1. धनुष, कमान, चाप 2. धनुर्धर 3. (ज्योतिष) बारह राशियों में से एक, (सैगिटेरिअस) 4. रेतीला तट 5. (ज्योतिष) फलित ज्योतिष में एक लग्न।

**ऊपर से नीचे**

2. एक ही महल्ले में रहने वालों में होने वाला आपसी बरताव या लेन-देन।
3. 1. करूणामय कृपा, अनुग्रह 2. दया 3. हमदर्दी, (कंपैशन)।
5. 1. कहकर मुकर जाना; इनकार करना 2. (घोड़े का) धीमी चाल से चलना।
6. 1. भीषण ताप, अत्यधिक गरमी 2. अधिक क्षेत्र में आग लगाना और उससे वस्तुओं को जलाना।



### वर्ग पहेली -187 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बु | क | चा | | | 2 म |
| सी | | | 3 ए | | हि |
| | 4 दा | | 5 क | 6 रा | ला |
| 7 अ | व | ले | प | न | |
| 8 म | ना | | दी | | 9 पा |
| री | | | | 10 रे | ट |
| 11 का | पा | लि | क | | न |

## सुडोकू -101

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 6 | | | 8 | | |
| 4 | 3 | 7 | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | 7 | | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 3 |
| 9 | | | 8 | | 1 | | | 2 |
| 2 | | | 7 | | 5 | | | 6 |
| | | 1 | 4 | | 2 | | | |
| | 2 | | | | | 1 | 4 | 8 |
| | | 5 | | | 8 | | 9 | |

### सुडोकू - 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 6 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 सितंबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 23.46 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** — आज सरकारी अधिकारियों के ऊपर काम का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। व्यावसायिक गतिविधियों में समस्या हो सकती। अपनी कार्यशैली में ज्यादा बदलाव न करें।

**वृष** — आज व्यापार में तीव्र उन्नति से उत्साह में वृद्धि होगी। मित्र और परिजन आपकी सफलता से हर्षित होंगे। वैवाहिक संबंध काफी मधुर रहने वाले हैं। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों को सुलझाने के लिए दिन अनुकूल है।

**मिथुन** — आज पुराने नुकसान की भरपाई होने के योग बन रहे हैं। बेरोजगार लोगों को जॉब इंटरव्यू में सफलता मिल सकती है। नए संबंधों का आनंद उठाएंगे। निर्माण कार्य से जुड़े कारोबारियों को काफी मेहनत करनी पड़ सकती है।

**कर्क** — आज दूसरों के व्यवहार से आपको ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। संतान की पढ़ाई और व्यवहार पर नजर बनाए रखें। यदि शॉपिंग के लिए जा रहे हैं तो बजट का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है। कारोबार में कुछ नकदी की समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज का दिन व्यापार जगत से जुड़े लोगों के लिए शुभ है। राजनीतिक व्यक्तियों के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। दिखावा करने के कारण उपहास का पात्र बन सकते हैं। आपकी मेहनत का श्रेय कोई दूसरा व्यक्ति ले सकता है।

**कन्या** — आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आप प्रसन्न रहेंगे। सोशल मीडिया में आपके नए दोस्त बन सकते हैं। विदेश से आपको व्यापार के लिए अवसर मिल सकते है। घर में शुभ आयोजन होने की सम्भावना है।

**तुला** — आज प्रेम संबंध अमर्यादित न हों इसका ध्यान रखें। पुरानी संपत्ति के विक्रय से धन लाभ हो सकता है। घरेलू मामलों में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सभ्य व्यवहार करें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक** — आज कला और साहित्य में आपकी रुचि बढ़ेगी। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। स्थान परिवर्तन की योजना बना रहे हैं तो दिन आपके लिए अनुकूल है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। काफी दिनों बाद आप तनावमुक्त महसूस करेंगे।


**धनु** — आज नए प्रोजेक्ट्स को लेकर जल्दबाजी न करें। किसी सहकर्मी के साथ तनाव उत्पन्न हो सकता है। विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखें। परिवार के साथ आपको अधिकाधिक समय बिताना उचित होगा। छात्रों को पढ़ाई में विशेष ध्यान देना चाहिए।

**मकर** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से बड़ा लाभ हो सकता है। सहकर्मियों के साथ संबंध अच्छे रखें। संतान को करियर में सफलता मिलेगी। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों का नाम व सम्मान मिलेगा।

**कुंभ** — आज अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। उपलब्धियों के मिलने से आपका मन प्रसन्न होगा। जॉब में उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं। करियर में आ रहा व्यवधान दूर होगा। व्यापार में नए समझौते हो सकते हैं।

**मीन** — आज महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की परीक्षा होगी। शत्रु आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग आपको महत्वपूर्ण सलाह दे सकते हैं। एक साथ कई सारे कार्यों को हाथ में न लें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 21.22 तक तत्पश्चात मूल।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
ये है जलवा — दोपहर : 12.00
फालतू — रात : 09.00

**&pictures**
मक्खी — सुबह : 10.58
तनु वेड्स मनु रिटर्न्स — रात : 08.00

**Sony Pix**
एंजेल हैज फॉलेन — दोपहर : 12.00
क्लैश ऑफ द टाइटन्स — रात : 09.00

**Zee Cinema**
डी ब्लॉक — सुबह : 11.24
बजरंगी 2 — शाम : 04.53

**Colors Cineplex**
दिल है तुम्हारा — सुबह : 11.07
गार्जियन — रात : 07.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर शाम : 04.53 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बिट्टू – तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
सिट्टू – नर्स बार-बार कह रही थी डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
बिट्टू- तो इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
सिट्टू- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू-अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।

## सार-संक्षेप

### पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती धूमधाम से मनाई

**बनबसा :** देव भूमि बीएड कॉलेज में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय बनबसा की प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने आयोजन का शुभारंभ किया। छात्र- छात्राओं ने रंगारग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यहां संयोजक शंकर लाल वर्मा, कैप्टन भानी चंद, विधायक प्रतिनिधि दीपक रजवार, उम्मेद सिंह नेगी, कैप्टन हरीश चंद्र कापड़ी, ग्लोरियस एकेडमी के प्रबंधक रविन्द्र पांडे, ललित चौधरी, संजय जोशी, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, कमलेश भट्ट, डॉ. जनक चंद आदि मौजूद रहे।


रानीखेत में कबड्डी प्रतियोगिता में दमखम दिखाती छात्राएं।

### कबड्डी में स्याल्दे, ताड़ीखेत व धौलादेवी ब्लॉक रहे अव्वल

**रानीखेत :** 24वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मिनी स्टेडियम राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय भुजान में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ संयोजक प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय ताड़ीखेत लक्ष्मण सिंह परगाई, सह संयोजक प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज ताड़ीखेत पुष्प लता, ब्लॉक क्रीड़ा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने किया। प्रतियोगिता में 11 ब्लॉकों के अंडर 14, अंडर 17 अंडर 19 बालक, बालिका कुल 500 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक क्रीड़ा समन्वय डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने बताया कि दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 19 बालक वर्ग में स्याल्दे और भिकियासैंण के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें स्याल्दे ने जीत दर्ज की। बालिका अंडर-19 फाइनल मैच में ताड़ीखेत विजेता व सल्ट उपविजेता रहा। अंडर 14 बालक वर्ग में धौलादेवी विजेता व लमगड़ा उपविजेता रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में सल्ट विजेता व ताड़ीखेत उप विजेता रहा।

### अल्मोड़ा पुलिस ने चोरी के तीन आरोपियों को दबोचा

**अल्मोड़ा :** पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीसरा आरोपी नाबालिग है, जिसे पुलिस ने संरक्षण में लिया है। वहीं, कब्जे चोरी किए गए कैमरे और अन्य सामान बरामद किया है। बीते शनिवार को उप्रेतीखोला नियर बाउन सीढ़ी निवासी भूपाल राम ने अपने कमरे में चोरी होने संबंध में पुलिस को तहरीर सौंपी थी। इस पर पुलिस टीम ने चितई से 200 मीटर आगे पेटशाल की तरफ चोरी के आरोपी दीपक सिंह वाणी पुत्र किशन सिंह वाणी, निवासी ढुंगाधारा और दीपांशु बिष्ट पुत्र मनोहर सिंह बिष्ट, निवासी बल्टा भल्यूड़ा अल्मोड़ा को गिरफ्तार किया है। इस घटना में लिप्त एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया गया है। जिसको किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस ने बताया कि चोरी किया एक कैमरा बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपये है।

### पति पर लगाया जान से मारने की धमकी का आरोप

**अल्मोड़ा :** लोधिया निवासी एक महिला ने अपने पति पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लोधिया निवासी महिला ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि उसका पति पंकज बिष्ट निवासी मनोज विहार कालोनी के साथ परिवार न्यायालय में भरण-पोषण व घरेलू हिंसा का वाद चल रहा है। 7 सितंबर को उन्हें काउंसिलिंग के लिए न्यायालय बुलाया गया था। आरोप है कि काउंसिलिंग से लौटते समय उसके पति ने उसके और उसकी मां के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। 9 सितंबर को भी न्यायालय से लौटते समय आरोपी ने गाली गलौज की। आरोपी ने मुकदमा वापस लेने और दस लाख व एक कार देने का दबाव बनाया। ऐसा नहीं करने पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की धमकी दी।

### अल्मोड़ा में एक साल में 18,866 लोगों का चालान काटा

**अल्मोड़ा :** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने एक साल में नियमों का उल्लंघन करने पर 18,866 लोगों पर चालानी कार्रवाई की है। साथ ही एक करोड़ तीन लाख से अधिक का जुर्माना वसूला है। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन पर इन दिनों जिलेभर में पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। पुलिस ने एक साल के भीतर कोटपा एक्ट के तहत 227, उत्तराखंड पुलिस अधिनियम में 3041, मोटर वाहन अधिनियम में 15,598 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 159 वाहनों को सीज कर चुकी है। पुलिस की इंटरसेप्टर टीम भी जगह-जगह चेकिंग अभियान चला रही है। एसएसपी ने कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।

### विद्यालय भवनों के निर्माण में रखें गुणवत्ता का ध्यान: डीएम

**बागेश्वर :** जिलाधिकारी अक्षय भटगाई ने क्वालिटी एजुकेशन के साथ ही शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़करने पर जोर दिया। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने बेसिक, माध्यमिक और इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की अद्यतन स्थिति, छात्र-छात्राओं को दी जा रही सुविधाओं और गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों और इंतजामों के साथ ही विद्यालयों में निर्माणाधीन भवनों के गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिए। शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने क्वालिटी एजुकेशन पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण व कौशल विकास पर ध्यान देना जरूरी है। कहा कि मॉडल विद्यालयों में संसाधन बढ़ाने के प्रयास किए जाएं। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षा के स्तर को सुधारने तथा प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।

### ओम भंडारी ने एशियन जूनियर बॉक्सिंग में जीता कांस्य पदक


ओम भंडारी।

**टनकपुर :** स्टेडियम के खिलाड़ी एवं जीआईसी टनकपुर के कक्षा 10वीं के छात्र ओम भंडारी ने एशियन जूनियर बाक्सिंग चेम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर देश के साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। जीआईसी के खेल शिक्षक ललित मोहन भट्ट एवं स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि चैंपियनशिप दुबई के आबू धाबी में 27 अगस्त से 10 सितंबर तक आयोजित की गई। छात्र की इस सफलता पर प्रधानाचार्य रूप सिंह राजपूत, मेहरबान सिंह बिष्ट, हर्षवर्धन सिंह रावत, मुकेश शर्मा, ललित कुंवर, शिक्षक संघ अध्यक्ष विनोद गहतोड़ी, विद्यालय के शिक्षक प्रेम सागर, शंशाक मिश्र, कै. एलडी तिवारी ने छात्र को बधाई दी।


देहरादून में मुख्यमंत्री धामी से मिलते संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन व अन्य।

### शिक्षा में सुधार को सहयोगी बनेगा संपर्क फाउंडेशन

**देहरादून, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को उनके आवास पर संपर्क फाउंडेशन के संस्थापक चेयरमैन विनीत नायर ने मुलाकात की। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा में सुधार के लिए 4,337 सरकारी स्कूलों में संपर्क टीवी स्मार्ट स्कूल कार्यक्रम का विस्तार किया जाएगा। इससे प्रदेश के लगभग ढाई लाख बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपर्क फाउंडेशन की सराहनीय पहल है। सरकार द्वारा शिक्षा में आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विनीत नायर ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत स्कूलों को संपर्क फाउंडेशन द्वारा मुफ्त में 43-इंच टीवी सेट और टीवी डिवाइस (एंड्रॉइड सेट-अप बॉक्स और रिमोट प्रदान किया जा रहा है। डिवाइस में 1,000 घंटे की इंटरएक्टिव शैक्षिक सामग्री, 500 पाठ योजनाएं, खेल आधारित मूल्यांकन और कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए शैक्षिक वीडियो लोड किए गए हैं। यह डिवाइस बिना इंटरनेट के काम करता है, पर समय- समय पर सामग्री को अपडेट करने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मई 2023 में चम्पावत में शुरू किए गए संपर्क टीवी पायलट कार्यक्रम से बेहतर शैक्षणिक परिणाम प्राप्त हुए।

# धूमधाम से मनाई पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती

## पैतृक गांव खूंट में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा व विधायक मनोज तिवारी आदि ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 137 वीं जयंती उनके पैतृत गांव खूंट में हर्षोल्लास से मनाई गई। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक मनोज तिवारी, जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे व एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

मंगलवार को खूंट में आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि अंग्रेजी राज की विषम परिस्थितियों में भी पंडित पंत जी ने इस क्षेत्र का नाम विभिन्न मंचों पर रोशन किया। तत्कालीन संसाधनविहीन परिस्थितियों में भी उन्होंने अध्यापन के साथ-साथ राजनैतिक, वकालत तथा विभिन्न कार्य कर राष्ट्रहित में अपना अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने देश में पहाड़ का नाम रोशन किया।

विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अल्मोड़ा की धरती पर जन्म होना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम स्थल पर स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति से लोगों की तालियां बटोरी। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, मनोज बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, ममता वर्मा कनवाल, मालती गस्याल आदि रहे।


खूंट में पं. जीबी पंत की जयंती पर माल्यार्पण करते केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा।


अल्मोड़ा के खूंट में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

### नगर में निकाली प्रभात फेरी

**अल्मोड़ा :** पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर नगर में स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी नंदादेवी मंदिर से शुरू होकर मालरोड स्थित पंत पार्क पहुंची। जहां भारत रत्न पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर डीएम आलोक कुमार पांडे ने कहा कि राजनैतिक चेतना के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां जन्मे बहुत से प्रबुद्ध लोगों ने देश की राजनीति को दिशा दी। उन्होंने कहा कि आज हमें उन सभी महापुरुषों से सीखने को जरूरत है, उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है।


भारत रत्न पंडित पंत की जयंती पर खूंट में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### रानीखेत में हर्षोल्लास से मनाई पंत जयंती

**रानीखेत :** भारत रत्न पं गोविंद बल्लभ पंत की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। पंत पार्क में मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद एवं छावनी परिषद मुख्य अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला ने पं गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने पंत जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला ने कहा कि पंत जी ने सामाजिक बुराइयां को खत्म करने के लिए भी संघर्ष किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विमल सती ने अतिथियों का स्वागत किया।

### पंत जयंती पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम


चम्पावत में पंत जी की मूर्ति पर मालयार्पण करते एडीएम हेमंत कुमार वर्मा।

**टनकपुर :** महान स्वतंत्रता सेनानी व भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 137 वीं जयंती चम्पावत जिले में हर्षोल्लास से मनाई गई। टनकपुर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी, डॉ. पंकज उप्रेती, डॉ. सुल्तान सिंह यादव, डॉ. एसके कटियार, डॉ. विमल जोशी, डॉ. सुमन कुमारी आदि ने पंडित पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। स्टेडियम में नायब तहसीलदार आशीष गोसाई, जिला खेल अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट, कार्यक्रम अध्यक्ष संग्राम सिंह यादव, सचिव धनंजय गुप्ता, संरक्षक डॉ. देवी दत्त जोशी, रोहिताश अग्रवाल, स्टेडियम प्रभारी मुकेश शर्मा, कल्पना आर्य, ममता बिष्ट आदि ने भारत रत्न पंत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जीबी पंत वेलफेयर फाउंडेशन कार्यालय में भी भारत रत्न पंत की जयंती मनाई गई। इस मौके पर ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी, अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत, सचिव संजय गर्ग, बसंत पुनेठा, हंसा जोशी, सूरज भारद्वाज, महेश पाठक, भागीरथी पंत, किरण, पद्मिनी दयाल, गीता सती, कल्पना चन्द आदि मौजूद रहे। चम्पावत में एडीएम हेमंत कुमार वर्मा ने जिला कार्यालय परिसर में पंडित पंत की मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

# अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग


भिकियासैंण में मंगलवार को महिलाओं ने तहसील परिसर में सांकेतिक प्रदर्शन किया।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** प्रदेश समेत भिकियासैंण तहसील और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से महिलाओं में आक्रोश है। मंगलवार को भिकियासैंण की महिलाओं के शिष्टमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।
उन्होंने प्रदर्शन कर जल्द दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। ज्ञापन में महिलाओं ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। बच्चों को अकेले स्कूल कॉलेज भेजने पर भी भय बना रहता है। महिलाओं ने एक स्वर में अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई। यहां रानीखेत भाजपा जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट, हीरा नेगी, आशा नेगी, पुष्पा बिष्ट, भावना ध्यानी, विमला गोस्वामी आदि रहे।


अल्मोड़ा में मां नंदा-सुनंदा की मूर्ति निर्माण को कदली वृक्ष के खाम को लाते श्रद्धालु।

# विधि-विधान से मंदिर लाए गए कदली के वृक्ष

संवाददाता, अल्मोड़ा

- चंदवंशी राज परिवार ने विधि विधान से की पूजा अर्चना
- नंदादेवी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

**अमृत विचार :** नंदादेवी मंदिर परिसर में मेले के चौथे दिन मंगलवार को कदली वृक्षों को विधि विधान से नगर के विभिन्न बाजारों से होते हुए नंदादेवी मंदिर परिसर में लाया गया। इस बीच नगर मां के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल महिलाओं की टोली ने भजन गाए। चंदवंशज राज परिवार ने कदली वृक्षों की पूजा-अर्चना की।

मंगलवार को सप्तमी के दिन मंदिर समिति के लोग और पुजारी ग्राम पंचायत दूलागांव रैलकोट पहुंचे। यहां से कदली वृक्षों को नंदादेवी मंदिर परिसर में लाया गया। मंदिर परिसर में कदली वृक्षों की चंदवंशी युवराज नरेंद्र चन्द्र राज सिंह ने परिवार संग पूजा अर्चना की। उसके बाद दिन में मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण शुरू हुआ। मां नंदा सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण कर देर रात्रि में उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति निर्माण में रवि गोयल, सीपी वर्मा, देवेंद्र जोशी, रक्षित साह, रवि कन्नौजिया आदि जुटे हैं। यहां मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा, अनुप साह, अमित साह, अर्जुन बिष्ट, जगत तिवारी, हरीश जोशी, वैभव पांडे, मुन्ना वर्मा, गोपाल रावत, दीक्षांत वर्मा, धन्नजय साह, हर्षवर्धन साह, जीवननाथ वर्मा, कुलदीप रहे।

### कलाकारों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**अल्मोड़ा :** नंदादेवी मेले में सोमवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। लोक गायक दीपक रावत, रोशन बनौला, प्रियंका भट्ट, साहिल, सौम्या साह आदि ने नंदा सुनंदा तू दैण है जाये, माता गौरी अंबा तू दैण है जाये... भजन से कार्यक्रम की शुरूआत की। लोक कलाकारों ने कुमाऊंनी और गढ़वाली गीतों और नृत्यों की प्रस्तुति देकर संमा बांध दिया।

### भतरौजखान पुलिस ने वारंटी को पकड़ा

**अल्मोड़ा :** थानाध्यक्ष भतरौंजखान सुशील कुमार ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि भारतीय वन अधिनियम से संबंधित वारंटी ओमप्रकाश बहुगुणा न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। जिसे शहरफाटक लमगड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। यहां पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक करतार सिंह, हेड कांस्टेबल आनंद त्रिपाठी, संदीप मलिक शामिल रहे।

### जिला विकास प्राधिकरण जल्द समाप्त करे सरकार

**अल्मोड़ा :** पर्वतीय क्षेत्रों में जिला विकास प्राधिकरण को समाप्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को संघर्ष समिति ने धरना दिया। इस दौरान लोगों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चेतावनी दी कि जब तक डीडीए समाप्ति का शासनादेश जारी नहीं हो जाता संघर्ष समिति प्रत्येक सप्ताह गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन पर अडिग रहेगी। वक्ताओं ने कहा कि जिला विकास प्राधिकरण पहाड़ी क्षेत्रों के अनुकूल नहीं है। सदस्यों ने सरकार से जल्द से जल्द डीडीए हटाने की मांग की। यहां धरना प्रदर्शन में निवर्तमान पालिकाध्यक्ष व समिति के संयोजक प्रकाश चंद्र जोशी, हेम चंद्र जोशी, प्रताप सिंह सत्याल, एमसी काण्डपाल, ललित मोहन पंत, रॉबिन, प्रतेश पांडे, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, आनंद बगडवाल, अवनी कुमार अवस्थी, चंद्रमणी भट्ट, हर्ष कनवाल, सुनयना मेहरा समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में सीडीओ दिवेश शासनी ने कार्यभार संभाला



**अल्मोड़ा :** यहां नवनियुक्त मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने विकास भवन के सभी कार्मिकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं व पटलों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि कार्यालय में फाइलें न्यूनतम लंबित रहें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विकास कार्यों को और अधिक गति देने के निर्देश दिए।

## उत्तर प्रदेश

# मंत्री रेखा आर्य ने लिखाई युवती के खिलाफ रिपोर्ट

- आधार-पासपोर्ट में गिरधारी पप्पू को पति लिखवाने का आरोप
- खुद गिरधारी पप्पू ने दो साल पहले नियुक्त किया था मैनेजर
- कार में हूटर-लाल बत्ती लगाकर उगाही का भी आरोप लगाया उत्तराखंड की मंत्री ने
- युवती के मौसा पर भी साठगांठ का आरोप, पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सरकार में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की मंत्री रेखा आर्या ने पति गिरधारी लाल साहू उर्फ गिरधारी पप्पू की करीब 30 वर्षीय महिला मैनेजर और उसके मौसा के खिलाफ थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती पर संगीन आरोप यह है कि उसने आधार कार्ड और पासपोर्ट जैसे दस्तावेजों में गिरधारी पप्पू को अपना पति लिखवा रखा है। अपनी कार पर हूटर के साथ लाल बत्ती लगाकर दबदबा बनाने के साथ लोगों से उगाही भी कर रही है। पुलिस ने युवती को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। रेखा आर्य की ओर से इस मामले में आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह को ईमेल भेजकर शिकायत की गई थी। आईजी के आदेश पर मंगलवार को थाना बारादरी में आरोपी युवती कल्पना मिश्रा उर्फ कल्पना चतुर्वेदी और उसके कथित मौसा डॉ. आरसी पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। रेखा आर्य की ओर से कल्पना पर कई संगीन आरोप लगाए गए हैं। एफआईआर के मुताबिक कल्पना ने आधार कार्ड और पासपोर्ट जैसे दस्तावेजों में अपने पति का नाम गिरधारी लाल साहू लिखवा रखा है जो रेखा आर्य के पति हैं। इन दस्तावेजों में उसने अपना पता भी जोगीनवादा में गिरधारी साहू का घर लिखा हुआ है।

रेखा आर्य ने आरोप लगाया है कि कल्पना और डॉ. आरसी पांडेय अपनी क्रेटा कार पर हूटर और लाल बत्ती के साथ उत्तराखंड सरकार का बोर्ड भी लगाकर चलते हैं। दोनों इस तरह जनता में अपना दबदबा बना रहे हैं और लोगों से उगाही भी कर रहे हैं। रेखा आर्य ने आईजी को भेजे ईमेल में दोनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आईजी के आदेश पर मंगलवार को बारादरी पुलिस ने कल्पना मिश्रा और उसके मौसा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। दोपहर को कल्पना को थाने भी ले आई। रात तक उससे पूछताछ की जाती रही।



> मंत्री रेखा आर्य के प्रार्थनापत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवती को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है। उसने बताया है कि वह दो साल से बतौर मैनेजर गिरधारी पप्पू के लिए काम कर रही है।
> **- अमित पांडे,** थाना प्रभारी बारादरी

### गिरधारी पप्पू के ही घर में रह रही थी युवती

पुलिस के मुताबिक कल्पना मिश्रा मूल रूप से आगरा की रहने वाली है। उसके पिता बरेली की किसी चीनी मिल में कार्यरत थे। इसलिए वह बचपन से ही बरेली में ही रही है और उसकी पढ़ाई-लिखाई भी यहीं हुई है। गिरधारी पप्पू की ओर से मैनेजर नियुक्त किए जाने के बाद वह काफी समय से जोगी नवादा में में उनके घर में ही रह रही थी। रेखा आर्य ने उस पर अपने घर से सात लाख रुपये कीमत की स्वर्ण जड़ित रुद्राक्ष की माला भी चुराने का आरोप लगाया है।

### पुलिस ने युवती का मोबाइल और दस्तावेज लिए कब्जे में

रिपोर्ट दर्ज करने के बाद बारादरी पुलिस कल्पना मिश्रा को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन और सभी दस्तावेज भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान कल्पना ने पुलिस को बताया कि गिरधारी पप्पू ने उसे दो साल पहले मैनेजर के पद पर रखा था। वह उनकी जमीनों के साथ दूसरे कारोबार की भी देखभाल करती है। जोगी नवादा में उन्हीं के आवास पर रहने की वजह से उसने अपने दस्तावेजों पर उनके घर का पता डलवा लिया था।

### डिजिटल हस्ताक्षर से अब 19 तक लॉक होंगे डाटा

**लखनऊ, अमृत विचार:** पिछले वित्तीय वर्ष में छात्रवृत्ति से वंचित रह गए छात्रों का डॉटा अब 19 सितंबर तक लॉक किया जा सकेगा। छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति माह के अंतिम सप्ताह में जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए नई समय सारिणी जारी की गई है। जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति के स्तर से शुद्ध एवं संदेहास्पद डाटा अग्रसारित करने के लिए 10 सितंबर तक की तिथि तय की गई थी। जबकि जिला स्तर पर विभागीय अधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर से लॉक डाटा एवं वर्ष 2023-24 के ट्रांजेक्शन फेल वाले छात्र-छात्राओं की मांग सृजन के लिए नई तिथि 19 सितंबर नियत की गई है।

# पंत की कार्ययोजना पर आधारित है यूपी: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 137वीं जयंती पर याद किए गए पंडित गोविंद वल्लभ पंत, मुख्यमंत्री ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृहमंत्री रहे भारत रत्न पंडित गोविंद वल्लभ पंत की 137वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि उन्होंने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की थी, जिस पर आज का हमारा उप्र आधारित है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पंडित गोविंद वल्लभ पंत एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी अच्छी खासी प्रैक्टिस छोड़ दी और आजादी के आंदोलन से जुड़ गए। उन्होंने 1954 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दीं। कहा कि 1954-55 में पंडित गोविंद वल्लभ पंत को देश के गृह मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान राजभाषा हिंदी हो इसके लिए उनका प्रयास अत्यंत ही अतुल्य है। रेवेन्यू के सेक्टर में उनके द्वारा किए गए रिफॉर्म आज भी एक गरीब को न्याय प्रदान करते हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा आदि रहे।

### मृत्यु के 11 दिनों बाद मामला दर्ज करने पर सरकार से मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मॉब लिंचिंग से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए प्रदेश सरकार से जानकारी मांगी कि मृत्यु के 11 दिनों बाद औरंगजेब उर्फ फरीद पर डकैती का मुकदमा कैसे दर्ज किया गया।

कोर्ट ने जवाब दाखिल करने के लिए विपक्षियों को तीन सप्ताह का समय देते हुए मॉब लिंचिंग में मारे गए औरंगजेब के भाई मोहम्मद जकी की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने मोहम्मद जकी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। मालूम हो कि अलीगढ़ में 18 जून 2024 को चोरी के आरोप में औरंगजेब को भीड़ ने पीट-पीट कर मार डाला था।

## एक नजर

### भारतीय बाजार में 2030 तक 1 करोड़ होंगे ईवी : गडकरी

**नई दिल्ली।** भारत का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को छू लेगा और इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना तक पहुंच सकता है और इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है।

### जेएसडब्ल्यू को मिला पवन सौर हाइब्रिड का ठेका

**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (एमएसईडीसीएल) से 600 मेगावाट की पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना का ठेका मिला है। कंपनी की कुल लॉक-इन उत्पादन क्षमता बढ़कर 18.2 गीगावाट हो गई है, जिसमें 3.8 गीगावाट (एफडीआरई सहित) की कुल लॉक-इन हाइब्रिड क्षमता शामिल है। जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को एमएसईडीसीएल से ग्रीनशू विकल्प के तहत आवंटित 400 सहित 600 मेगावाट की परियोजना का ठेका मिला है।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5900 मसूरी- 5800 बासमती- 9800 परमल- 3950

दाल दलहन : काला चना- 9700 साबुत चना दाल- 9800 मूंग साबुत- 10700 राजमा- 13400-15600 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 7850 मसूर दाल- 7800 उड़द साबुत- 11700 काबुली चना- 15500 अरहर दाल- 15600 लोबिया/करमानी- 9700 सोयाबीन- 4700 मूंगफली- 11700 मटर (सूखी)- 5800 मक्का- 2900

# सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को भारत ले आए वाहन उद्योग : मोदी

## बोले- हम 2047 तक विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सियाम के वार्षिक सम्मेलन के लिए मोदी ने दिया लिखित संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटर वाहन विनिर्माता उद्योग के प्रतिनिधियों से वैश्विक स्तर पर अपनाए जाने वाले सर्वोत्तम तौर-तरीकों को भारत में लाने और हरित व स्वच्छ परिवहन पर काम करने का मंगलवार को आह्वान किया। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के वार्षिक सम्मेलन के लिए अपने लिखित संबोधन में मोदी ने कहा कि मोटर वाहन उद्योग आर्थिक वृद्धि को अधिक बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा कि जैसा कि हम 2047 तक विकसित भारत के अपने सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, मुझे विश्वास है कि सियाम जैसे संगठन सभी हितधारकों को एक साथ लाना जारी रखेंगे और इस मिशन की गति दोगुनी करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य की मांग है कि देश की प्रगति तेज होने के साथ ही सतत भी हो। हरित व स्वच्छ परिवहन पर काम करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह महत्वपूर्ण है कि जलवायु के लिहाज से सतर्कता वाला और सतत दृष्टिकोण घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के बीच अपनी जगह बनाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और विश्व के लिए इस महत्वपूर्ण मोड़ पर यह आवश्यक है कि हमारा मोटर वाहन क्षेत्र न केवल दूसरों के लिए अनुकरणीय मिसाल पेश करे, बल्कि वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को भारत में लाने की दिशा में भी काम करे। मुझे विश्वास है कि वार्षिक सम्मेलन में होने वाली चर्चाएं और विचार-विमर्श इसके लिए उत्प्रेरक का काम करेंगे। मुझे यकीन है कि नवाचार तथा उद्यम के जरिये मोटर वाहन उद्योग और भी अधिक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देगा और बदले में, अनिवार्य रूप से उत्पन्न होने वाली मांग पर फलेगा-फूलेगा।

# शेयर बाजार में प्रमोटर होल्डिंग का ज्यादा हिस्सा

प्रमोटर होल्डिंग एक सबसे महत्वपूर्ण बिंदु है जिसे शेयर बाजार में काम करने वाले हर निवेशक या व्यापारी को जानना चाहिए। अगर आप छोटी या मध्यम-कैप कंपनियों में निवेश कर रहे हैं तो यह ज़रूरी है। लेकिन प्रमोटर होल्डिंग क्या है और आपको इसके बारे में क्यों जानना चाहिए? अगर आपको प्रमोटर होल्डिंग के बारे में गहराई से समझने की जरूरत है आइये जानते हैं इसके बारे में ...

### प्रमोटर होल्डिंग का महत्व

**प्रबंधन नियंत्रण :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग का मतलब है कि प्रमोटर के पास कंपनी पर अधिक नियंत्रण और प्रभाव है। यह प्रबंधन की दिशा और कंपनी की दीर्घकालिक योजनाओं में स्थिरता को दर्शाता है।

**निवेशक विश्वास :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग निवेशकों को यह आश्वासन देती है कि प्रमोटर कंपनी की भविष्यवाणी और विकास में व्यक्तिगत शामिल हैं। इससे निवेशक का कंपनी के प्रति विश्वास बढ़ सकता है।

**निवेशक हितों का संरक्षण :** जब प्रमोटर की होल्डिंग अधिक होती है, तो प्रमोटर की वित्तीय स्थिति और प्रदर्शन का असर कंपनी के शेयर मूल्य पर पड़ता है। यह उनके लिए अच्छा संकेत होता है जो स्थिरता और सुसंगत प्रबंधन को महत्व देते हैं।

**नियामक अनुपालन :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग यह भी संकेत देती है कि प्रमोटर कंपनी के लंबे समय तक निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे किसी भी अल्पकालिक बाजार उतार-चढ़ाव से कंपनी पर कम असर पड़ता है।

### निवेशकों को लाभ

**विश्वास और स्थिरता :** जब प्रमोटर की होल्डिंग अधिक होती है, तो यह निवेशकों को कंपनी की स्थिरता का विश्वास दिला सकती है क्योंकि प्रमोटर की प्राथमिकता कंपनी के दीर्घकालिक लाभ और विकास पर होती है।

**प्रशासनिक नियंत्रण :** यदि प्रमोटर का हिस्सा अधिक होता है, तो यह संभावित रूप से कंपनी के संचालन में पारदर्शिता और ईमानदारी को निर्धारित करता है, जिससे निवेशक अपने निवेश की सुरक्षा महसूस कर सकते हैं।

**लाभांश वितरण :** उच्च प्रमोटर होल्डिंग वाली कंपनियां अक्सर अपने लाभांश वितरण में भी निवेशकों के हितों का ध्यान रखती हैं, क्योंकि प्रमोटर स्वयं भी लाभांश प्राप्तकर्ता होते हैं।



### प्रमोटर होल्डिंग कैसे देखें और मानक

**मात्रा :** 25% से अधिक प्रमोटर होल्डिंग सकारात्मक संकेत है, लेकिन ये कंपनी और उद्योग पर निर्भर करता है।

**गतिविधियां :** केवल होल्डिंग प्रतिशत ही नहीं, बल्कि प्रमोटर की कंपनियों के प्रति निष्ठा और उनके द्वारा की जा रही गतिविधियों को भी देखना चाहिए। यदि प्रमोटर अपनी हिस्सेदारी बेच रहे हैं, तो यह एक लाल झंडा हो सकता है।

**बदलाव :** प्रमोटर होल्डिंग में समय के साथ बदलाव महत्वपूर्ण है। यदि होल्डिंग घट रही है, तो हो सकता है कि प्रमोटर अपनी हिस्सेदारी बेचना चाह रहे हैं या वह कंपनी में कम रुचि ले रहे हैं।

**संरचना :** संस्थागत निवेशकों और शेयरधारकों की होल्डिंग भी मुख्य है। संतुलित शेयरहोल्डर संरचना स्थिरता और पारदर्शिता को दर्शाती है।

# जमा की तुलना में ऋण वृद्धि से गहरा सकता है नकदी संकट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- फिक्की और भारतीय बैंक संघ की संयुक्त रिपोर्ट में हुआ खुलासा

बैंकों से दिए जाने वाले ऋण की वृद्धि दर जमा वृद्धि से अधिक होने से बैंकिंग प्रणाली के समक्ष आने वाले समय में नकदी की चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। उद्योग मंडल फिक्की और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की एक संयुक्त रिपोर्ट कहती है कि ऋण वृद्धि के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए जमा को बढ़ाना और ऋण लागत को कम रखना बैंकों के एजेंडा में सबसे ऊपर है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वेक्षण के मौजूदा दौर में 67% उत्तरदाता बैंकों ने कुल जमा में चालू खाता और बचत खाता (कासा) जमा की हिस्सेदारी कम होने की बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिभागी बैंकों से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ महीनों में उच्च और आकर्षक दरों के कारण सावधि जमा में तेजी आई है। भाग लेने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के 80 प्रतिशत बैंकों ने 2024 की पहली छमाही के दौरान बचत खाते एवं चालू खाते में जमा की हिस्सेदारी घटने की सूचना दी। निजी क्षेत्र के भी आधे से अधिक बैंकों ने कासा जमा कम होने की सूचना दी। इस सर्वेक्षण का 19वां दौर जनवरी से जून, 2024 के दौरान चला। सर्वेक्षण में सार्वजनिक क्षेत्र, निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों सहित कुल 22 बैंकों ने भाग लिया। इनकी कुल बैंकिंग उद्योग में करीब 67% हिस्सेदारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, 71 प्रतिशत बैंकों ने पिछले छह महीनों में गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के स्तर में कमी की सूचना दी है। सार्वजनिक क्षेत्र के 90 प्रतिशत बैंकों का एनपीए इस अवधि में घटा है जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में से 67 प्रतिशत ने कमी का हवाला दिया है। सर्वेक्षण के निष्कर्ष बताते हैं कि बुनियादी ढांचा, धातु, लोहा और इस्पात जैसे क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक ऋण मांग में निरंतर वृद्धि हुई है। इसके पीछे बुनियादी ढांचे क्षेत्र पर सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देना एक कारण हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के बीच साझेदारी में नवाचार को बढ़ावा देने, सेवा वितरण में सुधार करने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।

## मिल्कोमोर के वितरक व सेल्सकर्मी पुरस्कृत

कानपुर। कपिला कृषि उद्योग लिमिटेड द्वारा निर्मित मिल्कोमोर पशु आहार का वितरक महासम्मेलन मसूरी में हुआ। कंपनी प्रबंधन ने सबसे टॉप सेल्स स्टाफ वीरेंद्र गुप्ता को शील्ड, टॉप थ्री विक्रेता अभय सिंह, पंकज कुमार, नीरज गुप्ता को मेडल प्रदान किया। सीईओ सौरभ शिवहरे ने कहा कि बेस्ट परफॉर्मेंस मेडल से अमित बाजपेई, अशोक सोनी, हर्षित पटेल, रवि कटियार, दीपक नरेश, हरी नारायण, हीरामन वर्मा, आशीष बाजपेई, इमरान शेख, बजेन्द्र सिंह आदि को पुरस्कृत किया। इस दौरान राजेश्वरी शिवहरे, सूर्याश जैन, रिषी सिंह आदि मौजूद रहे।

## इक्विटी एमएफ में निवेश 3% बढ़ा एसआईपी में प्रवाह रिकॉर्ड पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अगस्त में 38,239 करोड़ रुपये का लोगों ने किया निवेश

इक्विटी म्यूचुअल फंड ने अगस्त में भी अपनी मजबूत गति जारी रखी और थीम आधारित योजनाओं से मिले मजबूत योगदान से इनमें 38,239 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के अनुसार, जुलाई में दर्ज 37,113 करोड़ के शुद्ध प्रवाह से यह 3% अधिक रहा।

अगस्त में अबतक किसी भी महीने में प्राप्त दूसरा सबसे अधिक निवेश भी दर्ज किया गया। साथ ही यह जून में प्राप्त 40,608 करोड़ के शुद्ध निवेश के बाद दूसरे स्थान पर है। एम्फी के मुख्य कार्यकारी वेंकट चालसानी ने कहा कि एसआईपी (सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) से मासिक योगदान अगस्त में बढ़कर 23,547 करोड़ के उच्चस्तर पर पहुंचा, पिछले महीने यह 23,332 करोड़ था। यूनियन म्यूचुअल फंड की मुख्य कार्यपालक अधिकारी मधु नायर ने कहा कि अगस्त में इक्विटी प्रवाह एसआईपी प्रवाह, एनएफओ (नई कोष पेशकश) और मौजूदा योजनाओं का मिश्रण रहा है।

## राष्ट्रीय

# कोलकाता में जूनियर डॉक्टरों ने विशाल रैली निकाली

## पुलिस ने रैली को रोका तो धरना प्रदर्शन किया शुरू, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव व दो अधीनस्थ के इस्तीफे की मांग की

**कोलकाता, एजेंसी**

प. बंगाल में सरकारी अस्पतालों के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को राज्य स्वास्थ्य सचिवालय तक विशाल रैली निकाली और स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव नारायण स्वरूप निगम और उनके दो अधीनस्थ के इस्तीफे की मांग की। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि ये तीनों अस्पताल के सेमिनार हॉल को ध्वस्त करने और जीर्णोद्धार के लिए जिम्मेदार हैं।

आंदोलनकारी चिकित्सकों ने राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के पास करुणामयी में उस समय धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जब पुलिस ने रैली को आगे बढ़ने से रोक दिया। चिकित्सकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जातीं, वे धरना-प्रदर्शन जारी रखेंगे। राज्य स्वास्थ्य सचिवालय के अधिकारी समाधान खोजने को डॉक्टरों से चर्चा को तैयार हैं। उच्चतम न्यायालय के साथ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी शाम पांच बजे तक प्रदर्शन समाप्त करने के अनुरोध के बावजूद जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने से इनकार किया है। चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री को पांच नई मांगों को लेकर अल्टीमेटम दिया है, जिसमें पुलिस आयुक्त विनीत गोयल, प्रमुख सचिव और उनके दो डिप्टी की बर्खास्तगी, हत्या में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देना तथा कार्यस्थल तथा अस्पतालों में अनुकूल माहौल बनाना शामिल है।



राज्य में हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकते सुरक्षाकर्मी।

### जूनियर चिकित्सकों ने की कोर्ट के निर्देश की अवज्ञा

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्देश की अवज्ञा करते हुए कहा कि वे मांगें पूरी होने और पीड़िता को न्याय मिलने तक ड्यूटी पर नहीं जाएंगे। शीर्ष अदालत ने एक दिन पहले, प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### पूर्व प्राचार्य संदीप घोष 23 तक न्यायिक हिरासत में

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को वित्तीय अनियमितताओं के मामले में मंगलवार को विशेष सीबीआई अदालत ने 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अदालत ने उनके सुरक्षाकर्मी अफसर अली और दो कथित सहयोगियों (ठेकेदार वेंडर बिप्लब सिन्हा और सुमन हाजरा) को भी 23 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं दूसरी ओर आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने धमकी मे मामले में 51 डॉक्टरों को नोटिस भेजा और उन्हें 11 को जांच समिति के समक्ष पेश होने को कहा है। नोटिस में कहा गया है कि उन्हें समिति के समक्ष अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी।

# भाजपा को समझ नहीं है, उसकी निंदा भारत की निंदा नहीं है : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भाजपा के हमले पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निंदा भारत की निंदा नहीं है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि विपक्षी दल के रूप में जब कांग्रेस भारत में सरकार की आलोचना करती है, तो पूरी दुनिया सुनती है तथा जब प्रधानमंत्री मोदी कपड़ों से पहचानने की बात और हिंदू-मुसलमान करते हैं, तब भी पूरा विश्व सुनता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कब से भारत हो गई कि भाजपा की निंदा का मतलब भारत की निंदा है। भाजपा या नरेन्द्र मोदी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी निंदा करना भारत की निंदा करना है। यह धारणा गलत है। भारत के राष्ट्र निर्माताओं की निंदा जब प्रधानमंत्री करते हैं, तो किसकी निंदा करते हैं? उस समय हम इनकी नीतियों की निंदा करेंगे, सवाल उठाएंगे, हमारा काम है। इनको क्या आपत्ति है।

### भाजपा-कांग्रेस में ठनी

#### मोदी को लेकर राहुल ने सच बोला : वेणुगोपाल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि राहुल गांधी ने अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर जो बात कही है वह सत्य है और इसको देखकर भाजपा में हड़कंप मचा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा का तंत्र इससे घबराया हुआ और परेशान है क्योंकि गांधी ने सच बोला है। राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस की नफरत और विभाजन की राजनीति के बारे में चेतावनी दी है। भाजपा के लिए अमेरिका में राहुल के बयानों के बारे में शिकायत करना और बड़ा पाखंड है।

## एक नजर

### कोलकाता में बस में महिला से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता के कस्बा क्षेत्र में मंगलवार सुबह चलती बस के अंदर एक महिला से एक सहयात्री ने कथित रूप से छेड़खानी की। पुलिस ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे बस में यह महिला चिल्लाने लगी जिसके बाद यात्रियों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। महिला की उम्र करीब 25 साल है। आरोपी ने बस से उतरकर भागने की कोशिश की लेकिन आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और वे उसे कस्बा थाने ले गये। उन्होंने कहा कि महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करायी और बाद में उसे (आरोपी को) गिरफ्तार कर लिया गया। महिला कस्बा से फूलबागान काम करने जा रही थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### राज्यसभा सदस्य की मिशन और राजीब ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को नवनिर्वाचित मिशन रंजन दास और राजीब भट्टाचार्जी को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। धनखड़ ने संसद भवन में अपने कक्ष में दोनों सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलायी। भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष और सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा मौजूद थे। राज्यसभा सचिवालय की वरिष्ठ अधिकारी और नवनिर्वाचित सदस्यों के परिजन भी उपस्थित रहे। दास असम से और भट्टाचार्जी त्रिपुरा से भाजपा के टिकट पर राज्यसभा के सदस्य के रूप में चुने गए हैं।

## न्यायालय ने थरूर के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगायी

**प्रधानमंत्री पर टिप्पणी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को राहत देते हुए उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए की गई कथित टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज मानहानि के मुकदमे में एक निचली अदालत में कार्यवाही पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने मामले में दिल्ली सरकार और शिकायतकर्ता एवं भाजपा नेता राजीव बब्बर को नोटिस जारी किया।

थरूर को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार मंगलवार को यहां निचली अदालत में पेश होना था। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब देने को कहा जाता है। इस बीच, आगे की कार्यवाही पर रोक लगायी जाती है। थरूर ने उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही निरस्त करने से इनकार करने के हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ 29 अगस्त को शीर्ष न्यायालय का रुख किया था।

## आप ने नौ नामों की दूसरी सूची की जारी

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** आप ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए नौ नामों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह को बरवाला से उम्मीदवार बनाया गया है। सिंह एक दिन पहले ही भाजपा से आप में शामिल हुए थे। सीट बंटवारे पर कांग्रेस के साथ बातचीत विफल रहने के बाद सोमवार को पार्टी ने पहली सूची जारी की थी। नयी सूची में रीता बामनिया को साढौरा, किशन बजाज को थानेसर और हवा सिंह को इंद्री, रतिया से मुख्तियार सिंह बाजीगर, आदमपुर से भूपेंद्र बेनीवाल और बरवाला से छत्रपाल सिंह को टिकट दिया है।

# पीएसी बैठक में सेबी प्रमुख को लेकर हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी**





- टीएमसी नेता की मांग पर भड़के भाजपा सांसद, बोले- नियमों के खिलाफ

टीएमसी नेता सौगत रॉय ने मंगलवार को हितों के टकराव के आरोपों का सामना कर रहीं सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष तलब करने की मांग की। जिसे लेकर हंगामा हो गया। जल जीवन मिशन के ऑडिट को बुलाई बैठक में रॉय ये बात कही। इसका विरोध करते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यह नियमों के खिलाफ है।

बैठक में दुबे ने कहा कि सीएजी के प्रधान लेखा परीक्षक केंद्र सरकार के आदेश के बिना सेबी का ऑडिट नहीं कर सकते हैं, इसलिए पीएसी भी नियामकों के अधिकारियों को वित्त संबंधी खामियों के सबूत के बिना नहीं बुला सकती। दुबे ने कहा था कि सबसे पुरानी संसदीय समिति होने के नाते पीएसी के अपने नियम हैं और यदि स्वतः संज्ञान लेना है तो उसे साक्ष्य के साथ प्रमाणित करना होगा। हिंडनबर्ग ने बुच के खिलाफ हितों के टकराव का आरोप लगाया था। कांग्रेस इसको लेकर माधवी पर हमले कर रही है। बुच ने आरोपों को खारिज किया है।

### महिंद्रा ने बुच को भुगतान के आरोपों को झूठा बताया

**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने मंगलवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के पति धवल बुच को किए भुगतान पर हितों के टकराव के आरोपों का खंडन किया और कांग्रेस के लगाए आरोपों को झूठा तथा भ्रमित करने वाला करार दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि माधबी बुच की अगोरा एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में उस समय 99 प्रतिशत हिस्सेदारी थी जब यह परामर्शदाता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह को सेवा प्रदान कर रही थी। कांग्रेस ने दावा किया कि माधबी के पति धवल को 2019-21 में महिंद्रा से 4.78 करोड़ मिले।

## इंजीनियर रशीद को मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण के मामले में मंगलवार को लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद को दो अक्टूबर तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी। इंजीनियर रशीद उर्फ शेख अब्दुल रशीद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बारामूला सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को हराया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने रशीद को राहत प्रदान की, जिसने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध करते हुए अदालत में याचिका दायर की थी।

## भाजपा नेता की हत्या के मामले में एनआईए का नौ जगह पर छापा

**कोलकाता।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने 2023 में भाजपा नेता बिजय कृष्ण भुइयां के अपहरण और हत्या मामले में सोमवार मध्यरात्रि के बाद पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना इलाके में नौ स्थानों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रात दो बजे शुरू की गई तलाशी के दौरान एनआईए ने नौ स्थानों पर छापे मारे, लेकिन कई आरोपी घरों पर मौजूद नहीं थे। भाजपा के बूथ प्रभारी भुइयां का मार्च 2023 में अपहरण कर उन्हें घायल कर दिया गया था। गंभीर घावों से अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित के रिश्तेदारों ने मोयना थाने में प्राथमिकी दी थी और कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने एनआईए को घटना की जांच करने का निर्देश दिया था, जिसमें शक्तिशाली विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया था।

# महिलाएं वे सब कर सकती हैं जो पुरुष करते हैं : भागवत

**नागपुर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि महिलाएं वे सब काम कर सकती हैं जो पुरुष कर सकते हैं और महिलाएं वह काम भी कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर सकते। यहां महिला बहुप्रदेशीय सहकारी सोसायटी द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने महिलाओं की मुक्ति शब्द के इस्तेमाल पर भी विस्तार से चर्चा की। भागवत ने कहा कि महिलाओं की मुक्ति की बात कहना गलत है। अगर महिलाओं को वे सब करने की आज़ादी दी जाए, जो वे करना चाहती हैं, तो हर कोई अपने आप ही मुक्त हो जाएगा। भारत में महिलाएं सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचती हैं। उनमें वात्सल्य का गुण अंतर्निहित है और इसीलिए वे सबके बारे में सोचती हैं। हम अपने घरों से संस्थानों तक देखते हैं कि महिलाएं सभी के कल्याण के बारे में सोचती हैं।

## हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती, 24 को सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**25,753 शिक्षक व गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में 25,753 शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मियों की नियुक्ति को अवैध करार देने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर 24 सितंबर को सुनवाई करेगा। बंगाल सरकार और अन्य ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह मंगलवार को कुछ अन्य मामलों की सुनवाई के कारण सूचीबद्ध याचिकाओं पर सुनवाई नहीं कर पा रही है।

# निष्क्रियता के लिए सरकार की केरल हाईकोर्ट ने की आलोचना

**कोच्चि, एजेंसी**

- हेमा समिति की रिपोर्ट वर्षों पहले मिली तो सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए थी

केरल हाईकोर्ट ने मंगलवार को राज्य की वाम मोर्चे की सरकार की खिंचाई करते हुए कहा कि न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट पर उसकी निष्क्रियता चिंताजनक है। न्यायमूर्ति एके जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति सीएस सुधा की विशेष खंडपीठ ने कहा कि सरकार को रिपोर्ट वर्षों पहले मिल गई थी और उसे तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी।

पीठ ने निर्देश दिया कि आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी जाए। उसने यह भी पूछा कि राज्य इतने वर्षों तक चुप क्यों रहा। पीठ ने कहा कि केरल में महिलाओं की संख्या अधिक है और पूछा कि समाज में उनके सामने आने वाली समस्याओं के बारे में राज्य क्या कर रहा है। सरकार ने रिपोर्ट मिलने के चार से अधिक वर्ष बाद ही इस पर कार्रवाई की।

# ग्रेटर नोएडा में दूसरे दिन भी नहीं हो सका खेल

**अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट**

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**

आउटफील्ड ढकने के लिए शामियाने का इस्तेमाल, गीली आउटफील्ड सुखाने के लिए इलेक्ट्रिक पंखे, डीडीसीए से ग्राउंड कवर उधार और यूपीसीए से उधार पर सुपर सोपर लेने के बावजूद ग्रेटर नोएडा में अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट में दूसरे दिन का खेल नहीं होने से काफी किरकिरी हुई है।

शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में लगातार दूसरे दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी जिससे इस स्टेडियम पर प्रश्नचिन्ह लगे हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी हो रही है सो अलग।

दोनों टीमों के बीच पहली बार हो रहा टेस्ट सोमवार से शुरू होना था लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर अंपायरों ने पहले दिन का खेल रद्द कर दिया। सोमवार को शाम को एक घंटे बूंदाबांदी को छोड़कर बारिश नहीं हुई लेकिन मंगलवार को खेल की शुरूआत पर असर पड़ा। खेल सुबह आधा घंटा पहले शुरू होना था। आसमान साफ था लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद मैदान को खेलने लायक नहीं बनाया जा सका। मैदानकर्मी अभ्यास परिसर से सूखी घास लाकर मिड आन और मिडविकेट क्षेत्र में लगाने की कोशिश कर रहे थे। आफ साइड में तीन टेबल फैन भी लगाए गए ताकि उसे सुखाया जा सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी भी मौजूद थे जिनकी देखरेख में काम हो रहा था। अंपायरों ने तीन बार मुआयने के बाद दूसरे दिन का भी खेल रद्द कर दिया। स्टेडियम अधिकारियों के अनुसार मैदान में पांच सुपर सोपर लगाये गए लेकिन काम नहीं बना।



ग्रेटर नोएडा में आउटफील्ड लगाते कर्मचारी। ● एजेंसी

## साइ, स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड क्वार्टर फाइनल में

**पुणे।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने मंगलवार को यहां चौथी हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

साइ ने पूल ए में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को 5-1 से हराकर पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। साइ के लिए पंकज ने दो जबकि ललित नेगी, नीरज और रजत मिन्ज ने एक-एक गोल दागा। स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड ने पूल बी में देना बैंक से 3-3 से ड्रॉ खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट में प्रवेश किया।

# फिर जीत हासिल करने उतरेगी टीम

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी**

**हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी**



पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था।

प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा एक अन्य मैच ड्रॉ खेला। भारत ने नए ओलंपिक चक्र की शुरुआत की है और ऐसे में वह किसी भी टीम को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगा।

## खेल डायरी

### भारतीय टीमों की निगाहें फिर से पदक जीतने पर

बुडापेस्ट। डी हरिका और आर वैशाली की अगुवाई वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम बुधवार से यहां शुरू होने वाले 45वें शतरंज ओलंपियाड में पोडियम पर पहुंचने की मजबूत दावेदार होगी जबकि डी गुकेश की अगुवाई वाली पुरुष टीम से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। कोनेरू हम्पी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही हैं लेकिन इससे भारत की संभावनाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए क्योंकि वैशाली ने हाल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। हम्पी की गैर मौजूदगी में शीर्ष बोर्ड पर ग्रैंडमास्टर डी हरिका होंगी। उनके बाद अन्य बोर्ड पर वैशाली, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल अपनी चुनौती पेश करेंगी। तानिया सचदेव को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में चुना गया है लेकिन उन्हें भी कुछ मैच में उतारा जा सकता है। चीन प्रतियोगिता में अपनी कमजोर टीम उतार रहा है। अगर विश्व रेटिंग पर गौर करें तो उसकी शीर्ष चार खिलाड़ी टीम में शामिल नहीं हैं। रूस प्रतिबंध लगे होने के कारण लगातार दूसरी बार इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगा जबकि यूक्रेन भी अपनी मजबूत टीम नहीं उतार पा रहा है। ऐसे में भारतीय महिला टीम अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है जिससे उसकी पदक जीतने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।



### रैना, हरभजन, यूएस मास्टर्स टी-10 में बिखेरेंगे जलवा

लॉडरहिल (फ्लोरिडा)। अमेरिका के टेक्सास में आठ नवंबर से 17 नवंबर तक होने वाले यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन सुरेश रैना, हरभजन सिह, हाफीज सईद, ड्वेन ब्रावो सहित क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज टूर्नामेंट में बिखेरेंगें अपना जलवा। पहले संस्करण की तरह इस सीजन में भी कई रोमांचक मुकाबले होने वाले हैं और निश्चित रूप से क्रिकेट के सबसे तेज तथा मनोरंजक प्रारूप में कई बड़ी हिट्स देखने को मिलेंगी। टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए दावेदारी के साथ दुनियाभर के 500 से अधिक क्रिकेटरों ने यूएस मास्टर्स टी-10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया। इस लीग में कैलिफोर्निया बोल्ट्स, डेट्रायट फाल्कन्स, शिकागो प्लेयर्स, न्यूयॉर्क वॉरियर्स, मॉरिसविले यूनिटी कैंप और अटलांटा राइडर्स टीमों के लिए दुनियाभर के खिलाड़ी खेलेंगे। टी-10 ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है और हम इस खास यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस साल आईसीसी टी-20 विश्वकप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और हम उस गति को बनाए रखना चाहते हैं और इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स के दूसरे सीजन के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को अधिक यादगार मुकाबले प्रदान करना और इस खेल को और अधिक रोमांचक बनाने में मदद करना है।



### दलीप ट्रॉफी: रिंकू को दूसरे दौर के लिए चुना गया




अनंतपुर। ऋषभ पंत, लोकेश राहुल और शुभमन गिल सहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम में चुने गए अधिकतर खिलाड़ियों को 12 सितंबर से यहां शुरू हो रहे दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर से मंगलवार को आराम दिया गया। रविवार को राष्ट्रीय टीम में आकाश दीप, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल को भी जगह मिली। इन सभी को दूसरे दौर में खेलने से छूट दी गई है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल और सरफराज खान को हालांकि दलीप ट्रॉफी से नहीं हटाया गया है जिससे संकेत मिलते हैं कि वे चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय एकादश का हिस्सा नहीं होंगे। बीसीसीआई ने बयान में कहा चयनकर्ताओं ने गिल के विकल्प के तौर पर प्रथम सिंह (रेलवे), लोकेश राहुल के विकल्प के तौर पर अक्षय वाडकर (विदर्भ) और जुरेल के विकल्प के तौर पर एसके रशीद (आंध्र) को चुना है। बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी टीम में कुलदीप की जगह लेंगे जबकि आकाश दीप की जगह आकिब खान (उत्तर प्रदेश) को चुना गया है। गिल की जगह मयंक अग्रवाल को भारत 'ए' टीम का कप्तान बनाया गया है। जायसवाल और पंत के विकल्प के तौर पर चयनकर्ताओं ने सुयश प्रभुदेसाई और रिंकू सिंह को चुना है। भारत 'डी' टीम में अक्षर के स्थान पर निशांत संधू को जगह मिली है।

# देश को गौरवान्वित कर लौटे पैरालंपियंस

## पैरालंपिक पदक विजेताओं का स्वदेश लौटने पर दिल्ली में जोरदार स्वागत






पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक देश के नाम कर लौटे पैरालंपियंस का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत, साथ में स्वर्ण विजेता सुमित अंतिल को पुरस्कार देते खेल मंत्री। ● एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेरिस में हाल ही में संपन्न हुए पैरालंपिक खेलों में 29 पदक जीतने वाले भारत के पैरालंपिक पदक विजेताओं का मंगलवार को यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों समर्थकों ने फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ जोरदार स्वागत किया। आज सुबह जब खिलाड़ी हवाई अड्डे से बाहर निकले तो ढोल की थाप और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया गया।

भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कहा इस भव्य स्वागत के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। सुमित ने 70.59 मीटर के प्रयास के साथ खेलों का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर एफ64 श्रेणी में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीता। वह मौजूदा विश्व चैंपियन निशानेबाज अवनि लेखरा के बाद पैरालंपिक खिताब का बचाव करने वाला दूसरा भारतीय खिलाड़ी बना। अवनि ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वह अपनी स्पर्धाएं पूरी करने के बाद पिछले सप्ताह देश लौटी थीं। अंतिल ने 2015 में मोटरसाइकिल दुर्घटना में घुटने के नीचे अपना बायां पैर खो दिया था। दुर्घटना से पहले वह सक्षम खिलाड़ियों के वर्ग में पहलवान थे।

अपने छोटे कद के कारण एफ41 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप को उनके समर्थकों ने उठाया और उनके साथ जश्न मनाया। नवदीप ने 47.32 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारत ने 84 खिलाड़ियों का दल भेजा था जो खेलों के लिए देश का अब तक का सबसे बड़ा दल था। देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सात स्वर्ण पदक सहित कुल 29 पदक जीते।

### समर्थकों ने पुष्पवर्षा कर किया प्रतिभाओं का सम्मान

पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में पीएचडी कर रहे तीरंदाज हरविंदर सिंह स्वागत से अभिभूत थे। बचपन में डेंगू के उपचार के दुष्प्रभावों के कारण उनके पैर खराब हो गए। वह तीन साल पहले तोक्यो में कांस्य पदक के साथ इस खेल में देश के पहले पदक विजेता बनने के बाद पेरिस में पैरालंपिक में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज बने। समर्थकों ने हरविंदर और साथी तीरंदाज शीतल देवी पर फूलों की वर्षा की। बिना हाथों के पैदा हुई शीतल ने राकेश कुमार के साथ मिश्रित टीम कांस्य पदक जीता जबकि वह व्यक्तिगत पदक से मामूली अंतर से चूक गईं थी। शीतल ने कहा मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। मैं बहुत खुश हूं कि भारत ने तीरंदाजी में दो पदक जीते। हमें अच्छा समर्थन मिला और इसीलिए हमने इतने सारे पदक जीते। भारत पदक तालिका में 18वें स्थान पर रहा।

### स्वर्ण के लिए 75, रजत को 50 और कांस्य विजेता को 30 लाख रुपये का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने हाल में संपन्न पेरिस पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए मंगलवार को नकद पुरस्कार की घोषणा की जिसमें स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख, रजत पदक विजेताओं को 50 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 30 लाख रुपये दिए जाएंगे। तीरंदाज शीतल देवी की तरह मिश्रित टीम स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 22 .5 लाख रुपये मिलेंगे। यहां पदक विजेताओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित भव्य समारोह में खेल मंत्री ने यह घोषणा की। मांडविया ने 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में अधिक पदक जीतने के लिए पैरा खिलाड़ियों को पूर्ण समर्थन और सुविधाएं देने का भी वादा किया। उन्होंने कहा देश पैरालंपिक और पैरा खेलों में आगे बढ़ रहा है। 2016 में 4 पदकों से, भारत ने तोक्यो में 19 पदक, पेरिस में 29 पदक जीते और 18वें स्थान पर रहा। हम अपने सभी पैरा खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं प्रदान करेंगे ताकि हम 2028 लॉस एंजिल्स पैरालंपिक में और अधिक पदक तथा स्वर्ण पदक जीत सकें।

# एमबापे के बिना जीता फ्रांस हॉलैंड ने दिलाई नॉर्वे को जीत

**जिनेवा, एजेंसी**

- नेशंस लीग टूर्नामेंट में फ्रांस ने बेल्जियम को 2-0 से हराया
- हॉलैंड के गोल से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से दर्ज की जीत

स्टार फॉरवर्ड किलियन एमबापे को विश्राम दिए जाने के बावजूद फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बेल्जियम को 2-0 से हराया। एमबापे के पेरिस सेंट जर्मेन के दो पूर्व साथियों रैंडल कोलो मुआनी और ओस्मान डेम्बेले ने फ्रांस की तरफ से गोल किए।

फ्रांस अपने पिछले मैच में शुक्रवार को इटली से 3-1 से हार गया था लेकिन बेल्जियम के खिलाफ जीत से उसने टूर्नामेंट में आगे बढ़ने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इटली ने सोमवार को इजराइल को 2-1 से हराया और वह चार टीमों के ग्रुप में शीर्ष पर है। इस बीच अर्लिंग हॉलैंड के 80वें मिनट में किए गए निर्णायक गोल की मदद से नॉर्वे ने ऑस्ट्रिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में स्लोवेनिया के स्टार बेंजामिन सेस्को ने कजाकिस्तान पर 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई।

### इजराइल के राष्ट्रगान के समय इटली के प्रशंसकों ने दिखाई पीठ

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** तटस्थ स्थल हंगरी में खेले गए नेशंस लीग फुटबॉल मैच से पहले जब इजराइल का राष्ट्रगान बज रहा था तब इटली के काले कपड़े पहने हुए लगभग 50 प्रशंसकों ने इसके विरोध में अपनी पीठ दिखाई। इटली के इन प्रशंसकों ने सोमवार को खेले गए इस मैच में अपने देश का ध्वज भी हाथ में ले रखा था जिस पर लिबर्टा (स्वतंत्रता) लिखा हुआ था। हमास के साथ युद्ध के कारण इजराइल अपने घरेलू मैच हंगरी में खेल रहा है। इटली ने इस मैच में 3-0 से जीत दर्ज की। हंगरी के प्रधान मंत्री विक्टर ओर्बन के इजराइल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

# त्रिसा-गायत्री प्री-क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग, एजेंसी**

- हांगकांग बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन में चिराग और मानव हारे



‹‹ मैच के दौरान त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी।

भारत के चिराग सेन और मानव चौधरी को हांगकांग बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल क्वालीफिकेशन के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को हार का सामना करना पड़ा, जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी महिला युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई।

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के विश्व टूर सुपर 500 स्तर के स्पर्धा में त्रिसा और गायत्री की जोड़ी ने यूक्रेन की पोलिना बुग्रोवा और एवगेनिया कांतेमिर के खिलाफ जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। भारतीय जोड़ी ने अंतिम-32 के इस मुकाबले को 21-14 21-13 से अपने नाम किया। रुतापर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा को महिला युगल के अंतिम 32 मैच में हालांकि चीनी ताइपे की सीह पेई शान और हंग एन-त्जु से 11-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। चिराग सेन ने क्वालीफायर दौर में अंतिम 16 दौर के मैच में कनाडा के लाई यिन चुंग ने शिकस्त दी।

मानव चौधरी ने क्वालीफायर के अंतिम 16 में यूक्रेन के ओलेक्सी टिटोव को 21-14 21-19 हराया लेकिन अगले दौर में हांगकांग के चान यिन चाक के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार गए।

## बॉलीवुड हलचल

# रश्मिका ने हाल ही में हुई दुर्घटना का किया खुलासा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने बताया कि हाल ही में उनके साथ एक छोटी सी दुर्घटना हुई। रश्मिका ने उन्होंने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों को अपनी स्थिति के बारे में जानकारी दी। रश्मिका ने अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा मुझे पता है कि जब से मैं यहां आई हूं या यहां जब सार्वजनिक रूप से देखी गई थी तब से काफी समय हो गया है। पिछले महीने में मैं आप लोगों से मिलने या सोशल मीडिया मंच पर बहुत सक्रिय नहीं रही हूं इसका कारण यह है कि मेरे साथ एक छोटी सी दुर्घटना हो गई थी, इसलिए मुझे डॉक्टर ने घर पर रहने और आराम करने की सलाह दी थी। अपने संदेश में उन्होंने आत्म-देखभाल के महत्व को भी साझा किया और कहा हमेशा अपना ख्याल रखना प्राथमिकता बनाएं, क्योंकि जीवन बहुत नाजुक और छोटा है और हम नहीं जानते कि हमारे पास कल होगा या नहीं इसलिए हर दिन खुशियाँ चुनें।

# 13 को रिलीज होगी द बकिंघम मर्डर्स

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर खान स्टारर फिल्म द बकिंघम मर्डर्स इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस मिस्ट्री-थ्रिलर के ट्रेलर ने सस्पेंस और इंटेंसिटी का माहौल बना दिया है, जिसकी वजह से दर्शकों की एक्साइटमेंट अलग लेवल पर पहुंच गया है। ट्रेलर को शानदार रिस्पॉन्स मिला है, जिसने इसे एक मस्ट-वॉच मिस्ट्री-थ्रिलर बना दिया है। द बकिंघम मर्डर्स नई और ओरिजनल कंटेंट पेश करती है। कहानी नई है और पहले कभी नहीं देखी गई है। जैसा कि ट्रेलर में दिखाया गया है, फिल्म कई उतार-चढ़ाव का वादा करती है, जो दर्शकों को एक अनोखे और रोमांचक अनुभव कराएगी। यह फिल्म फिल्म जसमीत भामरा (जिसे जैज के नाम से भी जाना जाता है) की कहानी बताती है, जो एक पुलिस ऑफिसर और सिंगल माँ है, जिसने हाल ही में एक गोलीबारी में अपने बच्चे को खो दिया है। करीना कपूर खान ने जैज की भूमिका निभाई है। उनके किरदार का हालिया दर्द तब फिर से सामने आता है जब उसे एक लापता बच्चे का मामला दिया जाता है। कहानी कई सरप्राइजेज से भरी है, जो इसे एक्साइटिंग होने के साथ इमोशंस से भरी हुई बनाती है। इस फिल्म से करीना कपूर खान बतौर प्रोड्यूसर अपनी शुरुआत कर रही हैं। वैसे तो वे पिछले 25 सालों से लीडिंग एक्ट्रेस हैं, लेकिन यह फिल्म उनके करियर में एक खास कदम है। उन्होंने बतौर प्रोड्यूसर अपने डेब्यू प्रोजेक्ट के लिए एक अनोखे जॉनर, एक मिस्ट्री थ्रिलर को चुना है। द बकिंघम मर्डर्स ने बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में अपने ग्लोबल प्रीमियर के साथ अपनी इंटरनेशनल अपील दिखाई है। इसे वहां शानदार रिव्यू और फीडबैक मिला है। यह फिल्म 2023 मुंबई फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाई गई है। इस फिल्म में करीना कपूर खान वह एक गंभीर पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रही हैं, जो मुश्किल हालात से जूझती है। ट्रेलर देख पहले ही पता चल गया है कि यह एक बहुत ही एंटरटेनिंग और सस्पेंस से भरी थ्रिलर होने वाली है। यह फिल्म एंटरटेनमेंट की दुनिया के दो बड़े नाम, प्रोड्यूसर एकता कपूर और करीना कपूर खान के बीच होने वाला एक और कॉलेबोरेशन है। वीरे दी वेडिंग और क्रू जैसी पॉपुलर कॉमेडी ड्रामा बनाने के बाद, यह जोड़ी अब एक नए जॉनर को एक्सप्लोर कर रही है।



### हर्षवर्धन राणे की सनम तेरी कसम का बनेगा सीक्वल

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे की फिल्म सनम तेरी कसम के सीक्वल की घोषणा कर दी गयी है। वर्ष 2016 में रिलीज हुई फिल्म सनम तेरी कसम की खूब तारीफ हुई थी, वहीं अब मेकर्स ने घोषणा कर दी है कि वे बहुत ही जल्द सनम तेरी कसम 2 भी लेकर आ रहें हैं। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर सनम तेरी कसम 2 का ऐलान करते हुए कैप्शन में लिखा सनम तेरी कसम 2 बन रही है, एक शानदार प्रेम कहानी के बाद हम एक और बेहतरीन कहानी के साथ वापसी कर रहें हैं, अन्य जानकारियों के लिए हमारे साथ जुड़े रहिए। सनम तेरी कसम 2 के लिए अभिनेता हर्षवर्धन राणे का नाम कन्फर्म हो चुका है, जो पहले पार्ट से भी थे, लेकिन अभिनेत्री कौन होंगी इसकी जानकारी अभी नहीं दी गई है।

### गांधारी में काम करेंगी तापसी पन्नू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू फिल्म गांधारी में काम करती नजर आएंगी। तापसी पन्नू की आगामी फिल्म गांधारी है, जिसकी अनाउंसमेंट सोशल मीडिया पर एक वीडियो और फोटो के साथ की गयी है। गांधारी के क्लिप में देखा जा सकता है कि बैकग्राउंड वॉइस में तापसी ने कहा कहते हैं मां की दुआ हमेशा साथ चलती है, लेकिन जब उसकी बच्ची पर आती है तो काली भी वही बनती है। वीडियो के साथ एक तस्वीर भी शेयर की गई है, जिसमें तापसी पन्नू और कनिका ढिल्लों साथ में पोज दे रहे हैं। ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में तापसी लाजवाब लग रही हैं, वहीं कनिका ब्लैक लुक में दिख रही हैं। तापसी के सामने लगे टेबल पर स्क्रिप्ट रखी हुई है। फिल्म अनाउंसमेंट पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा गया, हसीन राइटर और एक्ट्रेस दोबारा वापसी कर रही हैं। तापसी पन्नू की फिल्म गांधारी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म की रिलीज डेट और बाकी स्टार कास्ट की अनाउंसमेंट नहीं हुई है। कनिका ढिल्लों फिल्म गांधारी का निर्माण कर रही हैं।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### अभिनेता जेम्स अर्ल जोन्स का निधन

**वाशिंगटन।** हॉलीवुड के सुप्रसिद्ध अभिनेता, जेम्स अर्ल जोन्स का मंगलवार सुबह न्यूयॉर्क के डचेस काउंटी में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। जेम्स अर्ल जोन्स के बेटे मार्क हैमिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर जोन्स की मौत की खबर साझा की। जेम्स महान अभिनेताओं में से एक थे। जोन्स ने एमी, ग्रैमी, ऑस्कर और टोनी जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड भी जीते थे।

### अमिताव ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज की दौड़ में

**लंदन।** प्रसिद्ध भारतीय लेखक अमिताव घोष का नाम मंगलवार को 'ब्रिटिश एकेडमी बुक प्राइज फॉर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग 2024' के संभावित विजेताओं में चुना गया। यह कथेतर (नॉन फिक्शन) साहित्य के क्षेत्र में प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है जिसमें 25,000 पाउंड की इनाम राशि प्रदान की जाती है। घोष की कृति 'स्मोक एंड एशेज: ओपियम्स हिडेन हिस्ट्रीज' का मुकाबला पांच अन्य कृतियों के साथ है।

### अभिनेत्री सुमी बोरा सहित छह को लुकआउट नोटिस

**गुवाहाटी।** असमिया अभिनेत्री सुमी बोरा, उनके फोटोग्राफर पति, भाई और उसकी पत्नी तथा दो अन्य के खिलाफ करोड़ों रुपये के शेयर बाजार ट्रेडिंग घोटाले के सिलसिले में एक लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। डिब्रूगढ़ के पुलिस अधीक्षक राकेश रेड्डी ने कहा कि अभिनेत्री, उसके पति तारिक बोरा, भाई राजीब बोरा और उसकी पत्नी जिंकी तथा दो अन्य के लिए सर्कुलर जारी किया गया है।

### सड़क हादसे में सीआरपीएफ के चार जवान घायल

**कठुआ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में मंगलवार को सीआरपीएफ का एक वाहन पलट जाने से चार जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बिलावर जा रहे दल का हिस्सा थे। जवानों को ले जा रहा एक वाहन बिलावर के निकट पलट गया, जिससे चार जवान घायल हो गए। जवानों को बाद में इलाज के लिए बिलावर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानांतरित कर दिया गया।

### गाजा पर इजराइली हमले में 19 लोगों की मौत

**देर अल-बला, एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह मानव आबादी वाले एक क्षेत्र में तम्बुओं वाले एक शिविर पर इजराइली हमले में कम से कम 19 लोगों के मारे जाने की पुष्टि करता है। हमास संचालित सरकार के तहत काम करने वाले सिविल डिफेंस ने पहले कहा था कि मंगलवार सुबह हुए हमले में 40 लोग मारे गए हैं। हालांकि, इजराइली सेना ने कहा कि उसने आतंकवादियों के एक समूह को लक्षित कर हमला किया था।

### चीन में एमपॉक्स टीके के परीक्षण को मंजूरी

**बीजिंग।** चीन के शीर्ष औषधि नियामक ने स्थानीय दवा कंपनी 'सिनोफार्म' द्वारा विकसित 'एमपॉक्स' टीके के क्लीनिकल परीक्षण को मंजूरी दे दी है, जो घातक बीमारी से लड़ने के लिए देश की पहली प्रायोगिक खुराक हो सकती है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि घरेलू टीका निर्माता से 'एमपॉक्स' संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

### उप्र, उत्तराखंड समेत कई राज्यों में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली।** देश के मध्य और उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों में बुधवार को भारी वर्षा होने के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारियों ने कहा कि मध्य प्रदेश में बुधवार को भारी वर्षा होने का अनुमान है। मध्य प्रदेश में अगले सात दिनों के दौरान, मंगलवार तथा बुधवार को विदर्भ, कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र के घाटी क्षेत्र और गुजरात क्षेत्र में, 14-16 सितंबर को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा के आसार हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर 11 से 13 सितंबर और हरियाणा में गुरुवार को बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

### गूगल को 2.4 अरब यूरो के जुर्माने पर राहत नहीं

**लंदन।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल पर प्रतिस्पर्धा मानकों के उल्लंघन पर यूरोपीय आयोग की तरफ से लगाए गए 2.4 अरब यूरो के जुर्माने के आदेश को ऊपरी अदालत ने मंगलवार को बरकरार रखा। इंटरनेट पर सर्च के दौरान खरीद सुझावों को प्रतिद्वंद्वियों पर अवैध बढ़त देने के मामले में गूगल पर 2.4 अरब यूरो का जुर्माना लगा था।

# वैश्विक मंच पर भारत को अनदेखा नहीं कर सकते

ह्यूस्टन, एजेंसी



- कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत के बढ़ते प्रभाव को किया रेखांकित

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने यहां राइस यूनिवर्सिटी के बेकर इंस्टीट्यूट में संवाद के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक शक्ति के तौर पर भारत के महत्व पर जोर दिया। थरूर ने कहा कि भारत में जो कुछ हो रहा है वह दुनिया की आबादी के छठे हिस्से को प्रभावित करता है। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने विस्तार से कहा कि क्रय शक्ति के मामले में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया के मंच पर अब इसे नजरअंदाज या कम करके नहीं आंका जा सकता है।

भारत के वैश्विक प्रभाव के बारे में दमदार तरीके से अपनी बात रखते हुए थरूर ने रेखांकित किया कि किस प्रकार विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश तथा सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय उसे वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है। कार्यक्रम की मध्यस्थता संस्थान के निदेशक एवं लेबनान एवं तुर्किये में अमेरिका के पूर्व राजदूत डेविड सैटरफील्ड ने की। थरूर छह से आठ सितंबर तक हुए जयपुर साहित्य महोत्सव के सातवें संस्करण में एक प्रख्यात लेखक एवं वक्ता के तौर पर ह्यूस्टन की यात्रा पर थे। उन्होंने भारत के समक्ष मौजूद भूराजनीतिक चुनौतियों विशेषकर चीन, पाकिस्तान और अमेरिका के साथ संबंधों पर भी अपने विचार रखे।

# फिंगरप्रिंट स्कैम : रखें सावधानी वरना खाली हो जाएगा खाता



तकनीक के विकास और हर व्यक्ति तक तेजी से बढ़ती इंटरनेट की पहुंच ने लोगों के कई कामों को आसान कर दिया है। बीते कुछ सालों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) ने अपना दायरा बढ़ाया है। तकनीक आम आदमी की सुविधा के लिए होती है लेकिन परेशानी की बात यह है कि स्कैमर्स इसका इस्तेमाल लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए कर रहे हैं। अब लोगों को ठगने के लिए एक नया तरीका निकाला। वे लोगों के फिंगरप्रिंट चोरी कर बैंक खातों को खाली कर दे रहे हैं। हैकर्स फिंगरप्रिंट चुराने का काम कर रहे हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही से बैंक अकाउंट खाली हो सकता है।

### सोशल अकाउंट से फिंगरप्रिंट की चोरी

बता दें कि हैकर्स लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई फोटो से ही उनके फिंगरप्रिंट चोरी करते हैं। वह लोगों के फिंगरप्रिंट का एक क्लोन तैयार करते हैं। इसके बाद तैयार किए गए फिंगरप्रिंट के जरिए लोगों के साथ ठगी करते हैं। साइबर अपराधी स्कैम करने के लिए लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट की मदद लेते हैं। सोशल मीडिया पर जिन लोगों ने अच्छी गुणवत्ता की फोटो डाल रखी होती है, उनकी फोटो से वे अंगुलियों की छाप या फिंगरप्रिंट डाउनलोड कर लेते हैं।

### ठगी से बचने के लिए करें ये काम

मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और उन्हें नियमित रूप से बदलें। दो-कारक प्रमाणीकरण सक्षम करें। सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करने से बचें। अपने डिवाइस पर एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर स्थापित करें। संदिग्ध लिंक या संलग्नक पर क्लिक न करें। अपनी सोशल मीडिया जानकारी को निजी रखें। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की गोपनीयता सेटिंग्स को सुरक्षित रखें। अपने अकाउंट की नियमित जांच करें और संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें। फ़िशिंग हमलों से बचने के लिए सावधान रहें।

### बना लेते हैं फिंगरप्रिंट का क्लोन

फिंगरप्रिंट चोरी करने के बाद हैकर्स उसका क्लोन बनाते हैं और फिर लोगों को ठगने का काम शुरू करते हैं। स्कैमर्स आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम की मदद लेते हैं और क्लोन फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल करते हैं।

### यह तरीक अपनाते हैं स्कैमर्स

- फ़िशिंग हमले : स्कैमर्स आपको एक नकली वेबसाइट या लिंक पर क्लिक करने के लिए कहते हैं जो आपकी सोशल मीडिया जानकारी चोरी करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- मैलवेयर और वायरस : स्कैमर्स मैलवेयर या वायरस से संक्रमित लिंक या संलग्नक भेज सकते हैं जो आपके डिवाइस पर आपकी जानकारी चोरी करने के लिए डिज़ाइन हैं।
- पब्लिक वाई-फाई नेटवर्क : सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करते समय, स्कैमर्स आपकी जानकारी चोरी करने के लिए आपके डिवाइस पर हमला कर सकते हैं।
- डेटा उल्लंघन : स्कैमर्स डेटा उल्लंघन के माध्यम से आपकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं : शाह

## साइबर अपराध समन्वय केंद्र के स्थापना दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए मंगलवार को कहा कि देश की प्रगति साइबर सुरक्षा के बिना संभव नहीं है। शाह ने एक कार्यक्रम में यह भी कहा कि साइबर अपराध की कोई सीमा नहीं होती और इसलिए यह जरूरी है कि सभी पक्ष मिलकर इस समस्या से निपटें।



समारोह के दौरान गुजरात पुलिस को प्रमाण पत्र देते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

उन्होंने यहां भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा है। हमें साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी क्योंकि साइबर सुरक्षा के बिना देश की प्रगति संभव नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार भारत में साइबर अपराधों से निपटने के लिए अगले पांच साल में 5,000 साइबर कमांडो को प्रशिक्षित करने और उन्हें तैयार करने की योजना बना रही है। साइबर क्षेत्र को सुरक्षित बनाने पर जोर देते हुए शाह ने कहा कि दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन हो रहे हैं। उन्होंने देश में साइबर अपराध से निपटने के लिए चार प्लेटफॉर्म का उद्घाटन भी किया।

### साइबर सुरक्षा क्या है

साइबर सुरक्षा, सिस्टम, नेटवर्क और प्रोग्राम को डिजिटल हमलों से बचाने का अभ्यास है। इन साइबर हमलों का उद्देश्य आमतौर पर संवेदनशील जानकारी तक पहुंचना, उसे बदलना या नष्ट करना, रैनसमवेयर के ज़रिए उपयोगकर्ताओं से पैसे ऐंठना या सामान्य व्यावसायिक प्रक्रियाओं को बाधित करना होता है। आज प्रभावी साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करना विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि लोगों की तुलना में डिवाइस अधिक हैं और हमलावर अधिक नवीन होते जा रहे हैं। कंप्यूटर, नेटवर्क, प्रोग्राम या डेटा पर सुरक्षा की कई परतें फैली होती हैं जिन्हें कोई सुरक्षित रखना चाहता है।

### दिल्ली में स्थापित है समन्वय केंद्र

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र नई दिल्ली में स्थित है और अक्टूबर 2018 में इसकी स्थापना की योजना अनुमोदित की गई थी। यह केंद्र देश में साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय की एक पहल है। इसका उद्देश्य नागरिकों के लिए साइबर अपराध से जुड़े मामलों से निपटने में मदद करना है।

# स्पेसवॉक के लिए रवाना हुए उद्योगपति इसाकमैन

**केप केनावेरल।** उद्योगपति जेयर्ड इसाकमैन ने मंगलवार को एक बार फिर अंतरिक्ष में जाने का साहस दिखाया और उनकी इस अंतरिक्ष यात्रा का उद्देश्य पहली बार निजी तौर पर अंतरिक्ष में चहलकदमी करना है। इसाकमैन ने अपनी पिछली चार्टर्ड उड़ान के विपरीत इस बार स्पेसएक्स के साथ लागत साझा की है, जिसमें नए स्पेससूट विकसित करना और उनका परीक्षण करना शामिल है। यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है, तो यह पहली बार होगा जब निजी नागरिक अंतरिक्ष में चहलकदमी (स्पेसवॉक) करेंगे, लेकिन वे कैप्सूल से दूर नहीं जाएंगे। 'स्पेसवॉक' को अंतरिक्ष उड़ान के सबसे जोखिम भरे हिस्सों में से एक माना जाता है। पूर्ववर्ती सोवियत संघ ने 1965 में अपने अंतरिक्षयान का हैच खोला था।

# रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी : जयशंकर

बर्लिन, एजेंसी



- विदेश मंत्री ने कहा-यदि वे चाहें तो भारत सलाह देने को इच्छुक
- जर्मन विदेश मंत्रालय के राजदूत सम्मेलन के दौरान की टिप्पणी

युद्ध के मैदान में यूक्रेन संघर्ष का समाधान नहीं हो सकने का दावा करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि रूस और यूक्रेन को बातचीत करनी ही होगी और यदि वे सलाह चाहते हैं तो भारत सलाह देने का सदैव इच्छुक है। जयशंकर ने यहां जर्मन विदेश मंत्रालय के वार्षिक राजदूत सम्मेलन में सवालों का जवाब देते हुए यह टिप्पणी की। एक दिन पहले उन्होंने सऊदी अरब की राजधानी में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ 'सार्थक वार्ता' की थी। उन्होंने कहा कि हमें नहीं लगता है कि इस संघर्ष का युद्ध के मैदान में हल होने वाला है। कहीं न कहीं, कुछ बातचीत तो होगी ही। जब कोई बातचीत होगी, तो मुख्य पक्षों -रूस और यूक्रेन को उस बातचीत में शामिल होना ही होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस एवं यूक्रेन यात्राओं का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय नेता ने मास्को और कीव में कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें नहीं लगता है कि आपको रणभूमि में कोई समाधान मिलने जा रहा है। हमारा मानना है कि आपको बातचीत करनी होगी .... यदि आप सलाह चाहते हैं तो हम उसे देने के लिए सदैव इच्छुक हैं। जयशंकर ने कहा कि हमने क्वाड में फिर प्राण फूंका है। यह एक बड़ा कूटनीतिक मंच है तथा भारत उसके प्रति कटिबद्ध है। गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यह कहते हुए तीन देशों के साथ भारत का भी नाम लिया था कि वह यूक्रेन संघर्ष के सिलसिले में उनके संपर्क में हैं और वे वाकई में इसका समाधान करने की ईमानदार कोशिश कर रहे हैं। व्लादिवोस्टोक में पूर्वी आर्थिक मंच के पूर्ण सत्र में पुतिन ने कहा था, यदि यूक्रेन वार्ता को आगे ले जाने को इच्छुक है तो मैं ऐसा कर सकता हूं।

# यूक्रेन ने रूस पर किए 140 से अधिक ड्रोन हमले

मॉस्को, एजेंसी

- मॉस्को सहित रूस के कई क्षेत्रों को निशाना बनाया

यूक्रेन द्वारा दागे गए 140 से अधिक ड्रोन ने रात भर में राजधानी मॉस्को सहित कई क्षेत्रों को निशाना बनाया जो रूस के खिलाफ देश के अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक है। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि मॉस्को के पास रामेंस्कोए शहर में ड्रोन ने दो बहु-मंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया जिससे उनमें आग लग गई। यह इस महीने रूस पर दूसरा बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला था।

एक सितंबर को रूसी सेना ने कहा था कि उसने एक दर्जन से अधिक रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए 158 ड्रोन को मार गिराया है, जिसे रूसी मीडिया ने युद्ध की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा यूक्रेनी ड्रोन हमला बताया था। रूस की जांच समिति ने एक आतंकवादी हमले के रूप में वर्णित इस हमले की आपराधिक जांच की घोषणा की थी। मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने कहा कि सोमवार को मॉस्को में हुए ड्रोन हमले का मलबा शहर के बाहरी इलाके में एक निजी घर पर जा गिरा, लेकिन इसमे कोई हताहत नहीं हुआ, उन्होंने मॉस्को की ओर बढ़ रहे दर्जनों ड्रोन को देखा जिन्हें शहर के करीब आते ही सेना ने मार गिराया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने नौ रूसी क्षेत्रों में यूक्रेन द्वारा दागे गए कुल 144 ड्रोन को मार गिराया। इस बीच संयुक्त राष्ट्र के अनुसार रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलों, ग्लाइड बमों और अपने ड्रोन से हमला किया है, जिसमें 10,000 से अधिक नागरिकों की मौत हो चुकी है।

# विंग कमांडर के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज

**श्रीनगर।** वायुसेना की एक महिला 'फ्लाइंग' अधिकारी द्वारा बलात्कार की शिकायत किए जाने के बाद एक विंग कमांडर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वायुसेना के दोनों अधिकारी फिलहाल श्रीनगर में तैनात हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत के बाद शनिवार को मध्य कश्मीर के बडगाम थाने में 'कानून की संबंधित धाराओं' के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। वायुसेना ने कहा है कि वह इस मामले में पुलिस के साथ सहयोग कर रही है।

# बहुपक्षवाद में सुधार के लिए भारत प्रतिबद्ध : पर्वतनेनी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- भारत के राजदूत ने दिया संरा प्रमुख गुतारेस को आश्वासन

संयुक्त राष्ट्र में भारत के नए स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने यहां संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस को अपना परिचय पत्र सौंपते हुए इस विश्व निकाय में बहुपक्षवाद में सुधार और इसके पुनरुद्धार के प्रति अपने देश की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

हरीश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को अपना परिचय पत्र प्रस्तुत करते हुए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व करना बहुत गर्व और बड़ी जिम्मेदारी की बात है। उन्होंने भारत के प्रति मित्रता और समर्थन के लिए गुतारेस का आभार भी जताया। गुतारेस ने कहा कि भारत, संयुक्त राष्ट्र में लोकतांत्रिक व्यवस्था का एक मूलभूत स्तंभ है और भारत व संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग अनुकरणीय है। हमें विश्वास है कि आपकी उपस्थिति में यह और भी मजबूत हो जाएगा।

# ब्रिक्स देशों ने दिया श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा पर जोर

**नई दिल्ली।** ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के संगठन- ब्रिक्स ने श्रमिकों के लिए आजीवन सीखने की व्यवस्था करने, व्यवसायिक मार्गदर्शन, व्यावसायिक शिक्षा, सेवाओं के आधुनिकीकरण, कार्यस्थल पर सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर जोर दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रूस के सोची में ब्रिक्स देशों की मंत्रिस्तरीय बैठक हुई जिसमें भारत का नेतृत्व केंद्रीय श्रम और रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने किया। दो दिन की बैठक का समापन आज हुआ।

# मोदी का डर अब इतिहास बना : राहुल

वाशिंगटन, एजेंसी



- कहा-लोस चुनाव में सभी के लिए समान अवसर नहीं थे

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इस बार भारत में आम चुनाव के नतीजों ने मोदी का विचार ध्वस्त कर दिया और प्रधानमंत्री द्वारा पैदा किया गया डर गायब हो गया तथा इतिहास बन गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल अभी अमेरिका की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने सोमवार को यहां प्रतिष्ठित जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी और वाशिंगटन डीसी के वर्जीनिया के एक उपनगर हर्नडॉन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए सभी को समान अवसर उपलब्ध नहीं थे और दावा किया कि भाजपा की अगुवाई में सत्तारूढ़ गठबंधन ध्वस्त हो गया। राहुल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद चीजें बदल गई हैं।

**संघ के लिए कुछ धर्म, भाषाएं तुच्छ :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इसी बात की लड़ाई लड़ी जा रही है।

### मोदी से नफरत नहीं मेरी वैचारिक लड़ाई

राहुल गांधी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नफरत नहीं करते बल्कि उनसे उनकी वैचारिक लड़ाई है और वह इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे। गांधी ने यहां जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में छात्रों के साथ बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री से उनकी वैचारिक और राजनीतिक लड़ाई है और इस लड़ाई को वह लगातार लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं मोदी का अपना एक दृष्टिकोण है और मैं इस दृष्टिकोण से असहमत हूं, लेकिन मैं उससे नफरत नहीं करता।

# भारत के साथ साझेदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण निवेश

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट ने कहा-हम द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए कर रहे काम

अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने कहा है कि अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण निवेश किया है और द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने के लिए एक मजबूत 'एजेंडे' पर काम कर रहा है।

कैलिफोर्निया में भारत-अमेरिका रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र (इंडस-एक्स) शिखर सम्मेलन में सोमवार को कैंपबेल ने कहा कि वाशिंगटन और नई दिल्ली में पूर्ववर्ती प्रशासनों ने साझेदारी को अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए समय और राजनीतिक पूंजी का निवेश किया है। कैंपबेल ने कहा, ''अमेरिका ने भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने में महत्वपूर्ण निवेश किया है और हम शेष वर्ष के लिए सहयोग को गहरा करने के लिए न सिर्फ कूटनीतिक रूप से, बल्कि महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पर पहल (आईसीईटी) के माध्यम से भी एक मजबूत 'एजेंडे' पर काम कर रहे हैं। शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि हमारे रक्षा प्रतिष्ठानों, अनुसंधान संस्थानों, निजी उद्योग और स्टार्टअप्स के पास प्रतिभा की गहरी उपलब्धता और नवाचार के लिए ललक है, यही वजह है कि इंडस-एक्स को नए विचारों के लिए डिजाइन किया गया था।'

अजब-गजब

## मेघालय के मुख्यमंत्री का रॉकस्टार अंदाज़, बेहद स्टाइलिश, देते हैं मंचीय प्रस्तुति

# गिटार बजाते, झूम के गाते, जनता को भाते....

शैलेश अवस्थी, शिलांग

**अमृत विचार :** मेघालय के बेहद स्टाइलिश मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा का रॉकस्टार अंदाज़ भी यहां की जनता को बहुत ही भा रहा है। वह मंच पर, पार्टियों में अक्सर गिटार, पियानों बजाते, गाते और झूमते देखे जा सकते हैं। इन सबके बीच राजकाज ही उनकी प्राथमिकता है।

दिल्ली और विदेश में पढ़े कोनराड के संगमा को बाइक राइडिंग, गाने, गिटार और पियानों बजाने का शौक भी है। परंपरागत त्यौहार के दौरान मंच पर और पार्टियों में प्रस्तुति देते देखे जाते हैं। वह सूट, जैकेट, कुर्ता-पैजामा, सदरी, परंपरागत पोशाक और स्टाइलिश कपड़े पहनते हैं। उन्हें मेघालय की स्थानीय भाषाओं के अलावा हिंदी और अंग्रेजी का भी ज्ञान है। वह हिंदी गाने भी उसी लय से गाते जैसे अंग्रेजी के। आयरन मेडन उनका पसंदीदा बैंड है। उनका यह अज़ब-गज़ब अंदाज उनके फैंस को उनका दीवाना बनाता है। वह खास त्योहारों, समारोहों और आयोजनों में जनता के बीच पहुंच घुलमिल जाते हैं। शायद यही कारण है कि वह अरसे से मेघालय की राजनीति में अगुआ बने हुए हैं।

इस सबके बीच उनकी प्राथमिकता जनता और राजकाज ही है। उन्होंने दो बार अपने दम पर मेघालय में सरकार बनाई और मुख्यमंत्री भी बने हैं। उनके पिता पीए संगमा बड़े नेता थे, केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। कांग्रेस से मतभेद के बाद शरद पवार के साथ एनसीपी में शामिल हो गए। उनसे अलग होने के बाद अपनी एनपीपी पार्टी बनाई और मेघालय की तुरा सीट से लोकसभा सदस्य बने। उनकी मृत्यु के बाद पार्टी की कमान उनके बेटे कोनराड संगमा ने संभाली। 2018 में मुख्यमंत्री बने। 2023 में फिर अधिक सीटें पाकर दोबारा मुख्यमंत्री बने। इस बार उन्हें भाजपा का भी समर्थन प्राप्त है। वह केंद्र सरकार से सामंजस्य रखते हैं। नौकरशाही पर नियंत्रण है, लेकिन कभी-कभी खास समारोहों में वह अफसरों के साथ थिरकते भी हैं।




- बेहद लोकप्रिय, जन-जन से संवाद, नौकरशाही पर नियंत्रण, विकास कार्य पर ध्यान

### राजनीति के चतुर खिलाड़ी....

राजनीति तो कोनराड के संगमा को विरासत में मिली है। 46 साल के संगमा ने 1990 में अपने पिता का चुनाव प्रबंधन देखा था। 2008 में विधानसभा सदस्य बने और सबसे युवा वित्तमंत्री भी। एक साल बाद विपक्ष के नेता। पिता की मृत्यु के बाद तुरा सीट से उप चुनाव में सांसद बने। वह भाजपा के करीब आए पर अपनी पार्टी को मजबूत करते रहे। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा दिल्ली से प्राप्त करने के बाद उच्च शिक्षा (बीबीए और एमबीए) विदेश से किया। वित्त में भी विशेषज्ञ डिग्री हासिल की।

### पूरा कुनबा ही राजनीति में....

संगमा के पिता केंद्रीय मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष रहे। बड़े भाई जेम्स संगमा मेघालय सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे। बहन आगस्था संगमा लोकसभा सदस्य और केंद्र की मनमोहन सरकार में राज्यमंत्री रहीं। अब पत्नी भी उपचुनाव में उतरने की तैयारी कर रही हैं।